राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-263
लखनऊ, सोमवार 13 मई, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

इंडी गठबंधन व पाक का डीएनए एक : योगी आदित्यनाथ 03

पीओके भारत का है, हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह 12

पीएम नरेन्द्र मोदी ने बंगाल के हावड़ा में चुनावी जनसभा में टीएससी, कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन पर बोला हमला

टीएमसी ने घोटालों को बनाया व्यवसाय

एजेंसी

कोलकाता। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के हावड़ा में चुनावी जनसभा में टीएससी, कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि टीएमसी ने घोटालों को अपना फुल टाइम बिजनेस बना लिया है। कांग्रेस हो, लेफ्ट हो या इंडी गठबंधन की कोई और पार्टी, भ्रष्टाचार इनका कॉमन कैरेक्टर है।

रविवार को हावड़ा में चुनावी जनसभा में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि तृणमूल घोटालों की ओपन इंडस्ट्री चलाती है। बंगाल का लॉटरी स्कैम इसका बड़ा उदाहरण है। इस लॉटरी घोटाले के पीछे तृणमूल के करप्ट नेता हैं। ये दूर-दूर तक फैले हुए हैं, लेकिन तृणमूल सरकार उन्हें भी बचा रही है। मोदी ने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार में हमारी बहनें सुरक्षित नहीं हैं। यहां महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। संदेशखाली में क्या हुआ, पूरे देश ने देखा। बेटियों के गुनहगारों को बचाने में तृणमूल की पूरी सरकार लग गई। आज आरोपित सीबीआई की गिरफ्त में है लेकिन तृणमूल अभी भी उसके लिए बैटिंग कर रही है। मोदी ने कहा कि तृणमूल सरकार केंद्र की योजनाओं में भी लूट-खसोट की पूरी कोशिश कर रही है। भाजपा सरकार गरीबों को प्रधानमंत्री आवास देती है, लेकिन बंगाल में तृणमूल सरकार केवल उन्हीं लोगों को पैसा देती है, जो या तो तृणमूल से जुड़े हैं या तृणमूल वालों को कट देते हैं। हमने हर घर जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन शुरू किया, लेकिन बंगाल सरकार उसमें भी भ्रष्टाचार कर रही है। ये लोग राजनीतिक फायदे के लिए बंगाल की जनता को पानी के लिए तड़पा रहे हैं।

गरीबों का हक मारने वाली तृणमूल को आप 20 मई को जबरदस्त सजा दीजिए और उखाड़ कर फेंक दीजिए। उन्होंने कहा कि तृणमूल सरकार की प्राथमिकता आप लोगों का हित नहीं है, तृणमूल का एजेंडा है घुसपैठिए का भला करना। ये लोग घुसपैठिए को बंगाल में कब्जा दिलाते हैं। वोटबैंक की राजनीति के लिए कांग्रेस, लेफ्ट और तृणमूल ने बंगाल की पहचाना को दांव पर लगा दिया है। कई इलाकों में यहां के लोग अल्पसंख्यक हो गए हैं। मोदी ने कहा कि तृणमूल के विधायक खुलेआम हिंदुओं को धमकी देते हैं। वो हिंदुओं को भागीरथी में डूबोने की बात करते हैं और तृणमूल उसे सही बताती है। तुष्टीकरण का ऐसा खुला खेल यहां चल रहा है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे देश में सबकी संपत्ति की जांच करवाना चाहते हैं। वो आपकी संपत्ति की जांच कराएंगे। ये लोग आपकी की संपत्ति में आधा हड़पने की बात कह रहे हैं।

पीएम के रोड शो में दिखेगी मिनी भारत की झलक

पीएम मोदी के नामांकन में 12 सीएम-20 मंत्री शामिल होंगे

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार 14 मई को तीसरी बार वाराणसी से नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा इसमें एकजुटता दिखाने की कोशिश करेगी। इस दौरान सभी पार्टियों के लीडर मौजूद रहेंगे। 12 राज्यों के मुख्यमंत्री और 20 केंद्रीय मंत्री, यूपी सरकार के मंत्री और कई सांसद और विधायक भी शामिल होंगे। नामांकन से एक दिन पहले सोमवार को पीएम मोदी बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से काशी विश्वनाथ मंदिर तक रोड शो करेंगे। भाजपा इस रोड शो में मिनी भारत की झलक दिखाएगी।

विरोधी शक्तियां भारत को बनाना चाहती हैं कमजोर : धामी

यह चुनाव दुनिया में भारत के लिए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का चुनाव

देहरादून/मुम्बई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को ईस्ट मुम्बई में एक चुनावी कार्यक्रम में कहा कि कुछ देश विरोधी शक्तियां विदेशी ताकतों के साथ मिलकर भारत को कमजोर बनाना चाहती हैं। कांग्रेस देश के विरोध करने के साथ ही सेना का विरोध करने पर उतारू है। रविवार को पार्लेश्वर रोड, विले वार्ले, ईस्ट मुम्बई में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह पार्टी उम्मीदवार उज्ज्वल निकम के पक्ष में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे उत्तराखंड की टोपी को जन जन तक पहुंचाया है। आगामी चुनाव देश के उज्जवल भविष्य, विकसित भारत के संकल्प, भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का चुनाव है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड को देवभूमि और वीरभूमि के नाम से जाना जाता है। जनता के आशीर्वाद से पूरे देश के अंदर प्रधानमंत्री मोदी की लहर है। कुछ देश विरोधी शक्तियां विदेशी ताकतों के साथ मिलकर भारत को कमजोर बनाना चाहती हैं। परंतु पूरे देश ने प्रधानमंत्री मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले लिया है।

सपा और कांग्रेस की विचारधारा राम विरोधी : योगी

बहराइच समृद्धि न्यूज़। लोकसभा कैसरगंज भाजपा प्रत्याशी करन भूषण सिंह के प्रचार में रविवार को पयागपुर के जूनियर हाईस्कूल ग्राउंड में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन हुआ। कैसरगंज लोकसभा के लिए यह योगी की पहली चुनावी सभा थी। पयागपुर विधानसभा के तीनों ब्लाक विशेश्वरगंज, हुजूरपुर व पयागपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं के जनसैलाब से नगर पंचायत पयागपुर भगवामय हो गई। योगी ने कहा आज नया भारत का ये नया उत्तर प्रदेश दंगाइयों और कर्फ्यू लगाने वालों के साथ कैसे निपटता है, ये तो आप भी देख रहे होंगे। इस दौरान सीएम ने कांग्रेस व सपा पर भी जमकर निशाना साधते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस राम विरोधी विचारधारा से भरी हुई है जो 70 साल में कांग्रेस सरकार ने और सपा की सरकार ने कभी नहीं सोचा होगा वह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल में कर दिखाया।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान आज सभी तैयारियां पूरी

समृद्धि न्यूज

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं जम्मू-कश्मीर समेत 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इसमें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की सभी लोकसभा सीटें शामिल हैं। इसी चरण में आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। वहीं चार चरणों में घोषित 147 सदस्यों वाली ओडिशा विधानसभा की 28 सीटों पर भी मतदान होगा।

चुनाव आयोग के मुताबिक सोमवार को चौथे चरण के मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में 17.7 करोड़ मतदाताओं के लिए कुल 1.92 लाख मतदान केंद्र बनाए हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि तापमान सामान्य रहेगा। अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तेलंगाना में मतदान का समय बढ़ाया गया है। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगा।

इस चरण में आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की सभी 17 सीटों, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल की 8, मध्य प्रदेश की 8, बिहार की 5, झारखंड और ओडिशा की 4-4 सीटों और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा। अभी तक तीन चरणों में 20 राज्यों की 283 सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है। मतदान एक जून तक सात चरणों में पूरा होगा और 4 जून को नतीजे आएंगे। चौथे चरण के मतदान में 63 सीटें सामान्य, 20 अनुसूचित जाति और 12 अनुसूचित जनजाति कि लिए आरक्षित हैं।

इन सीटों पर होगा मतदान

आंध्र प्रदेश की अराकू (एसटी), श्रीकाकुलम, विजयनगरम, विशाखापत्तनम, अनाकापल्ली, काकीनाडा, अमलापुरम (एससी), राजमुंदरी, नरसापुरम, एलुरु, मछलीपट्टनम, विजयवाड़ा, गुंटूर, नरसरावपेट, बापटला (एससी), ओंगोल, नंद्याल, कुरनूल, नेल्लोर, तिरुपति (एससी), राजमपेट, चित्तूर (एससी), हिंदूपुर, अनंतपुर व कडपा।

बिहार की दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगुसराय, मुंगेर।

जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर। मध्य प्रदेश की देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा।

महाराष्ट्र की नंदुरभार, जलगांव, रावेर, जालना, औरंगाबाद, मावल, पुणे, शिरूर, अहमदनगर, शिरडी और बीड।

ओडिशा की कालाहांडी, नबरंगपुर (एसटी), बेरहामपुर और कोरापुट (एसटी)।

तेलंगाना की आदिलाबाद (एसटी), पेद्दापल्ली (एससी), करीमनगर, निज़ामाबाद, ज़हीराबाद, मेडक, मल्काजगिरी, सिकंदराबाद, हैदराबाद, चेवेल्ला, महबूबनगर, नलगोंडा, नागरकुर्नूल (एससी), भोंगिर, वारंगल (एससी), महबूबाबाद (एसटी) और खम्मम।

पश्चिम बंगाल की बहरामपुर, कृष्णानगर, राणाघाट, बर्धमान पुरबा, बर्धमान-दुर्गापुर, आसनसोल, बोलपुर और बीरभूम। झारखंड की सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू।

संक्षिप्त समाचार

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 641.6 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहण अधिकार (एसडीआर) में हुई बढ़ोतरी की बदौलत 03 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.7 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 641.6 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर लगातार तीसरे सप्ताह गिरता हुआ 637.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 03 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 564.2 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 65.3 करोड़ डॉलर घटकर 54.9 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 20 लाख डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 18.1 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 14 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 4.5 अरब डॉलर पर आ गया।

रियासी में आतंकी ठिकाना ध्वस्त, गोला-बारूद बरामद

रियासी। सुरक्षा बलों ने रविवार को रियासी जिले के एक वन क्षेत्र में एक आतंकी ठिकाना ध्वस्त कर दिया। यहां से सुरक्षाबलों को नौ इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और तीन पिस्तौल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को माहौर इलाके के कोट बुधान जंगल में तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का पता लगाया। सुरक्षाबलों ने हथियार और गोला-बारूद को अपने कब्जे में लेकर इलाके में तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

फैक्ट्री पर छापा मारकर 107 करोड़ की ड्रग्स बरामद

मुंबई। मुंबई पुलिस की टीम ने रविवार को राजस्थान के जोधपुर में छापा मारकर 107 करोड़ की ड्रग्स बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसे मुंबई लाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार साकीनाका पुलिस ने मुंबई में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इन तीनों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि वे यह ड्रग राजस्थान के जोधपुर से लाये हैं। इस पर रविवार को मुंबई पुलिस ने जोधपुर में छापा मारा और मौके डेढ़ किलोग्राम एमडी ड्रग और 67 किलोग्राम एमडी ड्रग बनाने का केमिकल बरामद कर एक शख्स को गिरफ्तार किया। बरामद ड्रग की कीमत 107 करोड़ रुपये आंकी गई है।

मिर्जापुर से अनुप्रिया पटेल के सामने अब सपा के रमेश बिंद मैदान में

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने अचानक अपने टिकट में बदलाव करते हुए मिर्जापुर से अपना दल एस चीफ और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के खिलाफ बीजेपी के भदोही से मौजूदा सांसद रमेश बिंद को टिकट दे दिया है। अनुप्रिया पटेल एनडीए की प्रत्याशी हैं और वर्तमान में सांसद हैं। वे इस बार हैट्रिक लगाने की फिराक में हैं। अब देखना होगा कि रमेश बिंद उनकी राह में रोड़ा बन पाते हैं या फिर अपनादल एस का ही झंडा बुलंद होगा।

बिंद ने समाजवादी पार्टी रातों रात ज्वाइन भी कर ली। रमेश बिंद के अब मिर्जापुर से चुनाव लड़ने से मामला दिलचस्प हो गया है। मिर्जापुर में चुनावी माहौल में परिवर्तन हो गया है। बिंद का टिकट बीजेपी ने भदोही से काट दिया था। बिंद समाज का मिर्जापुर में खासा प्रभाव है। समाजवादी पार्टी ने राबर्ट्सगंज सीट से छोटे लाल खरवार को टिकट दिया है।

टैबलेट से हाजिरी भेजने में अब नहीं चलेगा बहाना

शिक्षकों को डाटा संग सिम खरीदने के शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। अब टैबलेट से छात्रों की उपस्थिति, दीक्षा पोर्टल, स्विफ्ट चेट बोर्ड से बच्चों को ऑनलाइन शिक्षण देना और निपुण लक्ष्य का आकलन इन सब कार्यों में शिक्षकों की बहानेबाजी नहीं चलेगी। शिक्षकों को स्थानीय स्तर पर डाटा के साथ सिम खरीदने के शिक्षा विभाग में निर्देश जारी किए हैं। इसके बाद शिक्षकों को अब टैबलेट से उपस्थिति समेत समस्त विवरण भेजना अनिवार्य कर दिया गया है।

सरकारी परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं में पढ़ने वाले बच्चों की ऑनलाइन शिक्षण व्यवस्था और बच्चों शिक्षकों की उपस्थिति के साथ अन्य विवरण का डाटा भेजने के लिए जनपद के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को टेबलेट बांटे गए थे। लेकिन टेबलेट मिलने के बाद शिक्षकों की मांग थी कि विभाग द्वारा सिम और डाटा उपलब्ध कराया जाए इसके बाद ही वह समस्त विवरण और बच्चों की उपस्थिति इससे भेजेंगे। शिक्षकों को उपलब्ध कराए गए टेबलेट को चलाने के लिए सिम और डाटा के लिए 2400 रुपये प्रति टेबलेट की शिक्षा विभाग ने ग्रांट भी जारी कर दी थी। बीएसए जालौन चंद्रप्रकाश के मुताबिक जिले के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को स्थानीय स्तर पर डाटा के साथ सिम खरीदने के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। अब शिक्षकों की ऑनलाइन बच्चों और स्वयं की उपस्थिति के साथ पोर्टल आदि का विवरण अपडेट करने में कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी।

छत्रपति संभाजीनगर में 39 लाख बरामद, चार लोग गिरफ्तार

मुंबई। छत्रपति संभाजीनगर में चुनाव आयोग की टीम और पुलिस ने संयुक्त रूप से एक मोबाइल की दुकान में बीती रात छापा मार कर 39 लाख रुपये जब्त किये और नोट गिनने की मशीन के साथ चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह रकम हवाला के मार्फत लाए गए थे और शहर में बांटे जाने वाले थे। पुलिस टीम मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार छत्रपति संभाजीनगर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव खर्च निरीक्षक को पैठन गेट इलाका स्थित एक मोबाइल की दुकान में चुनाव में पैसे बांटने के लिए पैसे लाए जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी।

यूपी में मिला 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 530 बम बरामद

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सख्ती से आदर्श आचार संहिता का पालन कराया जा रहा है। इसी के तहत अब तक यूपी में 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक और 530 बम बरामद हुए हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को यह बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जांच के लिए 464 अंतराज्यीय चेक पोस्ट एवं 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 11 मई तक पुलिस ने अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये। 4715 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25,01,487 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 9274 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 9346 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 530 बम बरामद कर सीज किये गये।

मणिपुर की राज्यपाल पहुंचीं रामलला के द्वार

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में श्रीराम लला का रविवार को मणिपुर राज्यपाल अनुसुइया ने दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मैं पहली बार अयोध्या आई हूं, मेरी बहुत इच्छा थी कि मैं एक बार अयोध्या जरूर जाऊं और प्रभु रामलला का साक्षात दर्शन करूं, यह सौभाग्य आज मुझे मिला है। मैं रामलला से यही प्रार्थना करती हूं कि देश में सुख शांति बनी रहे और सद्भावना की भावना बनी रहे। इससे पहले उन्हें सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल अनुसुइया ने मणिपुर में शांति बहाली के लिए रामलला से प्रार्थना की।

अस्पतालों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

मौके पर पहुंचे दमकल विभाग व सिविक एजेंसियां, बम और डॉग स्क्वायड

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने के बाद अब दो अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने इस बार भी पुराने पैटर्न को दोहराते हुए ईमेल भेजा है।

दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने के बाद अब दो अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने इस बार भी पुराने पैटर्न को दोहराते हुए ईमेल भेजा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक ये धमकी भरा मेल संजय गांधी अस्पताल और बुरारी अस्पताल के पास आया है। अस्पतालों द्वारा शिकायत मिलने के बाद मौके पर पुलिस के अलावा दमकल विभाग और तमाम सिविक एजेंसियां, बम और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंच गए हैं। अस्पताल में तलाशी अभियान जारी है। हालांकि अभी तक अस्पताल के परिसर से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिली है।

नौ एयरपोर्ट भवन में बम रखा होने की धमकी

जयपुर। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जयपुर के सहित 9 एयरपोर्ट भवन में बम रखा होने की धमकी दी गई है। धमकी देने का तरीका भी वही पुराना। एयरपोर्ट प्रशासन के ऑफिशियल ईमेल आईडी पर रविवार को ईमेल आया है। ईमेल में एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। धमकी के बाद एयरपोर्ट की सुरक्षा बढा दी गई। पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट के चप्पे चप्पे की तलाशी ली। पिछले महिने में जयपुर एयरपोर्ट को तीन दिन में दो बार धमकी भरे मेल मिले थे। हालांकि जांच में एयरपोर्ट पर कुछ नहीं मिला। हालांकि एक मामले में एयरपोर्ट पुलिस ने आरोपी को पकड़ा था। जयपुर एयरपोर्ट थानाधिकारी मोती लाल ने बताया कि यह मेल दोपहर करीब 3.03 बजे आया है।

झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को ईडी का समन

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को समन जारी किया है। आलमगीर आलम को 14 मई को पूर्वाह्न 11 बजे ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बुलाया गया है। मंत्री आलमगीर आलम को उनके पीएस के यहां से मिले लगभग 35 करोड़ रुपये को लेकर समन जारी किया गया है। ईडी ने गत छह मई को छापेमारी के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर के यहां से 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किए थे। इसके बाद ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को गिरफ्तार कर लिया था। ईडी दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। इस बीच आठ मई को ईडी की टीम संजीव लाल को लेकर झारखंड मंत्रालय प्रोजेक्ट भवन पहुंची थी। दूसरे तल्ले पर स्थित मंत्री कोषांग में संजीव के चेंबर को खंगाला था। वहां ड्रावर से 1.75 लाख रुपये नकदी मिले थे।

प्रहार

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने तनुज पुनिया के समर्थन में की जनसभा, कहा

जान व संविधान बचाना है तो भाजपा का करें सफाया

समृद्धि न्यूज

बाराबंकी। सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते कहा कि यह चुनाव लोगों के लिए आगे का भविष्य तय करेगा। लोकसभा का यह चुनाव संविधान और देश बचाने को लेकर हो रहा है। यदि जान और संविधान दोनों बचाना है तो भाजपा का सफाया करें।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर किसानों को बर्बाद करने का आरोप लगाया। अखिलेश रविवार को शहर के मौरंग मंडी के मैदान में इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। अखिलेश ने भाजपा पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक चुनाव है। यदि जान और और संविधान बचाना है तो भाजपा का सफाया करना होगा। अखिलेश यादव ने चुनाव को समुद्र मंथन की तरह संविधान मंथन बताया और कहा कि आपको और हमको अपना और आने वाली पीढ़ी का भविष्य बचाना है तो हाल में भाजपा को उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के डबल इंजन की होर्डिंग देखी होगी। एक इंजन तो उसमें पहले से ही गायब है। उन्होंने बाराबंकी के लोकसभा चुनाव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यहां तो भाजपा को अपना पहले ही अपना इंजन बदलना पड़ा। उनका इशारा भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत की बजाय राजरानी रावत को टिकट देने को लेकर था। सपा अध्यक्ष ने कहा कि गठबंधन सरकार बनने पर किसानों को आटा और मोबाइल के लिए डाटा फ्री होगा। 4 साल की अग्नि वीर वाली नौकरी की व्यवस्था खत्म कर पक्की नौकरी देंगे। किसानों का कर्ज माफ करेंगे। इस मौके पर उन्होंने गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया का हाथ उठाते हुए कहा कि इनका चुनाव निशान साइकिल नहीं बल्कि हाथ का पंजा है।

भाजपा सरकार से 17 साल का हिसाब लेना है

उन्होंने कहा कि देश का युवा बड़ी मेहनत से कोचिंग करके दूर-दूर परीक्षा देने जाता है और जब परीक्षा देकर वह घर लौटता है तो पता चलता है पेपर लीक हो गया। उन्होंने इसकी गणित समझाते हुए कहा कि करीब एक करोड़ 80 लाख लोग इसी वजह से भाजपा के खिलाफ हैं। हर परिवार से तीन लोग भाजपा से खफा हैं। यदि इनको 80 सीटों में बांट दे तो हर सीट पर भाजपा का दो लाख से अधिक वोटों का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से 17 साल का हिसाब लेना है। 10 साल का केंद्र सरकार के और 7 साल प्रदेश सरकार के। उन्होंने कहा कि हमने लैपटॉप बांटे थे और उसकी नकल करते हुए भाजपा ने उसको छोटा करते हुए टैबलेट बांट दिया। उंगली घिसते रहो यह चलता ही नहीं है।

रोगन अल्सरीन
शरीर में कहीं भी जलन हो, रक्त स्राव हो रहा हो स्तन के फोड़े में घाव हो गया हो, पुराना सिर दर्द हो, बवासीर हो।
मुंह के छाले से लेकर ऑत और आमाशय के व्रण तक इसे जल में मिलाकर पीते रहना चाहिए।
सौजन्य से-वैद्य सम्राट स्वर्ण पदक प्राप्त
बाबू गोपाल शरण गर्ग जी
विजयगढ़, अलीगढ़ (उ. प्र.)
सही दवा मिलने का पता- 9120747293
अन्सारी औषधि भण्डार जरवल रोड, बहराइच (उ.प्र.)

पोलिंग पार्टी बूथ पर रवाना, आज होगा मतदान

▸ मतदान स्थलों पर सकुशल पहुंची पोलिंग पार्टियां

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए जिले में 1638 मतदान केंद्र, 2890 मतदेय स्थल पर सोमवार को सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा। जिला प्रशासन ने सकुशल मतदान संपन्न कराने के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान कराने के लिए रविवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर से पोलिंग पार्टियों को ईवीएम, वीवीपैट समेत अन्य सामग्री देकर बूथों के लिए रवाना किया गया।

रविवार को पोलिंग पार्टी रवानगी के दौरान कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में मतदान कार्मिकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि काउंटर से ईवीएम मशीन, वीवी पैट सहित सभी जरूरी सामग्री प्राप्त कर ले। उन्होंने कहा कि सभी मतदान कार्मिक पूरी निष्पक्षता और ईमानदारी से चुनाव में सौपे गए दायित्वों का निष्पादन करें। प्रशासन मतदान स्थल पर आपकी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करेगा। कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंचकर 28ठ्ठखीरी संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी और 29 धौरहरा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी ने पार्टी रवानगी स्थल का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों से संवाद भी किया। चुनाव के लिए सोमवार को सुबह सात बजे से मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। शाम छह बजे तक चलने वाले इस मतदान में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला प्रशासन ने सकुशल मतदान संपन्न कराने के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पूर्व डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ गणेश प्रसाद साहा, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, पवन गौतम व अन्य अधिकारियों ने मतदान कर्मियों को सकुशल और बिना भेदभाव मतदान कराने की हिदायत दी।

घर के साथ ही चुनाव की भी जिम्मेदारी

लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए महिला कर्मचारियों को भी चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। ऐसे में अधिकांश महिला चुनाव कर्मी अपने बच्चों के साथ पोलिंग बूथ को रवाना हुईं। एक हाथ में ईवीएम तो दूसरे में बच्चे की उंगली संभाले इन महिलाओं का जज्बा देखने वाला था। जो घर की जिम्मेदारी के साथ ही चुनाव की जिम्मेदारी भी उठाने में पीछे नहीं दिखीं।

डीएम की अपील, लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत करें अपने मताधिकार का प्रयोग

जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर जनपद लखीमपुर खीरी के समस्त मतदाताओं से विनम्र अपील करते हुए कहा कि दिनांक ः 13 मई 2024 को अपने बूथों पर जाकर गर्व के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा अपने परिजनों को भी प्रेरित करें। लखीमपुर खीरी ने ठाना है,अबकी बार मतदान में 90 प्रतिशत के पार जाना है।

विधानसभा स्तर पर बनाया गया एक-एक महिला और दिव्यांग बूथ

जनपद खीरी में 13 मई को आयोजित लोकसभा चुनाव में मा. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में विधानसभा स्तर पर एक-एक दिव्यांग और महिला बूथ बनाए गए हैं। वहीं लोकसभा स्तर पर एक-एक युवा बूथ भी बनाया गया।

जिलाधिकारी ने दिया संदेश, 13 मई जिम्मेदारी निभाने का दिन

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

जनपद में मतदान कल है और मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन ने जी तोड़ मेहनत की है। स्वीप नोडल मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह एवम सहायक स्वीप नोडल प्राचार्य डायट बृजभूषण चौधरी के निर्देशन में इलेक्शन आइकॉन एस पी सिंह ने चुनाव से एक दिन पहले भी मतदाताओं को जागरूक करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सोशल मीडिया से लेकर पूरे लखीमपुर में चौराहे चौक पर हाथ में पट्टी लेकर घूमते रहें। सुबह जाकर पहले डीएम, सीडीओ और एस पी से मिले और पूरे लखीमपुर ने घूमने की बात कही। डीएम बोले घूमते रहिए मतदाताओं को जागरूक करते रहिए।

सीडीओ बोले मतदाताओं पर पूर्ण विश्वास, शत प्रतिशत होगा मतदान :- जिले के मुख्य विकास अधिकारी अनिल सिंह एवं जनपद के स्वीप नोडल बोले कि जनपद के मतदाताओं पर पूर्ण विश्वास है कि वह कल दिनांक 13 मई को अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे और अपने बूथ पर जाएंगे और शत प्रतिशत मतदान करेंगे।

डीएम बोले कल सभी मतदाता शत प्रतिशत करें मतदान

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने पुनः चुनाव से एक दिन पहले जनपद लखीमपुर खीरी के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि जनपद के मतदाता कल तेरा मई को अपने बूथ पर पहुंच कर शत प्रतिशत मतदान अवश्य करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी कर लोकतंत्र को मजबूत करें।

पुलिस अधीक्षक बोले निर्भीक होकर करें मतदान

जनपद के पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने जनपद के सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि निर्भीक होकर लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग ले और निर्भीक होकर मतदान करें।

खुली एक्स यू में हाथ में पट्टी लेकर घूमे इलेक्शन आइकॉन, मतदाताओं का ध्यान किया आकर्षित

इलेक्शन आईकॉन फुली एक्सयूवी में भीड़ भाड़ वाले इलाके में घूमते हुए नजर आए । जिधर से निकल रहे थे उधर से देखने वालों को यह दृश्य बड़ा आकर्षक लग रहा था मतदाताओं ने अंगूठा दिखाकर इलेक्शन आइकॉन एसपी सिंह का साहस भी बढ़ाया। कलेक्ट्रेट से होते हुए सौजन्य चौक और सौजन्य चौक से होते हुए हीरालाल धर्मशाला और वहां से संकटा देवी चौराहा होते हुए एलआरपी की तरफ गए और घंटे तक खड़े होकर हाथ में पट्टी लेकर मतदाताओं को संदेश देते रहे पट्टी पर लिखा हुआ था कल जिम्मेदारी निभाने का दिन है छुट्टी का दिन नहीं । इलेक्शन आइकॉन के साथ में शिक्षक आशीष पटेल, कुलदीप सिंह, और और स्मृति महाविद्यालय के विद्यार्थी सौरभ मौर्य भी साथ में रहे उन्होंने भी आज मतदाता जागरूकता महिम को बल दिया।अब देखना होगा जनपद का मतदान इतना मेहनत करने के पश्चात कितना प्रतिशत रहेगा , आप सभी से पुनः एक अपील सभी लोग मतदान अवश्य करें ।

खबरें एक नजर में

युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बारासगवर थाना क्षेत्र के धानीखेड़ा में किराए के मकान में रहकर पानीपूरी का व्यापार करने वाले शंभू पाल 24 पुत्र रामसहांय ने कमरे में लगे कुंडे के सहारे रस्सी से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। थाना बारासगवर क्षेत्र अंतर्गत धानीखेड़ा में शंभू पाल पुत्र रामसहांय निवासी रामपुर थाना पंडोखर जिला दतिया मध्य प्रदेश धानीखेड़ा में हृदयेश पुत्र श्रीकृष्ण के यहां किराए के मकान पर रहकर पानीपूरी का व्यवसाय करता था। जिसने शनिवार देररात किराए के कमरे में छत में लगे कुंड के सहारे रस्सी का फंदा बनाकर लटक कर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह 10 बजे तक कमरे से शंभू पाल के बाहर न आने पर मकान मालिक ने खिड़की से झांककर देखा तो उसका शव कुंडे से लटक रहा था। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मृतक के जीजा विजयराम जो भगवंतनगर रिश्तेदारी में आए थे, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। मृतक का एक बड़ा भाई राजबहादुर है, मृतक अविवाहित था।

मां-बेटी के चौथे हत्यारे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में छह दिन पूर्व हुई महिला और उसकी बेटी की हत्या में फरार आरोपी को पुलिस ने पूछड़ा चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। लखीमपुर खीरी के हाथीपुर उत्तरी काशीराम कॉलोनी निवासी रोशनी की शादी सिकंदराबाद थाना नीमगांव खीरी निवासी छोटे तिवारी के साथ हुई थी। पति से अनबन होने के कारण पति को छोड़कर अपनी पांच माह की बेटी दिव्या के साथ न्यू पारा कॉलोनी सम्राट आटा चक्की थाना पारा के पास 4 वर्षों से रह रही थी। जहां पर उसकी दोस्ती भट्ठा मालिक मिलिंद उर्फमोनू के साथ हो गई थी। तभी से यहां दंपति के रूप में साथ रह रही थी। भट्ठा मालिक मोनू की पत्नी ज्योति उर्फबबली को ये बात नागवार गुजरी, जिसपर रोशनी तिवारी को रास्ते से हटाने के लिए 6 मई की देर रात भट्ठा मालिक की पत्नी ज्योति उर्फबबली ने भट्टे पर काम करने वाले अपने नौकरों के साथ मिलकर एक्सप्रेस-वे की सर्विस लाइन पर महिला व मासूम बेटी को गला कसकर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस आरोपी बबली, निरंकार, कल्लू, प्रिंस को पहले ही जेल भेज चुकी है। घटना में शामिल चौथा कल्लू मौर्या उर्फविमलेश पुत्र जगत पाल निवासी पारा गांव राजाजीपुरम थाना पारा को पुछड़ा चौराहे से भोर पहर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि हत्या में शामिल चौथे फरार आरोपी को भी गिरफ्तार का जेल भेजा गया है।

युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटका मिला शव

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का शव आम के बाग में लटकता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। हसनगंज कातवाली क्षेत्र के बदबदाखेड़ा निवासी रंजीत का 23 वर्षीय पुत्र मोहन घर से बगैर बताए रविवार की सुबह निकल गया था। जिसका संदिग्ध परिस्थितियों में शव फरीदीपुर गांव निवासी केशन के आम की बाग में लटकता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मृतक दो भाई थे, बड़े भाई सोहन ने 4 वर्ष पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, मृतक मोहन अभी अविवाहित था। लुधियाना में रहकर दिहाड़ी का काम करता था, होली में घर आया था तब से यही पर ही रह रहा था। बेटे की मौत से मां उमाकांति सहित पिता का रो-रो कर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि युवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा, परिजनो ने अभी तक कोई तहरीर नही दी है।

हत्यारोपी सहकर्मी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। अचलगंज थाना क्षेत्र स्थित एक स्लाटर हाउस में गतदिवस हुई श्रमिक की हत्या में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। अचलगंज थाना क्षेत्र की बदरका चौकी के अंतर्गत बन्थर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एग्रीकाम फूड प्रा0 लिमिटेड के मीट पैकेजिंग विभाग में 150 श्रमिकों में कुछ महिला श्रमिक भी काम करते हैं। यहां का इंचार्ज बेलदार टोला उत्तरी नानपारा जिला बहराइच निवासी मृतक बाबू था जो मांस को टुकड़े बनाने वाले श्रमिकों के कार्य की देख-रेख करता था। इसी डिवीजन में गोंडा के मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी नूर मोहम्मद भी काम करता था। कंपनी सूत्रों के अनुसार मृतक बाबू, नूर मोहम्मद को अक्सर छक्का कहकर चिढाता रहता था जिसपर महिला श्रमिक भी हंसती थी जिससे नूर मोहम्मद मन ही मन बाबू से खुन्नस खाये था, एसओ संजीव कुमार ने बताया कि हत्यारोपी ने बताया कि शनिवार को बाबू ने उसकी टेबल पर आकर कहा कि छक्के मेरे पास से दूर जा और बड़े पीस काट, छोटे क्यों काट रहा है इसपर महिला श्रमिक हंस पड़ी और पहले से खुन्नस खाये नूर ने हाथ में लिए चापड़ से, चार से पांच ताबड़तोड़ वार कर दिया और चापड़ पानी में फेक दिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चापड़ को बरामद कर उसे रविवार न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

मछली पकड़ने के विवाद में मारपीट, महिला व युवक घायल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। आसीवन थाना क्षेत्र में रविवार को मछली पकड़ने को लेकर हुए विवाद में मारपीट की घटना में महिला व भतीजा घायल हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफछेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। उदशाह गांव निवासी मन्नो पत्नी अनिल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि बहन के बेटे शिवम के साथ तालाब में मछली पकड़ने गयी थी तभी रवी, अच्छेलाल और दो अज्ञात लोग मौके पर पहुंचे और मछली पकड़ने से मना किया जब उसने कारण पूंछा तो छेड़छाड़ करने लगे। विरोध किया तो मारपीट करने लगे। भतीजा बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की। इस सम्बंध में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफछेड़छाड़ और मारपीट का मुकद्दमा दर्ज कर महिला को अस्पताल भेज दिया गया है।

सीएम योगी की जनसभा आज, तैयारियां पूरी

▸ भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य व क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत व भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने सभा स्थल पर किया भूमि पूजन

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आगामी 13 को हैदरगढ़ में होने वाली जनसभा को लेकर तैयारी युद्धस्थर पर जारी हैं। ग्राम्यांचल महाविद्यालय में जनसभा स्थल पर आज शनिवार को भाजपा नेता पंडित सिद्धार्थ अवस्थी की देखरेख में भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द मोर्य व क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं भाजपा प्रत्याशी श्रीमती राजरानी रावत द्वारा भूमि पूजन किया गया।

इस मौके पर भाजपा नेता पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने कहा कि हैदरगढ़ की पावन धरा पर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा के बाद जिले में भाजपा को बहुत बड़ी मजबूती मिलेगी और भाजपा प्रत्याशी श्रीमती राजरानी रावत की चुनाव में निश्चित ही ऐतिहासिक जीत होगी। भाजपा नेता श्री अवस्थी ने आगे कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में लाखों की संख्या में लोगों की भीड़ जुटेगी। मोदी जी को देश की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत राष्ट्र के निर्माण की मजबूत नींव रखी है। बाराबंकी लोकसभा सीट पर भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक मारेगी इसमें कोई संदेह नहीं है। केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार में जनता खुशहाल है, विकास और विश्वास के बलबूते पुनः नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, भाजपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह, भाजपा नेता अरुण शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामसागर मौर्य, भाजपा नेता गोविंद पाठक, प्रधान कुंवर रामानंद सिंह, प्रधान नीरज सिंह, भाजपा नेता लाला लक्ष्मी नारायण साहू, प्रधान गौरव सिंह, प्रधान रविंद्र प्रताप सिंह, प्रधान अभय प्रताप सिंह गुड्डू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहें।

चेयरमैन ने भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

53 लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी से भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी एवं भाजपा नेता सिद्धार्थ अवस्थी द्वारा कस्बा हैदरगढ़ में सघन जनसंपर्क किया गया और सोमवार की सुबह 9 बजे ग्राम्यांचल स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में पहुंचकर उनके विचारों को सुनने और 20 मई को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करके भारी बहुमत से जिताने की अपील की गईं।

जनसंपर्क के दौरान युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी बैजनाथ मौर्य स्कन्द तिवारी,सोनू द्विवेदी भानु मिश्रा शिवा वर्मा विभोर गुप्ता अमन गुप्ता राजकुमार सोनी अंकित मिश्रा पंकज मिश्रा विनोद शुक्ला नीलू मिश्रा मोनू शुक्ला राम रूप रावत विक्की शर्मा शंकर शरण बाजपेई श्यामू तिवारी शामिल रहे।

मानकों को ताक पर रखकर लगवाया खड़ंजा

▸ निर्माण में धांधली का आरोप, सीएम पोर्टल पर शिकायत

▸ भ्रष्टाचार की जद में हुआ खड़ंजा निर्माण, ग्रामीणों ने की शिकायत

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

शासन प्रशासन की तमाम सख्ती के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र में धांधली रुकने का नाम नहीं ले रही है। जिम्मेदार मानकों को ताक पर रखकर जमकर धांधली करते हुए सरकारी धन का खुलेआम दुरुपयोग कर शासन की नीति का मखौल उड़ा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में खड़ंजा जैसे निर्माण कार्य में यदि गड़बड़ घोटाला होता रहा तो शायद प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत का संकल्प सपना बनकर ही रह जाएगा जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ेगा। ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत लखहा अलीगंज के मजरा पटपरी तक जाने वाले कच्चे मार्ग पर ईंट बिछाने से पहले ट्रैक्टर से जोत कर घटिया ईटों द्वारा खड़ंजा लगवा दिया गया।

एस्टीमेट पर खड़ंजा करसौर लिंक मार्ग से रामकुमार मिश्र के खेत तक 500 मीटर खड़ंजा निर्माण प्रस्तावित था। मगर मौके पर 400 मीटर ही खड़ंजा लगवा कर जिम्मेदार भुगतान की जुगत में लगे हैं। खड़ंजा निर्माण में गुणवत्ता का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया। जिला पंचायत निधि से लगाए गए इस खडंजे में ईंटों से ईटों के बीच में लगभग 2 इंच की दूरी का गैप दिया गया। ग्रामीणों ने इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। शिकायत करने वाले ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जिम्मेदारों ने खडंजा निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है।

ग्रामीणों ने बताया कि मानकों के विपरीत कराए गए खड़ंजा निर्माण से सदैव ही असुविधा बनी रहेगी। जिस पर बाइक चालक गिर कर चोटिल हो जाते है और पैदल निकलना तक मुश्किल है।

गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। क्षेत्र के सफीपुर गांव निवासी राज कुमार मिश्रा के घर पर आयोजित 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को कलश यात्रा के साथ कर दिया गया। इस अवसर पर भक्तो ने बड़े ही धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गाजे बाजे माता रानी के जयकारों के बीच कथा स्थल से शुरू हुई कलश यात्रा कमेला, शिवराजपुर, बेहटा गांव होते हुए बाबा टीका राम धाम गोमती नदी घाट पर पहुंची, जहां पर वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ कलश में जलभर पुनः कथा स्थल पर पहुंचकर कलश यात्रा का समापन कर दिया गया।

इस कलश यात्रा में भाजपा नेत्री जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंहआनन्द, शिक्षक राकेश सिंह, राम किशोर मिश्र, पप्पू सिंह, विवेक मिश्रा,चुन्नी सिंह, रामजी शुक्ला, गिरीश शुक्ला, केशव राम, वेद प्रकाश सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

पोस्टर लगाने को लेकर दो पक्ष भिड़े, दो लोग घायल

▸ दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

▸ मामले की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

पोस्टर लगाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गये।इस दौरान हुई जमकर मारपीट में दो लोगो गम्भीर रूप से घायल हो गये।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु भेज, दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल मे जुट गयी है। मामला जैदपुर कस्बे के मोहल्ला संगत के पास छोटी बाजार बाजार का है।जहां अशोक सोनी व अमित निगम की दुकान आमने सामने है।

रविवार को दोपहर मे बेचने वाले समान का पोस्टर लगाने को लेकर दोनो पक्षो मे आपसी कहासुनी होते होते बात मारपीट तक पहुंच गयी और अमित निगम व गोपाल ने लाठी डंडों से अशोक सोनी व सुधीर सोनी को पीटपीट कर लहुलुहान कर दिया। जिससे अशोक सोनी से सिर व जबडे पर काफी चोटें आयीं।वो रोड पर तड़पता रहा।जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को अस्पताल भेजा जहां अशोक सोनी की हालत अधिक ख़राब देख डाक्टरो ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिनकी हालत वहां भी चिंताजनक जनक बतायी जा रही है। जबकि जैदपुर पुलिस ने अमित निगम व गोपाल निगम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इस संबंध में कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया अमित निगम, गोपाल निगम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। अशोक सोनी को चोटे लगी है। इलाज हेतु भेजा गया है। जांच पड़ताल जारी है।

डीएम-एसपी की देख-रेख में पोलिंग पार्टियां रवाना

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना द्वारा दोस्तीनगर स्थित अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र में पोलिंग पार्टियों की रवानगी का निरीक्षण किया गया तथा पोलिंग पार्टी में शामिल कर्मियों से वार्ता की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

देरशाम तक लगभग सभी पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथो पर पहुंच चुकी थीं। समाचार लिखे जाने तक कहीं से भी कोई अप्रिय समाचार नहीं प्राप्त हुआ है। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा ब्लॉक बिछिया अंतर्गत पोलिंग बूथ उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंघूपुर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट भी अपने-अपने कार्यस्थल पर पहुंच चुके हैं। प्रेक्षकगण पूरे जिले की गतिविधियों पर नजर बनाये हैं।

जाम से हाल बेहाल

आज दोस्तीनगर अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र पर पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर काफी अफरा-तफरी मची रही। भारी संख्या में वाहनो के आवागमन के कारण उन्नाव-हरदोई मार्ग पर जाम लग गया। जिससे पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मतदान कर्मी इस भीषण गर्मी में परेशान रहे और किसी तरह जाम से निकलकर गन्तव्य को रवाना हुए।

आजादी के सात दशक बाद भी नहीं बदली तीन ग्राम पंचायतों की तस्वीर

▸ बिजली, सड़क, शिक्षा, मोबाइल का वर्षों से सपना देख रहे ग्रामीण

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

एलनगंज गांव को जाती कच्ची सड़क

देश की आजादी के सात दशक बीतने के बाद भी बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जहां के बाशिंदे आज भी बिजली, सड़क, अस्पताल, मोबाइल टावर, स्कूल आदि जैसी मूल सुविधाओं से वंचित हैं। जिला प्रशासन और नेताओं से कई बार शिकायत के बावजूद इन ग्राम पंचायतों की ओर किसी ने ध्यान तक नहीं दिया जिससे यहां के ग्रामीणों में नाराजगी है।

कस्बा भीरा से लगभग 20 किलोमीटर पश्चिम में ग्राम पंचायत किशनपुर, ग्राम पंचायत कांप, ग्राम पंचायत एलनगंज व उनके कई मजरों में आज भी मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंच पाईं हैं। लगभग 15000 आबादी वाले इन गांवों में आज भी लोग मोबाइल टावर, बिजली,सड़क,स्वास्थ्य,शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। इन गांवों में चार पहिया वाहन से तो दूर की बात है दो पहिया वाहन से भी जाना महंगा पड़ता है। गांव के लोग आजादी के सात दशक बाद भी उपेक्षा के चलते मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं।

ग्रामीणों की मानें तो आजादी के सत्तर वर्ष बीत जाने के बाद भी इन गांवों तक पक्की सड़क नहीं बन पाई है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके द्वारा समस्या से कई बार जनपद के प्रतिनिधियों, सांसद, विधायक व जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। समस्या का समाधान न होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। गांव में आने जाने के लिए सुविधा न होने के कारण बीमार लोगों को आपात स्थिति में एंबुलेंस की आवश्यकता होने पर एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती इस स्थिति में ग्रामीणों द्वारा बाइक या अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से बीमार मरीज व गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक पहुंचाते हैं। कभी-कभी स्वास्थ्य सेवाओं के दूर होने के कारण गंभीर मरीज मार्ग में ही दम तोड़ देते हैं। गांव में बिजली न होने की वजह से ग्रामीण एल इ डी सोलर सिस्टम व कैंडिल पर आश्रित हैं व गांव के अधिकतर लोग अंधेरे में जिंदगी जीने को विवश हैं।

अज्ञात कारणों से लगी आग, दो घरों की गृहस्थी राख

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत पूरे मल्लाहन मजरे रानीपुर गांव में रविवार की सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे दो घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। पूरे मल्लाहन गांव निवासी पंचम के छप्पर नुमा घर में रविवार सुबह 3 बजे कतिपय कारणों से आग लग गई।आग पड़ोसी राममनोहर के घर तक पहुंच गई। जिसके चलते दोनों घरों की हजारों रुपए की गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका।सूचना पाकर युवा नेता पवन कुमार ने पीड़ितों के घर पहुंचकर राहत सामग्री का वितरण किया।

कच्ची शराब बरामद, मुकदमा दर्ज

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

आगामी चुनाव को शान्तिपूर्वक कराने हेतु क्षेत्र हो रहे अपराधो पर अंकुश लगाने के लिये जैदपुर पुलिस लगातार चर्चा में बनी हुई है।जिसमे आज अलग-अलग जगहो से जैदपुर पुलिस द्वारा चार लोगों धर दबोचा जिनकी तलाशी लेने पर कुल? चालीस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी।ज्ञात हो कि कस्बे के बाईपास तिराहे कै आगे सांई इंटर कालेज के पास कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय व सहयोगी जवानों ने बड़ी चालाकी से घेराबंदी कर राम सुचित पुत्र शिवनरायण बलछत थाना जैदपुर को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया?।मेहंदीपुर हरख निवासी राजू वर्मा पुत्र माता प्रसाद को मानपुर तिराहे के पास से दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। वहीं ब्रहमादीन पुत्र खुशीराम नरौली थाना सतरिख को कांशीराम आवास जाने वाले चक रोड के पास से मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।जबकि मउलारा थाना रामसनेहीघाट निवासी विनोद कुमार पुत्र सत्यनाम को अमेठियनपुरवा नहर के पास करवार ताल जाने वाले मार्ग पर दस ली अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर चारों आरोपियों के विरुद्ध जैदपुर पुलिस द्वारा संबंधित धराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान आज, 13 सांसदों के भाग्य का होगा फैसला

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर मतदान होगा। कल 13 उम्मीदवार जीत कर सांसद बनेंगे जिनपर मतदाताओं की मेहरबानी होगी। आज निर्वाचन आयोग की ओर से पोलिंग पार्टियों को पोलिंग बूथ के लिये रवाना कर दिया गया।

आज सोमवार को 13 सीटों पर मतदान होगा। ये 13 लोकसभा सीटें क्रमशः शाहजहांपुर सु., खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई सु., मिश्रिख सु., उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा सु., कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, बहराइच सु. हैं । इन 13 सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और पांच सीट सुरक्षित हैं। यह 13 सीटें प्रदेश के शाहजहॉपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फर्रूखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज व बहराइच सहित 13 जिलों के तहत आती हैं।

इन 13 लोकसभा सीटों के साथ ही शाहजहांपुर जिले की ददरौल विधान सभा पर हो रहे उपचुनाव के लिए भी मतदान होगा। इन 13 लोकसभा सीटों पर 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। शाहजहांपुर सु. सीट पर 10, खीरी सीट पर11, धौरहरा सीट पर12, सीतापुर में आठ, हरदोई सु. सीट पर12, मिश्रिख सु.सीट पर 9, उन्नाव सीट पर नौ, फरूखाबाद सीट पर आठ, इटावा सु. सीट पर आठ, कन्नौज सीट पर 15, कानपुर सीट पर 11, अकबरपुर पर नौ, बहराइच सु.सीट पर 10 प्रत्याशी हैं। कन्नौज में सर्वाधिक15 उम्मीदवार हैं। 13 सीटों पर 26588 मतदान केंद्र हैं। 1 करोड़ 31 लाख 82 हजार 341 पुरुष वोटर, 1 करोड़ 15 लाख 63 हजार 739 महिला वोटर व 947 थर्ड जेण्डर वोटर हैं।

इन जिलों में आज मतदान : शाहजहांपुर, खीरी, धारुहारा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराईच (एससी)

उत्तर प्रदेश में इन दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

सबसे अहम चुनाव कन्नौज का है। यहां सपा प्रमुख अखिलेश यादव के मुकाबले भाजपा के सांसद सुब्रत पाठक हैं। 1998 से लेकर 2014 तक इस सीट पर सपा का कब्जा रहा। उन्नाव में सांसद स्वामी साक्षी महाराज के खिलाफ सपा की अन्नू टंडन हैं। 2009 के लोकसभा चुनाव में अन्नू टंडन उन्नाव से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर लोकसभा पहुंची थीं। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा के स्वामी साक्षी महाराज ने जीत दर्ज की। इटावा लोकसभा सीट पर भाजपा को पहली दफा 1998 में कामयाबी मिली जब सुखदा मिश्रा जीतकर लोकसभा पहुंचीं।1999 में सपा के रघुराज सिंह शाक्य सांसद चुने गये। 2004 में भी वह सीट को बचाने में कामयाब रहे। 2009 में सपा के प्रेमदास कठेरिया जीते लेकिन 2014 में मोदी लहर में भाजपा के अशोक दोहरे और 2019 रामशंकर कठेरिया एमपी बने। भाजपा ने उन्हें टिकट दिया है। सपा के जितेंद्र दोहरे मैदान में है। बसपा ने शारिका सिंह बघेल को प्रत्याशी बनाया है। फर्रुखाबाद से बसपा ने क्रांति पांडेय को टिकट दिया है। भाजपा ने मुकेश राजपूत और सपा ने नवल किशोर शाक्य पर दांव खेला है। हरदोई सीट से भाजपा के जय प्रकाश रावत है। 2019 में जय प्रकाश रावत की जीत हुई थी। सपा ने पूर्व सांसद उषा वर्मा को टिकट दिया है। वह 2 बार सांसद रह चुकी हैं। बसपा ने भीमराव अंबेडकर को लड़ाया है। बहराइच लोकसभा सीट से बीजेपी ने अक्षयबर लाल का टिकट काटकर अरविंद गौड़ को टिकट दिया है। सपा के रमेश गौतम उम्मीदवार है। बसपा ने बृजेश कुमार सोनकर को टिकट दिया है। मिश्रिख से सांसद अशोक रावत को भाजपा ने फिर टिकट दिया है। 2004 और 2009 में वह बसपा के टिकट पर चुनाव लड़कर लोकसभा पहुंचे थे। उनका मुकाबला सपा के प्रत्याशी संगीता राजवंशी और बसपा के प्रत्याशी बीआर अहिरवार से है। सपा के धौरहरा से आनंद सिंह भदौरिया मैदान में है। भाजपा से बगावत कर बसपा में आए श्याम किशोर अवस्थी को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने रेखा वर्मा को टिकट दिया है। लखीमपुर खीरी से भाजपा के तीसरी बार केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी मैदान में है। इंडिया गठबंधन से सपा के उत्कर्ष वर्मा और बसपा के अंशय कालरा मैदान में है। कानपुर लोकसभा सीट से इस बार तीन धुरंधरों के बीच मुकाबला है। भाजपा ने रमेश अवस्थी को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस ने आलोक मिश्र पर भरोसा जताया है। बसपा ने कुलदीप भदौरिया को मैदान में मैदान में उतारा है। अकबरपुर से भाजपा ने देवेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाया है। मोदी लहर में देवेंद्र सिंह ने 2014 और 2019 में जीत हासिल की थी। सपा के राजाराम पाल मैदान में है। बसपा ने राजेश कुमार द्वीवेदी को उम्मीदवार बनाया है। शाहजहांपुर भाजपा ने सांसद अरुण सागर को अपना उम्मीदवार बनाया है। सपा ने ज्योत्सना गोंड और बसपा ने दोदराम वर्मा को उतारा है। 2014 और 2019 में भाजपा की जीती थी।

खबरें एक नजर में

बीजेपी नेता रवि राय के घर पहुंचे नगर विकास मंत्री

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। बलिया के सिकन्दरपुर नगर के नगरा मोड़ के समीप स्थित शिक्षक संघ प्रकोष्ठ के सह संयोजक रवि राय के आवास पर पहुंचे नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का रवि राय जिला कार्यसमिति के सदस्य मंजय राय, समाजसेवी गनेश प्रसाद सोनी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों व समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अन्य विपक्षी दलों की सरकारें रही है, जिन्होंने गरीबों के लिए कुछ नहीं किय। आज जब केंद्र में पीएम मोदी और प्रदेश में सीएम योगी की डबल इंजन की सरकार है, तो आपको मूलभूत सुविधाएं दी जा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास, लोगों को राशन, उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर और चिकित्सा के क्षेत्र में भी सभी सुविधाएं दी जा रही है। आगे कहा कि अगर कोई भी समस्या उतपन होती है, तो आप रवि राय से मिलकर अपनी समस्या बता सकते है। इनके द्वारा बताई गई समस्या का हल तत्काल कराने का प्रयास किया जाएगा। वार्ड नं.1 के सभासद प्रतिनिधि रामजी वर्मा ने जर्जर तारों को बदलने, टूटी पटिया की मरम्मत नाली के सफाई व स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग सम्बंधित ज्ञापन सौंपा।

समाज के सभी वर्गों को समर्पित है भाजपा सरकार : नीरज सिंह

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ स्थित कैसरबाग सब्जी मंडी में सोनकर समाज द्वारा आयोजित सामाजिक बैठक के मंच से मुख्य अतिथि नीरज सिंह ने सभा के मध्य आगामी चुनाव को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए देवतुल्य जनता-जनार्दन से लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से राजनाथ सिंह को कमल का बटन दबाकर पूर्ण बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा की हमारी पार्टी को सिर्फवादों की नहीं, कर्मों की भी पहचान है। उन्होंने सोच ईमानदार, काम दमदार, लखनऊ बोले 5 लाख पार, फिर एक बार मोदी सरकार के नारे के साथ जनता का आवाह्न किया। अंत में उन्होंने कहा की आज भारत देश सिर्फदेश तक ही सीमित नहीं, विदेश से भी जुड़ रहा है, और सोनकर समाज ने सदैव राजनाथ सिंह को समर्थन दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व वाली भाजपा सरकार गरीब, युवा, किसान, महिला और वंचित वर्ग को समर्पित है।

गर्मी की छुट्टी में भी मिलेगी छात्र-छात्राओं को आयरन की गोली

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान साप्ताहिक आयरन की गोली का सेवन जारी रखने हेतु अवकाश से पहले नोडल शिक्षक प्रत्येक विद्यार्थी को आठ आयरन की गोली का वितरण कराये। गोलियों का वितरण एक्सपायरी तिथि पुष्टि के बाद करें। अवकाश से पहले छात्र-छात्राओं को या पीटीएम के दिन अभिभावकों को आयरन की गोलियों का वितरण करते हुए गोलियों के निरंतर सेवन से लाभ के बारें में जागरूक करें। आयरन की गोलियों का उपभोग एवं कार्यक्रम की निगरानी विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा सुनिश्चित की जाए। उपलब्ध कराई गई गोलियों का विवरण विफ्स रजिस्टर एवं विफ्स कार्ड में अंकित करें और मासिक रिपोर्ट ब्लाक स्तरीय सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध कराएं। गर्मियों में, पर्याप्त माला में पानी, घर पर बना नींबू पानी, छाछ आदि पिएं। खाने में मौसमी फल और सब्जियाँ, खट्टे फल शामिल करने की सलाह दें। उन्हें काबोनेटेड पेय पदार्थ, उच्च चीनी वाले पेय, चाय, काफी, तले हुए खाय पदार्थ से परहेज या कम से कम शामिल करने की सलाह दें।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वोट देने की अपील

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने के लिए सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था एलायंस सोशल एंड कल्चरल सोसायटी के तत्वावधान में आज प्रातरूकाल घंटाघर पुराने लखनऊ में आमजन को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। दिलावर हुसैन के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज प्रातरूकाल घंटाघर पर बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, छुट्टी नहीं मनाना है वोट डालने जाना हैं जैसे अन्य स्लोगन की तख्तियां हाथों में लिए लोगों ने आम जनता से मतदान करने की अपील की। इस मौके पर दिलावर हुसैन ने लोगों को पोस्टर बांट कर मतदान के महत्व बताया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक राष्ट्र में मतदाताओं की महती भूमिका होती है। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियो आर.पी.सिंह, मोहम्मद अशफाक, असलम जावेद सिद्दीकी, रईस सिद्दीकी, मोहम्मद नसीम, प्रिंस इकबाल, कैसर काजमी ने जागरूकता अभियान के दौरान लोकतंत्र के महापर्व में सभी को शामिल होकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

चाचा ने भतीजे को मार डाला, पत्नी को छोड़ने गया था ससुराल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ में चाचा ने भतीजे की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक के शरीर में 30 से ज्यादा जख्म के निशान मिले हैं। वह पत्नी को पहुंचाने ससुराल गया था। लौटते समय रास्ते में उसे चाचा ने घेर लिया। उस पर चाकू से हमला कर दिया। जब तक वह मरा नहीं, तब तक चाकू मारता रहा। वारदात के बाद वह मौके से भाग गया। मृतक मोहम्मद जैद के भाई ने पुलिस को तहरीर में बताया कि चाचा के साथ पुस्तैनी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। भाई की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना बाजारखाला थाना इलाके की है। फैज ने कहा जैद को मारने की साजिश चाचा कई बार कर चुका है। 15 सितंबर 2023 को जान से मारने की कोशिश की थी। इसमें जैद को काफी चोट आई थी। वह एक महीने तक बलरामपुर अस्पताल फिर केजीएमयू में भर्ती रहा। पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई तो आरोपी जेल जाने से बच गए। इसलिए उनके हौसले बुलंद हो गए। आखिरकार उन्होंने भाई को मार ही डाला। दरअसल, जैद तीन भाई है। मृतक कि महांव रोड पर 132 बीघा जमीन है।

सीएम ने मोहनलाल गंज से बीजेपी प्रत्याशी कौशल किशोर के पक्ष में की जनसभा, कहा

इंडी गठबंधन व पाक का डीएनए एक

▸ 65 वर्षों में कांग्रेस ने नहीं किया कोई विकास कार्य

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। कांग्रेस-सपा, इंडी गठबंधन और पाकिस्तान का डीएनए मिलता जुलता दिख रहा है। सपा-कांग्रेस के समय गरीब भूखों मरते थे। पाकिस्तान की बीमारी ने कांग्रेस के समर्थन में कहा तो वहां भी लोग भूखों मर रहे हैं और 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा। मोदी ने 10 वर्ष में पाकिस्तान की आबादी से अधिक 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है। कांग्रेस को 60-65 वर्ष तक मौका मिला, लेकिन विकास नहीं किया।

यूपीए सरकार के समय उपचार की व्यवस्था नहीं थी। यह लोग आस्था के साथ खिलवाड़ करते थे। गरीबों को भूखों मरने देते थे, किसान को आत्महत्या के लिए मजबूर करते थे, इसलिए मोदी ने कहा कि यही समय है, सही समय है। देश के भविष्य के साथ खेलने वाले ऐसे लोगों की जमानत जब्त करा दीजिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री मोहनलालगंज से सांसद व भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के पक्ष में गांधी डिग्री कॉलेज सिधौली सीतापुर में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने 20 मई को 'कमल के फूल' पर मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रभु श्रीराम भक्तों पर अवश्य कृपा करते हैं, जनता कहती है कि फिर एक बार मोदी सरकार। मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से वे लोग परेशान हैं, जो भ्रष्टाचारी हैं और भारत के विकास को देखना नहीं चाहते हैं। समाजवादी पार्टी-कांग्रेस के गठबंधन और पाकिस्तान के स्वर ऐसे ही आ रहे हैं। यह भारत, भारतीयता, मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम, पिछड़ी, अनुसूचित जाति व जनजाति, बेटी-व्यापारी के विरोध में हैं, देशवासियों ने ठाना है कि मोदी को प्रचंड बहुमत से सत्ता सौंपकर विकसित-आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022 में भाजपा के मनीष रावत को आशीर्वाद देकर विधानसभा में पहुंचाया तो परिणाम दिख रहे हैं। सबसे अधिक मकान सीतापुर जनपद में बने हैं। हम नैमिष को अयोध्या धाम के तर्ज पर विकसित करने का कार्य कर रहे हैं। सिधौली का रास्ता आसान हो रहा है, क्योंकि लखनऊ का किसान पथ सीधे मोहनलालगंज से जोड़ने को उतावला दिख रहा है। रेलवे लाइन दस वर्ष पहले छोटी लाइन थी, लेकिन विकास कार्यों के कारण आज यह डबल गेज हो चुकी है। आज बुलेट ट्रेन की तरह तेजी से दौड़ते हुए यात्रा कराती है।

आपका वोट देश निर्माण का बनेगा सहभागी : कौशल किशोर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सांसद कौशल किशोर ने रविवार को पंडित खेड़ा लखनऊ में जनसभा को संबोधित किया और हर घर जाकर वोटिंग करने की अपील की व कहा कि आपका एक वोट देश निर्माण का सहभागी बनेगा एवं नशा मुक्ति के क्षेत्र में उन्होंने जो संकल्प लिया है उसके विषय में भी चर्चाएं की और कहा कि हम भारत को नशा मुक्त बनाएंगे। उपस्थिति में हमारे पंडित खेड़ा के पार्षद गीता देवी एवं उनके पुत्र संजय गुप्ता एवं एडवोकेट अरुण शुक्ला, विनीत मिश्र, मंजीत सिंह, अमितेश शुक्ल, उपेन्द्र पाठक, कृष्ण कुमार तिवारी, लवलेश भाटिया, आशीष पांडेय, कुलदीप पाण्डेय, अनुज तिवारी, अरुण शुक्ला, ब्रह्म शंकर सिंह, हरिभान सिंह, गुरमीत सिंह आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन मंजीत सिंह और विनीत मिश्रा ने किया।

चुनाव सत्ता भोगियों व जनसेवा करने वाले योगियों के बीच : स्वतंत्र देव सिंह

समृद्धि न्यूज

लखनऊ/कुशीनगर। 2024 का लोकसभा चुनाव सत्ता के भोगियों और देश की गरीब जनता की सेवा करने वाले योगियों के बीच है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 24 सालों में आज तक कोई छुट्टी नहीं ली। मोदी तपस्वी की तरह दिन रात देश की सेवा में लगे रहते हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को संतकबीर नगर से लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण निषाद और बांसगांव से लोकसभा प्रत्याशी कमलेश पासवान के लिये युवा मोर्चा सम्मेलनों को संबोधित किया।

कुशीनगर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय दुबे के लिए पिछड़ा वर्ग मोर्चा सामाजिक सम्मेलन में संवाद किया। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को याद दिलाना चाहता हूँ कि दस साल पहले कांग्रेस की सरकार में कभी भी कहीं भी सीरियल बम ब्लास्ट और आतंकवादी घटनाएँ होती थीं। मोदी सरकार में ये सब बीते दिनों की बात हो गई है। देश के नागरिकों की सुरक्षा के लिए सख्त कानून व्यवस्था इस सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा यही वजह है कि देश के युवा मोदी को पसंद करते हैं। युवाओं का वोट देश के नाम पर होगा, मोदी के नाम पर होगा।

श्री सिंह ने कहा कि याद रहे कि आपके एक वोट से गरीबों के लिए पक्का मकान, युवाओं के लिए रोजगार, देश की सीमाओं की सुरक्षा, फ्री राशन, फ्री चिकित्सा और फ्री शिक्षा सुनिश्चित होती है। हर घर बिजली और हर घर नल से जल पहुँचता है। बीते दस सालों में मोदी सरकार में देश की संस्कृति का सम्मान बढ़ा है, जो कांग्रेस ने कुचल कर रख दिया था। कांग्रेस के प्रधानमंत्री खुले मंच से ये बोलते थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है, जबकि मोदी के कहते हैं देश के संसाधनों पर सबका बराबरी में अधिकार है। अब बस 19 दिनों ही परिश्रम बाकी है, कमर कस लीजिए और घर-घर पहुंचकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कीजिए।

देश के विकास व देशवासियों के मान-सम्मान के लिए भाजपा जरूरी : शर्मा

समृद्धि न्यूज



लखनऊ/बलिया। बलिया की दोनों लोकसभा सीटों में भी कमल खिलाकर पूरे देश का मान बढ़ाना है।भाजपा को जिताकर मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाना है। देश के समग्र विकास व देशवासियों के मान-सम्मान और सुरक्षा के लिए भाजपा जरूरी है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बलिया दौरे में लोकसभा 71 सलेमपुर और लोकसभा 72 बलिया सदर में भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा और नीरज शेखर के पक्ष मे बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बलिया की दोनों लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर पूरे देश में जिले का नाम रोशन करना है। बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पन्ने पर लिखें सभी नामों के आगे मतदाताओं का मोबाइल नंबर अंकित कर उनसे लगातार संपर्क में रहें। वे मतदान के दिन अपनी बूथ व विधानसभा क्षेत्र से कहीं बाहर न जाएँ और शत-प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने का काम करें। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने देश की जनता को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनता को सुविधायें देकर अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने का सफल प्रयास किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूरी कार्य समिति ने लोकसभा क्षेत्रों में ऊर्जावान और जनहित को समर्पित प्रत्याशी देकर अपना काम पूर्ण कर दिया है। अब इस लड़ाई की पूरी जिम्मेदारी आप सभी पर है। आप सभी अध्यक्ष अपने बूथ को शत-प्रतिशत मतदान कराकार मजबूत करें। आने वाले 20 दिन आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि बलिया शूरवीरों की धरती है। यहां पर जोश की कोई कमी नहीं है। हमें अपने बूथ को मजबूत करने, शत प्रतिशत मतदान कराने के साथ ही विपक्ष द्वारा फैलाये जा रहे भ्रम से भी मतदाताओं को अवगत कराना है और विपक्ष की दूषित मानसिकता को जनता के सामने लाना है। सपा के सलाहकर प्रोफेसर रामगोपाल ने राम मंदिर के वस्तु को लेकर बयान दिया था। रामगोपाल के इस बयान से उनकी और उनके दल की मानसिकता का पता चलता है।

मोदी सरकार में सबसे ज्यादा प्रताड़ित है मातृ शक्ति : कांग्रेस

लखनऊ। मातृत्व दिवस पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा निषाद बाथम, प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता शुचि विश्वास ने संयुक्त प्रेस मीटिंग की।उन्होंने कहा किमाँ परिवार की धुरी है, मातृशक्ति के बगैर सृष्टि की कल्पना अधूरी है। समूचे देशवासियों को मातृत्व दिवस की शुभकामनाएं। मोदी सरकार में सबसे ज्यादा यदि कोई प्रताड़ित है तो वह मातृ शक्ति हैं, महिलाएं हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार का नारा बन गया है, बलात्कारी बचाओ बलात्कारी भगाओ। भाजपा में अत्याचारियों, व्यभिचारियों, भ्रष्टाचारियों सबको शरण दी जाती है। जो बेटियां गुहार लगाती हैं उन्हें सजा दे दी जाती है। मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद महिलाओं के खिलाफ अपराध दर 64.4 प्रतिशत हो गई है, जो 2014 में 54 प्रतिशत थी। महिला अपराधों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। 2014 में महिलओं के खिलाफ प्रतिवर्ष 337922 अपराध होते थे जो आज बढ़कर 445256 हो गये हैं।देश में रोज 1219 महिलाएं अपराधियों का शिकार हो रही हैं। देश के कोने कोने से भाजपा राज में महिलाओं की चीख-चीत्कार सुनाई दे रही है।

मतदान कर लोकतंत्र को बनाएं मजबूत

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर की अपील

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का कल यानी कि 13 मई को चुनाव है। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने चौथे चरण के मतदान से एक दिन पूर्व रविवार को 'पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की एकता पर जोर दिया और कहा कि बहुजन समाज के लोगों के साथ आ जाने से सामाजिक न्याय के संघर्ष में नया उत्साह आ गया है।

सपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा ''हमारी सीधी अपील के बाद जिस तरह से बहुजन समाज के लोग समर्थन देने के लिए लगातार आगे आ रहे हैं उससे भाजपा के खिलाफ हमारी 'संविधान और आरक्षण बचाने की लड़ाई को नई ताकत मिली है।

यादव ने कहा ,'' पूरे प्रदेश में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व सपा की 'बाबासाहेब वाहिनी से लोग संपर्क करके अपना सहयोग दे रहे हैं। बहुजन समाज के लोगों के साथ आ जाने से सामाजिक न्याय के हमारे संघर्ष में नया उत्साह आ गया है। उन्होंने कहा ''ऐसा लग रहा है कि हमारी ताकत कई गुनी बढ़ गयी है। हम फिर से दोहरा रहे हैं कि 'संविधान ही संजीवनी है। जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा, तब तक हम सबका मान-सम्मान-स्वाभिमान और अधिकार सुरक्षित रहेगा। सपा प्रमुख ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा ''लोकसभा चुनाव के अगले चारों चरणों में सब एकजुट होकर खुद भी और दूसरों को भी 'इंडिया गठबंधन में शामिल सपा, कांग्रेस व अन्य दलों के प्रत्याशियों को जिताने के लिए वोट डालने का संकल्प लें। पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की एकता ही सुनहरा भविष्य बनाएगी।

बीजेपी सांसद ने की डिम्पल पर अमर्यादित टिप्पणी, चुनाव आयोग से शिकायत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद प्रो. रामशंकर कठेरिया द्वारा मैनपुरी सांसद डिंपल यादव के खिलाफ रोजगार को लेकर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर सियासी उबाल आ गया। समाजवादी पार्टी ने आक्रोश जताते हुए यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। सांसद प्रो. रामशंकर कठेरिया ने शुक्रवार शाम को भरथना में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल कि उन्होंने जनपद में रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं की है। इस पर कहा था कि वह (डिंपल) मर गई थीं, उनके पिता (ससुर) मर गए थे, उनके पति ने मुख्यमंत्री रहते हुए रोजगार की व्यवस्था क्यों नहीं की। कल शनिवार को सांसद ने सफाई देते हुए कहा कि उनका कहने का आशय था कि चार बार सैफई परिवार से लोग मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने इटावा के लिए रोजगार की व्यवस्था क्यों नहीं की, तब क्या मर गए थे। इसे लेकर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने डिंपल यादव के लिए की गई अमर्यादित टिप्पणी को आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश के चचेरे भाई जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा, यहां की जनता भाजपा के सांसद को नकारती जा रही है।

पुलिस ने कारोबारी के घर चोरी को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। लखनऊ पुलिस ने कारोबारी के घर चोरी करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 19 साल का चोरी कारोबारी के घर उनकी बीमार मां की देखभाल करने की नौकरी करता था। वह रोज महिला को नींद की गोलियां खिला देता और 1-1 जेवर गायब करता था। करीब 15 लाख की ज्वेलरी चोरी करने के बाद वह फरार गया।

पुलिस ने चोरी के आरोपी नौकर, उसके एक दोस्त और पिता को रविवार सुबह सआदतगंज से गिरफ्तार किया। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ के दौरान चोरी की पूरी घटना कबूल की है और यह भी बताया कि कैसे वह चोरियां करता था। सआदतगंज के मंसूरनगर में रहने वाले सैफसमदी पुत्र स्व. इरफान, इत्र का कारोबार करते हैं। उन्होंने अपनी बीमार मां की देखभाल के लिए सीतापुर, अटरिया निवासी 19 वर्षीय मो. सुहैल पुत्र मो. शफीक को हायर कर रखा था। वह उनकी बीमार मां को दवाइयां देता था।

कारोबारी को जब चोरी की जानकारी मिली तो 25 अप्रैल को पुलिस से शिकायत की। बताया कि सुहैल ने अपने पिता शरीफ और दोस्त शकील की मदद से मां को दवाइयों के साथ नींद की गोली खिला देता था। इससे वे गहरी नींद में चली जातीं। फिर सुहैल अलग-अलग दिन अलमारी में रखे ज्वेलरी और कैश चोरी करने लगा। किसी को शक न हो, इसलिए वह रोजाना ज्वेलरी और कैश अपने दोस्त के माध्यम से पिता के पास पहुंचा देता था। एक दिन कारोबारी ने घर चेक किया उन्हें चोरी की भनक मिली। तब उन्होंने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कराया।

केस दर्ज होने की बात सुनकर तीनों वहां से फरार हो गए थे, जिसकी तलाश पुलिस कर रही थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सुहैल, शरीफ और शकील यासीनगंज में झोला लेकर खड़े हैं और भागने की फिराक में हैं। पुलिस टीम ने घेरेबंदी की और तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस को आरोपियों के पास से 15 सफेद डिब्बे मिले हैं। इसमें 3 सेट हार, 1 जोड़ी कंगन, 4 गले की चेन, 5 अंगूठी, 2 जोड़ी चूड़ी और 1 मांग टीका बरामद किया गया है।

कार्रवाई

निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से हो रहा अनुपालन : रिणवा

16 मार्च से अब तक पुलिस ने जब्त किए 537 लाइसेंसी शस्त्र

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है।

पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 11 मई तक पुलिस ने अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये। 4715 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये। शांति भंग कीआशंका में 27,38,825 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 25,01,487 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस ने 9274 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 9346 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 530 बम बरामद किया।

अवैध शस्त्र बनाने वाले 4191 केन्द्रों पर रेड डाली और 177 केन्द्रों को सीज किया।11 मई को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 01 लाइसेंसी शस्त्र जब्त तथा 06 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25,660 लोगों को पाबन्द किया गया। बिना लाइसेंस के 64 शस्त्र, 64 कारतूस व 04 बम बरामद कर सीज किये गये। अवैध शस्त्र बनाने वाले 87 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 01 केन्द्र को सीज किया।

प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने जब्त की अवैध शराब, नकदी

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 11 मई तक 41664.92 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3368.46 लाख रुपये नकद , 5162.16 लाख की शराब, 23154.24 लाख की ड्रग, 2289.87 लाख की धातुएं, 4935.67 लाख के मुफ्त उपहार एवं 2754.53 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की।आबक

वोट बैंक की चिंता में शहजादे प्राण प्रतिष्ठा में नहीं हुए सम्मिलित : शाह

▸ भारतीय जनता पार्टी का काम सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास है

गोंडा समृद्धि न्यूज़

पूरे फील्ड में खचाखच भरी थी जनता लाखों की उमड़ी भीड़। 59 लोकसभा क्षेत्र गोंडा के भाजपा प्रत्याशी कीर्ति वर्धन सिंह राजा भैया के समर्थन में गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा में लाखों की संख्या में जनसमूह उमड़ा। आज शहर के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने इण्डी गठबंधन एवं विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि एक निश्चित वोट बैंक की सेवा में लगे रहने के लिए सपा और कांग्रेस के दोनों शहजादे राम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित नहीं हुए।आप सभी को यह ध्यान रहना चाहिए कि उनके वोट बैंक आप नहीं हो।

भारतीय जनता पार्टी का काम सबका साथ सबका विकास है।उन्होंने कहा कि आप सबकी मेहनत के बल पर इस बार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से 400 पार के आंकड़े के साथ नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। विपक्ष हताश निराश और परेशान हो चुका है।दोनों शहजादे मिलकर विधानसभा चुनाव में कुछ नहीं कर पाए इस बार जनता पुनः उनको सबक सिखाने का काम करने जा रही है।

उनसे पहले क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, सांसद प्रत्याशी कीर्ति वर्धन सिंह राजा भैया, भाजपा जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी, मनकापुर विधायक एवं पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री, एमएलसी अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह, विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी, विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा, विधायक गौरा प्रभात कुमार वर्मा, विधायक गोंडा सदर प्रतीक भूषण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, लोकसभा प्रभारी शरद अवस्थी,लोकसभा संयोजक डॉक्टर रंजन शर्मा, लोकसभा प्रवासी गौरव वर्मा, जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी इत्यादि ने सभा को संबोधित किया।

पिछले कोरोना काल के पश्चात अचानक हुई मौत ने लोगों को झकझोरा : डॉ. पंकज

▸ लोगों के लिए यकीन करना मुश्किल हो रहा है कि अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर इतना एलर्ट रहने वाले इन सेलिब्रिटीज को भी हार्ट अटैक आ रहा

गोंडा समृद्धि न्यूज़

एक समय था जब हार्ट अटैक को बड़े-बूढ़ों की बीमारी माना जाता था लेकिन आजकल 30-40 की उम्र वाले भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। पिछले कोरोना काल के पश्चात अचानक हुई मौत ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

लोगों के लिए यकीन करना मुश्किल हो रहा है कि अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर इतना एलर्ट रहने वाले इन सेलिब्रिटीज को भी हार्ट अटैक आ रहा है यह बात वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ चरक हॉस्पिटल से आए जैनस इनीशिएटिव्य के संस्थापक डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज मैं प्रबंध समिति के सदस्य मनोनीत होने की पश्चात आज महाविद्यालय परिवार के साथ एक निःशुल्क शिविर का उद्घाटन करते वह कहीं चेस्ट फिजिशियन डॉ ए के उपाध्याय ने कहा कि एक अध्ययन में यह पता चला है कि भारत में 40-69 साल के आयु वर्ग में होने वाली मौतों में से 45 प्रतिशत मामले दिल की बीमारियों से होते हैं। भारत की यंग जनरेशन हार्ट अटैक की शिकार हो रही है। डॉ. आलोक अग्रवाल ने कहा कि हृदय रोग लाइफस्टाइल में हो रहे बदलाव डायबिटीज, मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और खराब कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियां बेहद तेजी से बढ़ रही हैं। ये बीमारियाँ हार्ट अटैक के खतरे को और बढ़ाती है। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष रंजन अपने दांतों को कैसे स्वस्थ रखें एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पुनीत श्रीवास्तव ने भी आंखों की समस्या एवं उनके निदान पर लोगों को स्वस्थ रहने की सलाह दी साथी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंजू अग्रवाल ने वहां के छात्राओं को होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला निःशुल्क शिविर के उद्घाटन के पश्चात महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंध समिति उपाध्यक्ष वर्षा सिंह एवं सचिव उमेश शाह ने डॉ पंकज श्रीवास्तव के साथ सभी डॉ को सम्मानित किया गया।

इस निःशुल्क शिविर के आयोजन के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके पांडे डॉ प्रो जितेंद्र सिंह वीपी सिंह डीआर रेखा शर्मा प्रोफेसर संतोष श्रीवास्तव डॉ राजीव अग्रवाल प्रबंध समिति के सचिव हमेश शाह पंकज अग्रवाल सुषमा त्रिपाठी विष्णु मोदी संजू छाबड़ा का एवं पूरे महाविद्यालय परिवार का मैक्स लब एवं रेड क्रॉस सोसाइटी का अहम योगदान रहा।

सरकारी बंजर भूमि की खरीद बिक्री करने वाले जालसाजों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

▸ पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर दो आरोपियों के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468, 471 के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

तहसील क्षेत्र के ग्राम कादीपुर में स्थित सरकारी बंजर खाते की भूमि की खरीद व बिक्री बैनामा करने के मामले में हल्का लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के विरूद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचना और सरकारी संपत्ति हड़पने का मुकदमा दर्ज किया है।

मामला कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम कादीपुर से जुड़ा है। यहाँ के लेखपाल रमेश चंद्र ने आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र के निर्देश पर ग्राम कादीपुर निवासी रूपेंद्र प्रताप सिंह और ग्राम भोंका पूरे शोहरत खां निवासी अनवर खान के विरुद्ध दर्ज कराये गये मुकदमे में कहा गया है कि ग्राम कादीपुर में स्थित गाटा संख्या 116 बंजर खाते में दर्ज सरकारी भूमि है। उक्त भूमि को रूपेंद्र प्रताप सिंह पुत्र नवाब सिंह निवासी ग्राम कादीपुर ने अनवर खान पुत्र सुबराती निवासी ग्राम भोंका को दिनांक 17.10.2014 में बैनामा कर दिया है,जबकि विक्रय भूमि बंजर खाते की है। जिसमें क्रेता और विक्रेता दोनों दोषी हैं।

पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर दो आरोपियों के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468, 471 के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम प्रधान कादीपुर जयप्रकाश सिंह द्वारा आयुक्त देवी पाटन मंडल को पत्र देकर सरकारी भूमि की खरीद व बिक्री किये जाने की शिकायत की थी। आयुक्त के निर्देश पर लेखपाल द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया गया है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि मंडलायुक्त के आदेश और लेखपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना निरीक्षक शंभू सिंह को सौंपी गई है।

जब पुलिस ने उल्टा पीड़ित परिवार को ही डाटा

गोंडा, समृद्धि न्यूज। परस पुर थाना क्षेत्र के सुसुंडा कलवरन पुरवा में शिव कुमार वर्मा और छोटकउ पांडेय के यहां बदमाशो का कहर बरसने के बाद एक घण्टा लेट से पहुची पुलिस ने भी उल्टा ही पीड़ित परिजनों को ही डांटना शुरू कर दिया। तरुण कुमार वर्मा ने बताया कि घायल अवस्था में उस की मां और बड़े भाई शिव कुमार तड़प रहे थे। पुलिस ने उनकी मदद करने के बजाय कहने लगी कि दो लाख रुपये नगद क्यो घर मे रखे थे। इतना जेवरात भी घर मे नही रखना चाहिए था।

तरुण वर्मा ने बताया कि पुलिस ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। तरुण वर्मा ने बताया कि उस को जमीन लिखानी थी इस लिए इतना पैसा बैक से निकाला था और पैसों का इंतजाम कर रहे थे।

मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय बैठक संपन्न

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

रविवार को मारवाड़ी युवा मंच गोंडा एवं देवीपाटन शाखा ने उत्तर प्रदेश मारवाड़ी युवा मंच के द्वादशा कार्यकारिणी की चतुर्थ बैठक रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में आयें हुए सभी अतिथियों को दुप्पटा एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर समीक्षा बैठक की शुरुआत की। मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष नेहा अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री नवीन पालड़ीवाल, निवर्तमान अध्यक्ष अनुराग चांदवासिया, गौरव करूडिंया, पियूष सिंघल, पंकज टेकरीवाल, श्रीमती नीलम जैन,पंकज अग्रवाल,अनुराग अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, सचिन खेमका, पल्लवी केडिया, नीतू सिंघल संहित अन्य लोग प्रांतीय पदाधिकारी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

बैठक में आने वाले सत्र में जो भी कार्यक्रम होना है उस पर विचार-विमर्श किया गया ।कार्यक्रम में प्रांतीय संयुक्त मंत्री आयूषी अग्रवाल ने स्लोगन कंपीटिशन मई माह के लिए लांच किया जिसमें छोटे बच्चों को आन लाइन संस्कार देने के लिए रोज एक घंटे के लिए है। जिसमें टापिक वोट, वोटिंग रहेगा।

बैठक में युवा भवन, रक्तदान, नारी चेतना, आओ व्यापार बढ़ायें, संगठन विस्तार, गौ सेवा अमृतधारा सेवा, मैट्रोमोनियल सहित अन्य कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श भी किया।

राष्ट्रीय स्तर, प्रांतीय स्तर और शाखा स्तर पर सभी पदाधिकारियों के दायित्व और कार्य पर भी समीक्षा हुई। गौ सेवा पर विशेष ध्यान आकर्षित किया गया। मंच के पदाधिकारी ने केक काटकर मदर्स डे भी मनाया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मदर्स डे पर डांस प्रस्तुति भी की गई। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती नेहा अग्रवाल ने बताया कि अगला प्रांतीय अधिवेशन अयोध्या धाम में प्रस्तावित होगा।सभा का प्रारम्भ और समापन की घोषणा प्रांतीय अध्यक्ष श नेहा अग्रवाल ने किया।

कार्यक्रम में विकास जैन,अमित गर्ग, मुकेश नहारिया, शैलेंद्र गोयल, राजेश अग्रवाल, आनन्द महेश्वरी, गोपाल मित्तल, पीयूष मित्तल, प्रिंस गर्ग, नीतू गर्ग, सविता गोयल, गायत्री माहेश्वरी, प्रेमलता सिघल, भावना सोमानी, सुप्रिया सिंघल, अनिता नहारिया, सरिता अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, सरिता गर्ग, अमित मित्तल, विकास अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, विशाल सिंघल सौरभ जैन सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

सोते समय बुजुर्ग की रॉड से हमला कर हत्या

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव में शनिवार की आधी रात घर के बाहर सो रहे एक बुजुर्ग की लोहे के रॉड से हमला कर हत्या कर दी गई। बुजुर्ग की हत्या करने के बाद आरोपियों ने कमरे में सो रहे उसके बेटे को भी जान से मारने की कोशिश की। हालांकि बेटे ने शोर मचाया तो आरोपी निकले। मामले में मृतक के बेटे ने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना की जांच? पड़ताल में जुटी है। मिली जानकारी के मुताबिक धानेपुर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव को रहने वाले सरफराज खान (70) लकड़ी के ठेकेदार थे। सरफराज या अपने भाइयों से बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बेटे रिजवान का कहना है कि तीन चार दिन पहले भी इसी मामले को लेकर आरोपियों ने उसके पिता से विवाद किया था। शनिवार को जब सरफराज अपने घर के सामने बने बरामदे में सो रहे थे तभी रात करीब एक बजे गांव के अजमतउल्ला,कमरुद्दीन, रफीउल्ला आ धमके और उसके पिता के सिर पर लोहे के रॉड से प्रहार कर उनकी हत्या कर दी। पिता को मारने के बाद आरोपियों ने उसके कमरे की खिड़की से घुसकर उसे भी मारने की कोशिश की,लेकिन वह बेड से कूदकर अलग हो गया और शोर मचाने लगा। रिजवान की चीख पुकार सुनकर परिवार के अन्य लोग दौड़े तो आरोपी भाग निकले। घटना की सूचना मिलने पर धानेपुर प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला अपनी पुलिस टीम के साथ पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से वारदात की जानकारी ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले में मृतक के बेटे रिजवान ने आरोपी अजमतउल्ला, कमरुद्दीन व रफीउल्ला के खिलाफ हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

नाबालिग छात्रा से छेड़खानी मामले में दो युवक गिरफ्तार

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। स्थानीय कस्बे में संचालित एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा से छेड़खानी के मामले में पुलिस ने दो शोहदों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज कस्बे के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा के साथ रास्ते में दो युवकों ने छेड़खानी करते हुए अश्लील हरकत की और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। दो अलग-अलग समुदायों से मामला जुड़े होने के कारण मौके पर लोगों ने युवकों को पकड़ लिया और जमकर पिटाई भी की। उसके बाद युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। मामले में बालिका के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आमिर अहमद निवासी गुडाही बाजार कस्बा कर्नलगंज तथा तौशीफ अहमद निवासी सदर बाजार कस्बा कर्नलगंज के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज किया है।

एस के एस कालेज में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग-डे

▸ चिकित्सा जगत में नर्सों का महत्वपूर्ण योगदान होता है : आस्था शुक्ला

बहराइच समृद्धि न्यूज। विकासखंड तेजवापुर के सबलापुर में स्थित डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. नरेश चंद्र बाबा व कॉलेज के चेयरमैन डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ल ने फ्लोरेंस नाइटेंगल के चित्र पर माल्यार्पण का श्रद्धांजलि अर्पित किए। अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग- डे पर नर्सिंग के 400 छात्र- छात्रों ने हाथों में कैंडल लेकर शपथ ली। नर्सिंग के छात्र-छात्रों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत,भाव गीत, दहेज गीत, समेत सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किया। रंगोली भी सजाई गई। कालेज चेयरमैन डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ल ने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल व मदर टेरेसा जैसी कई महिलाओं ने सेवा को अपना धर्म मानकर पूरा जीवन व्यतीत कर दिया। मैनेजर आस्था शुक्ला ने कहा कि चिकित्सा जगत में नर्सों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। वक्ताओं ने भी अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग-डे के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी दी। चैयरमेन ने प्रतिभाग करने वाले नर्सिंग छात्र - छात्राओं मेडल, ट्राफी व पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर को फाउंडर माया शुक्ला, प्रबंधक आस्था शुक्ला, प्राचार्य संतोष कुमार मिश्र,उप प्राचार्य सुदेश शर्मा, नीलेश कुमार तिवारी,राजेश तिवारी, जगदंबा शुक्ल, महेंद्र शुक्ल,गौरव पांडे समेत अन्य मौजूद रहें।

उत्सव जैसे माहौल में गन्तव्य की ओर रवाना हुई पोलिंग पार्टियां

▸ रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया गल्ला मण्डी परिसर व वाहन
▸ मतदान कार्मिकों के बैठने व शीतल जल का रहा उचित प्रबन्ध
▸ डीएम एसपी की हौसला अफज़ाई से कार्मिकों को मिला उत्साह

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 56-(अ.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच के लिए 13 मई 2024 को सम्पन्न होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल को जहां रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया वहीं मतदान कार्मिकों के सजे सजाये वाहन भी मतदान कार्मिकों को उत्सव जैसा एहसास करा रहे थें। वहीं दूसरी ओर पोलिंग पार्टियों में शामिल मतदान कार्मिकों के बैठने, शीतल जल व प्रसाधन इत्यादि के माकूल बन्दोबस्त ने लोकतन्त्र के महापर्व में मतदान जैसे सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण कार्य के लिए जाने वाले कार्मिकों के स्ट्रेस को कम करने में मदद कर रहे थे।

पार्टियों के डिसपैच के लिए किये गये बेहतर प्रबन्ध से मतदान कार्मिकों को प्रस्थान करने में काफी आसानी हो रही थी।पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए बेहतर प्रबन्धन की सूत्रधार जिलाधिकारी मोनिका रानी मात्र इतने से ही संतुष्ट नहीं दिखी बल्कि पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लगातार मण्डी परिसर में भ्रमणशील रहते हुए जहां एक ओर पूरी व्यवस्था पर नज़र रख रहीं थीं वहीं पोलिंग पार्टियों में शामिल मतदान कार्मिकों को लगातार हौसला देकर उन्हें मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य को भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप सम्पन्न कराने के लिए प्रेरित कर रहीं थीं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय की मौजूदगी में पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान डीएम मोनिका रानी व एसपी वृन्दा शुक्ला ध्वनि विस्तारक यन्त्र के माध्यम से लगातार कार्मिकों को यह सन्देश दे रही थीं कि आप सब बुलन्द हौसलों के साथ मतदान केन्द्र पर जाकर पूरी निर्भीकता के साथ आयोग की मंशानुरूप अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। जिला प्रशासन आपके साथ है। मतदान के दौरान सुरक्षा के माकूल प्रबन्ध किये गये है। पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलो की तैनाती के साथ-साथ ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ समकक्ष पुलिस अधिकारी तैनात किये गये तो लगातार भ्रमणशील रहेंगे। पुलिस पार्टी रवानगी का मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा और डीआईजी एपी सिंह ने निरीक्षण किया।

रेल यात्री ध्यान दें : कर्नलगंज-हुजूरपुर-बहराइच संपर्क मार्ग 14 मई तक रहेगा बंद

▸ करनैलगंज बहराइच मार्ग पर स्थित रेल क्रासिंग हुजूरपुर को भी दिया जाएगा विस्तार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

कर्नलगंज बहराइच मार्ग पर स्थित हुजूरपुर रेलवे क्रॉसिंग को रेलवे की ओर से विस्तार दिया जाएगा। इसके चलते सोमवार से इस मार्ग पर आम आवागमन बंद रहेगा। मंगलवार शाम को पुनः यातायात बहाल होने की संभावना है।लखनऊ मंडल रेलवे प्रशासन की ओर से गोंडा बुढ़वल रेल प्रखंड पर तीसरी लाइन बिछाई जाने का कार्य तेजी से चल रहा है।

इस रेल प्रखंड पर करनैलगंज बहराइच राजमार्ग पर हुजूरपुर रेलवे क्रॉसिंग स्थित है। करनैलगंज बहराइच मार्ग पर स्थित रेल क्रासिंग हुजूरपुर को भी विस्तार दिया जाएगा। इसके अलावा सोमवार 13 मई को रात 12 बजे से 14 मई को शाम पांच बजे तक इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद हो जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे के आईडब्ल्यू अवधेश सिंह द्वारा बताया गया कि पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई है कि गोंडा-बुढ़वल रेलखंड पर तीसरी लाइन बिछाए जाने का कार्य तेजी से चल रहा है। जिसके परिप्रेक्ष्य में करनैलगंज -सरयू रेल खंड पर स्थित समपार संख्या 282 स्पेशल पर करनैलगंज-हुजूरपुर बहराइच मुख्य सड़क मार्ग 13 मई की रात्रि 10 बजे से 14 मई को प्रातः 5 बजे तक बाधित रहेगा। ऐसे में लोग इस 24घंटे तक इस मार्ग से आवागमन न करें। जिससे कि उन्हें कोई असुविधा न हो।

झोलाछाप चिकित्सक चला रहा अवैध क्लीनिक,प्रशासन मौन

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम खरगौरा जनूब में एस के हेल्थ केयर फार्मेसी का संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है। क्लीनिक संचालक के पास किसी भी प्रकार का अधिकार पत्र प्राप्त नहीं है।क्षेत्र के लोगों ने बताया कि डाक्टर मनमाना फीस की वसूली कर रहा है।इस संबंध सी एच सी अधीक्षक डा धीरेंद्र तिवारी ने बताया कि मामले की जांच करवाकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

दो मकानों से चोरों ने पार की 10 लाख की नकदी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हैबतपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और विहिप के सह मंत्री के घर में देर रात को चोर घुस गए। चोरों ने दो लाख से अधिक की नकदी समेत 10 लाख के संपति की चोरी की। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।हैबतपुर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय कुमार शुक्ल है।

शनिवार रात को वह परिवार संग खाना खा कर कमरे मे सो गये। देर रात पहुंचे अज्ञात चोर दिवाल फांद कर जीने के माध्यम से नीचे से घर में उतर आये। दो कमरे मे परिवार के लोग सो रहे थे, उसमे बाहर से कुंडी लगाकर कमरे मे घुसकर अलमारी का ताला तोड दिया। अलमारी में रखा सोने चांदी के जेवरात हार,जंजीर नथ, माला, पायल समेत करीब दो लाख नगदी पर हाथ साफ कर दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया की साढू के ट्रैक्टर विक्री का एक लाख पैंतीस हजार रुपया शनिवार को मिला। दुकान व कमरे का किराया पैसा मिला था। सभी पैसा व जेवरात चोर उठा ले गये। उधर इसी गांव निवासी विहिप जिला सहमंत्री धर्मेन्द्र शुक्ल के घर चोर घर पर पीछे के माध्यम से चढकर घर मे घुस आये गेंहू विक्री का रखा 40 हजार नगदी समेत सोने चांदी का जेवरात चोरी कर ले गये। सभी रविवार सुबह थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि पुलिस ने जांच की है। केस दर्ज कर चोरी के खुलासे का प्रयास किया जायेगा।

इस बार ट्रक से नहीं जाएंगी महिला मतदान अधिकारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

▸ लोकसभा चुनाव के लिए अधिग्रहीत हुईं 492 बसें
▸ 1290 छोटे वाहन भी कब्जे में लिया, 100 वाहन एक्स्ट्रा में

लोकसभा चुनाव के लिए जिले में प्रचार प्रसार थम गया है। चुनाव में पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए वाहनों का अधिग्रहण काम पूरा हो गया है। इस इस बार महिला मतदान अधिकारियों को ट्रक से मतदान केंद्रों तक नहीं जाना पड़ेगा। महिला मतदान अधिकारी बस से ही मतदान केंद्र तक जाएंगी। इसके लिए सभी वाहनों का अधिग्रहण हो गया है।

लोकसभा चुनाव में बहराइच सीट के लिए 13 मई को मतदान होगा। मतदान केंद्रों तक मतदान अधिकारियों और कर्मचारियों को पहुंचाने के लिए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय की ओर से वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ओपी सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए 1290 छोटे वाहन अधिग्रहित कर लिए गए हैं। इन वाहनों से पुलिस और प्रशासन के मतदान अधिकारी मतदान केदो तक जाएंगे। इसके अलावा 492 बसें चुनाव के लिए ली गई है। आरटीओ ओपी सिंह ने बताया कि 100 छोटे वहां अतिरिक्त में भी ली गई है जिससे कि कभी भी जरूरत पड़ने पर इन वाहनों से मतदान अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके मतदान केंद्र तक पहुंचा जा सके। उन्होंने बताया कि बड़े वाहन गल्ला मंडी परिसर, छोटे वाहन किशन गिरी कॉलेज और कुछ वाहन पुलिस लाइन में रखा गया है।

श्रावस्ती और बलरामपुर से भी आई बसें

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि चुनाव के लिए बलरामपुर और श्रावस्ती से बेस मंगाई गई है इनमें स्कूल में संचालित बेस भी शामिल है दो दर्जन से अधिक बसें दोनों जनपदों से बहराइच को मिली है।

महिलाओं को दी गई सहूलियत

बीते विधानसभा और लोकसभा चुनाव में महिला मतदान अधिकारियों को मतदान केदो तक जाने के लिए ट्रक से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इसके लिए इस बार पहले ही अधिकारियों से वार्ता कर ली गई जिसके तहत बसों की संख्या को बढ़ाया गया है। इस बार ट्रक की सेवा नहीं रखी गई है।

मोनिका रानी, जिलाधिकारी बहराइच

कांग्रेस के गढ़ में गरजे अमित शाह

कहा- 70 साल से गांधी परिवार धारा 370 को गोदी में लेकर बैठा था- हमने हटाने का किया काम

- योगी जी ने सभी गुंडों को सीधा किया
- एटम बम से नहीं डरते, हम पीओके को लेकर रहेंगे

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को रायबरेली में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी परिवार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार झूठ बोलने में माहिर है। शाह ने कहा कि यहां पर कई सारे लोगों ने मुझे कहा कि ये गांधी परिवार की सीट है। मैं बहन प्रियंका जी का भाषण सुन रहा था, उन्होंने कहा कि मैं अपने परिवार से वोट मांगने आई हूं।

बात तो सही है, रायबरेली वालों ने वर्षों से गांधी, नेहरू परिवार को जिताया है लेकिन यहां से चुनकर जाने के बाद सोनिया जी और इनका परिवार रायबरेली कितनी बार आया है। चलो, सोनिया जी की तबियत थोड़ी खराब रहती है, लेकिन राहुल बाबा या प्रियंका बहन आई हैं क्या? शहजादे आज यहां वोट मांगने आए हैं, आप इतने सालों से वोट दे रहे हो, आपको सांसद निधि से कुछ मिला है? गृह मंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार थी, तब गरीबों की जमीनों पर सपा के गुंडे कब्जा कर लेते थे। यहां गुंडों और माफियाओं का राज था, जनता परेशान थी। आपने यूपी में भाजपा की सरकार बनाई। हमारे नेता योगी जी ने सभी गुंडों को सीधा किया, यहां से माफिया राज समाप्त किया और गरीबों की जमीनों को मुक्त करवाया। मणिशंकर अय्यर और फारूक अब्दुल्ला के बम वाले बयान पर शाह ने कहा कि ये कहते हैं पाकिस्तान का सम्मान करो क्योंकि इनके पास एटम बम है, पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर (PoK) मत मांगिए। अरे राहुल बाबा, आपको एटम बम से डरना है तो डरिए, हम नहीं डरतेज पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर भारत का है और वो हम लेकर रहेंगे।

हम भाजपा वाले, वोट बैंक से नहीं डरते

राहुल बाबा, सोनिया गांधी, डिंपल बहन, अखिलेश यादवज सबको राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया, लेकिन ये लोग नहीं गए, क्योंकि ये लोग अपने वोट बैंक से डरते हैं। लेकिन हम भाजपा वाले, वोट बैंक से नहीं डरते हैं। सिर्फ राम मंदिर ही नहीं औरंगज़ेब द्वारा तोड़ा गया बाबा विश्वनाथ का दरबार भी मोदी जी ने बनवाया। सोमनाथ मंदिर भी सोने का बन रहा है।

सोनिया गांधी ने 70 प्रतिशत राशि अल्पसंख्यकों पर खर्च की

शाह ने कहा कि उन्होंने पूरा खर्चा किया है, अगर आपको मिला नहीं है तो कहां गया? यह (सांसद निधि) उनकी वोट बैंक में गया. सोनिया गांधी ने 70 फीसदी से ज्यादा सांसद राशि अल्पसंख्यकों में खर्च करने का काम किया है. मैं अभी अभी तेलंगाना से आया हूं, तेलंगाना चुनाव में उन्होंने कहा था कि हम हर महिला को 15 हजार रुपये देंगे। प्रदेश की महिलाओं ने उन्हें सरकार चुनकर दे दी। 1500 रुपये भी नहीं दिए।

कांग्रेस वाले विकास में विश्वास ही नहीं रखते

शाह ने कहा कि वर्षों तक आपने गांधी परिवार को मौका दिया, कोई विकास का काम नहीं हुआ. अमेठी ने भी मौका दिया था, 2018 में अमेठी केकलेक्टर ऑफिस का भूमि पूजन मैंने किया। ये (कांग्रेस) विकास में विश्वास ही नहीं रखते हैं. ये आपके सुख-दुख में भी नहीं आए हैं। एक बार भाजपा को मौका दीजिए, हम रायबरेली को भी मोदी जी की विकास यात्रा से जोड़ेंगे।

मनोज पांडेय के घर पहुंचे अमित शाह, चला सियासी दांव

अपनी जनसभा के बाद अमित शाह समाजवादी पार्टी के बागी विधायक डॉक्टर मनोज पांडेय के घर पहुंचे। जहाँ उन्होंने उनके परिवार के सदस्यों और समर्थकों से मुलाकात की। शाह ने काफी देर तक मनोज पांडेय के साथ जिले को लेकर चुनाव के सम्बन्ध में चर्चा की और अभी तक यहां हुए विकास कार्यों की भी जानकारी ली।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने नुक्कड़ सभा को किया संबोधित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

प्रियंका गांधी ने कहा कि यह रायबरेली वालों की खासियत है कि आजादी की लड़ाई से लेकर अब तक लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने लड़ाई लड़ी। आज के समय में नेता जनता के बीच में ना आकर जो मन में आता है वह कर रहे हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी हैं। मोदी जी देश के परिवार के मुखिया है लेकिन उन्हें गाजा बाजा बहुत पसंद है। देश की जनता उन्हें अपने भूखे पेट के बारे में बताती है कि और वे कहते हैं मैं तुम्हरा मान सम्मान बढा रहा हूँ। उनके साथ कोई एक गरीब आदमी नहीं दिखता बल्कि अमीर लोग दिखते हैं।

जनता आवारा जानवर की समस्या से त्रस्त हैं :- मोदी जी 10 साल से बनारस के सांसद हैं लेकिन एक बार भी वह किसी गांव में नहीं गए जबकि इंदिरा जी और राजीव जी जब प्रधानमंत्री थे तब वे गांव गांव जाकर लोगों से मिलते थे। आज किसानों से नही मिला जाता, वे आवारा जानवर की समस्या से त्रस्त हैं। खेती के हर सामान पर जीएसटी टेक्स लगा दिया गया है। किसान कर्ज ले रहा है, चुका नही पा रहा आत्महत्या कर रहा है। युवाओं में बेरोजगारी बढ़ गई है। परीक्षाएं युवा देते हैं वह लीक हो जा रही हैं। 30-30 साल के युवा आज भी सिर्फ परीक्षाएं दे रहे हैं। परिवार पर बोझ बन जा रहे हैं।

नोट बन्दी को लेकर भी प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकार ने बिना सोचे समझे नोट बन्दी की। देशभक्ति के नाम पर आपने कतार में लगकर अपनी छोटी छोटी बचत बैंक में डाल दी। काला धन लाने का वादा किया जोकि फेल हो गया। उसके बाद जीएसटी लाई गई। छोटे व्यापारी आज भी इससे परेशान हैं।

कांग्रेस कभी दुनिया सबसे ज्यादा पैसे वाली पार्टी नहीं बनी

प्रियंका गांधी ने कहा कि आजादी के 55 साल में कांग्रेस पार्टी कभी दुनिया सबसे ज्यादा पैसे वाली पार्टी नहीं बनी। लेकिन पिछले 10 साल में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पैसे वाली पार्टी बन गई। इसके पीछे कारण वह काला धन है जो मोदी जी लाने की बात कहते थे। प्रियंका ने कहा कि नोटबंदी लगाकर जो काला धन लाने की बात होती थी वह सब चंदा के रूप में भाजपा को चला गया है। इसका सबूत इलेक्टोरल बॉन्ड की रिपोर्ट है। इसमें उस कंपनी का नाम भी है जिसने वैक्सीन लगाई थी। उसने 52 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दिया है।

खबरें एक नजर में

अनियंत्रित होकर डीसीएम से टकराई स्कार्पियो, तीन घायल

ऊंचाहार-रायबरेली, समृद्धि न्यूज। बेतरतीब यातायात व्यवस्था के कारण रविवार की सुबह नगर के मुख्य चौराहा पर हादसा हो गया। अचानक ट्रक के मुड़ने के कारण पीछे आ रही स्कार्पियो ट्रक से टकराने के बाद सामने आ रही डीसीएम से भिड़ गई। जिससे स्कार्पियो सवार तीन लोग जख्मी हुए है ।यह हादसा रविवार की सुबह करीब सात बजे हुआ है। लखनऊ निवासी कुछ लोग स्कार्पियो से चित्रकूट गए थे । जहां से वापस लौट रहे थे। ऊंचाहार नगर के मुख्य चौराहा पर अचानक एक ट्रक कोतवाली रोड पर मुड़ गया। जिससे उसके पीछे आ रही स्कार्पियो ट्रक से भिड़ने के बाद अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही डीसीएम में जा टकराई। हादसे के बाद चौराहा पर अफरा तफरी मच गई। भागकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और स्कार्पियो में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इस हादसे में स्कार्पियो सवार अनिल कुमार, अजय कुमार और जितेन्द्र सिंह घायल हुए है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है । उधर हादसे के बाद लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर आवागमन ठप हो गया। जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे का शिकार वाहनों को राजमार्ग से बाहर किया, तब आवागमन बहाल हुआ है।

दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्रवाई के अंतर्गत थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा स्थानीय थाने पर पंजीकृत अभियोग के अंतर्गत वांछित अभियुक्त विजय शर्मा उर्फ बाबा पुत्र जानकी प्रसाद निवासी विशंभर खेड़ा मजरे खानपुर थाना मौरावा जनपद उन्नाव एवं विपिन उर्फ छंगा पुत्र रामदुलारे लोध निवासी खजुआ थाना खीरों जनपद रायबरेली को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया हैद्य अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना स्थानीय पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैद्य अभियुक्तों के पास से 02 अदद अवैध चाकू एवं 01अदद बोलोरो कार बरामद हुई हैद्य अभियुक्तो को गिरफ्तार करने वाली टीम में बछरावां थाने की पुलिस टीम मौजूद रही।

मेधावी छात्राओं का हुआ सम्मान गुरुजनों ने दिया मार्गदर्शन

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज। डलमऊ कस्बे के प्रतिष्ठित महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय द्वारा कठिन परिश्रम और गुरुजनों के सही मार्गदर्शन से यूपी बोर्ड परीक्षा एवं स्नातक परीक्षाओं में अच्छे अंको से परीक्षा उत्तीर्ण कर अपना तथा विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन करने वाली तथा क्षेत्र जनपद सहित पूरे प्रदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं का महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय डलमऊ द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर पुरस्कार देकर सम्मान किया गया सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती ओमवती देवी जन कल्याण समिति एवं विद्यालय के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया विद्यालय अध्यक्ष रघुवीर सिंह एवं मुख्य अतिथि प्रेम शंकर शुक्ला विद्यालय प्रबंधक निरंजन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि राकेश सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया छात्रों के सम्मान कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा मेधावी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहां की अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य की ओर अग्रसर हो और शिक्षा सामाजिक राजनीतिक आर्थिक प्रशासनिक पारिवारिक सहित अन्य क्षेत्रों में अपना क्षेत्र जनपद प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें मुख्य अतिथियों एवं गुरुजनों द्वारा सही मार्गदर्शन को अपने जीवन में उतर कर जीवन को सफल बनाने एवं उचित माहौल तैयार करने की सलाह दी गई।

बाल दुर्व्यवहार रोकथाम पर परिचर्चा

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। वूमेन एंपावरमेंट फाउंडेशन और राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लालगंज नगर के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में पास्को एक्ट 2012 अंडर आर टी ई एक्ट 2009 और दूसरे एक्ट पर स्कूलों में बाल दुर्व्यवहार के खिलाफ रोकथाम और सावधानी बरतने के विषय पर परिचर्चा से सम्बन्धित कार्यशला का आयोजन किया गया। जिसमें आई पी एस अधिकारी रहे डॉ तहसीलदार सिंह पूर्व डी आई जी उत्तर प्रदेश पुलिस ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई व कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विनीत श्रीवास्तव रिटायर्ड प्रोफेसर डी ए वी कॉलेज कानपुर ने की। कार्यक्रम में रिटायर्ड आई पी एस अधिकारी व वुमन इंपावरमेंट फाउंडेशन के अध्यक्ष रतन कुमार श्रीवास्तव जी ने स्कूलों में होने वाले बाल दुर्व्यवहार पर किस तरह से रोकथाम किया जाए उस पर बहुत ही विस्तृत चर्चा करते हुए विद्यालय में उपस्थित समस्त स्टाफ को जानकारी दी। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा यदि किसी भी स्टाफ को यह लगता है कि किसी बच्चे में अचानक से किसी भी प्रकार का परिवर्तन आया है तो निश्चित रूप से उसके पीछे उसका कोई ना कोई विषेश कारण है। और उसकी जानकारी प्राप्त कर बच्चों के माता-पिता से इसकी सूचना दें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, वी फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अनिल सिंदूर जी बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक सुनील कुमार सिंह, एवं प्रबंधक शांतनु सिंह आदि लोग मंचासीन रहे ।विद्यालय परिवार के द्वारा समस्त मंचासीन अतिथियों को बुके व स्मृति चिन्हित कर सम्मानित किया गया।

निजी अस्पताल की लापरवाही से महिला की मौत

- परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप
- आए दिन निजी अस्पतालों की लापरवाही से जाती है जाने
- सीएचसी अधीक्षक की शह पर चल रहे हैं क्षेत्र में कई अस्पताल

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

शनिवार रात कस्बा स्थित एकता हॉस्पिटल में एक महिला की पथरी के ऑपरेशन के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई ।

मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन व चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया है । जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि महिमा सिंह पत्नी शिवकुमार सिंह निवासी भेलामऊ थाना गुरुबक्शगंज को लगभग एक माह पूर्व कस्बे के एकता अस्पताल में भर्ती कराकर पथरी का ऑपरेशन कराया गया । फिर हालत में सुधार होने पर उन्हें आठ दिन बाद डिस्चार्ज कर दिया गया । घर में उल्टी की शिकायत होने पर हालत बिगड़ने लगी ।तो शुक्रवार को दोबारा परिजनों के द्वारा एकता अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ उनका इलाज चल रहा था। परंतु इलाज के दौरान शनिवार रात उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतका के बेटे आशीष सिंह ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी मां को अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के लिए भर्ती कराया था, पर अस्पताल प्रशासन व चिकित्सक की लापरवाही के चलते उनकी मां की जान चली गई है। उन्होंने में थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है, थाने से आश्वासन मिला है । कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। घटना की जांच की जा रही हैद्य परंतु सोचने वाली बात यह है कि क्षेत्र में कुकुरमुत्ते की तरह उगे इन निजी अस्पतालों में आए दिन ऐसी घटनाएं घटित होती रहती है और जनपद का स्वास्थ्य महकमा हाथ पर हाथ धरे बैठा रहता है जो कहीं न कहीं निजी अस्पताल संचालको और स्वास्थ्य महकमे के उच्च अधिकारियों के बीच पक रही किसी खिचड़ी की ओर इशारा कर रहा है।

चौहान गुट ने 117वीं लावारिस शव का करवाया दाह संस्कार

- लावारिस शवों का बिना भेदभाव निशुल्क अंतिम संस्कार करवाता है चौहान गुट : राजेश सिंह

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जनपद में एक इकलौता व्यापार मंडल चौहान गुट ही है जो एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में लावारिश शवों का निशुल्क अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है। आज चौहान गुट टीम ने 117वीं लाश का अंतिम संस्कार बैकुंठधाम मुंशीगंज में करवाया। विगत दिनों ऊंचाहार थाने के अंतर्गत एक अज्ञात महिला का लावारिश शव मिला, जिसकी उम्र लगभग 45 वर्ष थी, जिसको लेकर ऊंचाहार पुलिस ने उनके परिजनों की काफी खोजबीन के बाद जब परिजन नहीं मिले तो लावारिस शव को अंतिम संस्कार हेतु ऊंचाहार थाना एसआई आशीष नायर ने ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान से संपर्क किया। उस वक्त जी सी चौहान जी मौके पर नहीं थे आवश्यक कार्य हेतु बाहर थे उसके बावजूद चौहान जी ने तत्काल जिलाध्यक्ष मो0 उमर, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, प्रदेश सचिव हाजी सन्ने को फोन करके जिम्मेदारी सौंपी। जिसको सभी पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मिलजुल कर पूरा किया और पोस्टमार्टम करवाने के बाद लावारिश शव का अंतिम संस्कार कांस्टेबल अनूप यादव, पीएनओ 182632482, थाना ऊंचाहार जनपद रायबरेली की मौजूदगी में सम्मान के साथ करवाया गया। प्रदेश संगठन मंत्री राजेश सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट पिछले एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में मिलने वाली लावारिस लाशों का निशुल्क रूप से अंतिम संस्कार करवाता है। लावारिश लाश पुरुष की हो या महिला की, हिंदू की हो या मुसलमान की उसको उसी के धर्म के हिसाब से अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है

भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में उतरे प्रभात साहू कस्बे वासियों से मांगा सहयोग

- भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने महराजगंज की गलियों में पैदल यात्रा कर मांगा जन समर्थन

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी के नेता दमखम के साथ जनता के बीच में पहुंचकर समर्थन मांग रहे हैं। आज महराजगंज पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं सुबे के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने स्वागत और सम्मान किया। वहीं अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू की राइस मिल से सैकड़ो पुरुष और महिलाएं योगी मोदी जिंदाबाद दिनेश सिंह जिंदाबाद प्रभात साहू जिंदाबाद के नारों के साथ कस्बे वासियों से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में समर्थन मांगा।

राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में उतरे चेयरमैन प्रतिनिधि ने नगर वासियों से अपील करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के लिए एक मौका मांगा। इस मौके पर राजकुमार श्रीवास्तव पूर्व विधायक राजाराम त्यागी ब्लॉक प्रमुख पूर्व सत्येंद्र प्रताप सिंह दिनेश सिंह अलीपुर सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

बाबा कानपुरी का डॉ विनय भदौरिया के आवास पर हुआ सम्मान

लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज। देश के प्रख्यात हास्य कवि बाबा कानपुरी का आज लालगंज आगमन हुआ तो स्थानीय कवियों ने किया सम्मानित।

बताते चलें कि नगर के प्रख्यात अधिवक्ता एवं राष्ट्रीय नवगीतकार डॉ विनय भदौरिया के आवास पर प्रसिद्ध हास्य कवि बाबा कानपुरी पधारे तो डॉ भदौरिया ने अंगवस्त्र,प्रतीक चिन्ह भेंट कर एवं माल्यार्पण करके सम्मानित किया साथ ही काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी में बाबा कानपुरी, डॉ विनय भदौरिया और कुमार मयंक ने काव्य पाठ किया। गोष्ठी की अध्यक्षता हरिनाम सिंह और संचालन वाई पी सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी व आदर्श शिक्षक सुरेश आचार्य की विशेष उपस्थिति रही। डॉ भदौरिया ने सभी का आभार प्रकट किया।

परीक्षा देने जा रहे छात्र को पीटकर लूटा

- विरोध करते ही सिर पर घोंप दी चाभी

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है। बेख़ौफ़ युवकों ने परीक्षा देने जा रहे छात्र को दिनदहाड़े रोंक कर पीटा और लूट कि घटना को भी अंजाम दे दिए विरोध करने पर बाइक कि चाभी छात्र के सर में घोंप कर मौके से भाग निकले। दरअसल पूरा मामला जिले के सलोन थाना क्षेत्र स्थित पूरे रुद्र गांव का है जहां के निवासी छात्र सतीश ने बताया कि सुबह कुंडा प्रतापगढ़ परीक्षा देने के लिए निकला तभी रास्ते में फीस के रुपए निकाल कर दूसरी जेब में रखा जिसको गांव के ही कुछ युवकों ने देख लिया कुछ दूर पर पहले से घात लगाकर बैठे अभिषेक व मिथुन नाम के दो दबंग युवकों ने छात्र को रोंक लिया जिसके बाद हांथ में लोहे का कड़ा लगाकर कई घूसें पीठ और सर पर मारे दोनों हांथ पीछे से पकड़ कर फीस के रखे 1670 रुपए छीन लिया हांथ छुड़ाते ही युवकों ने छात्र के गले से सोने कि चेन खींच लिया छात्र के चिल्लाते ही उसके सर पर दबंग युवकों ने बाइक कि चाभी घोंप दी और मौके से भाग निकले।

होश में आते ही जब छात्र ने पूरी घटना बताई तो ग्रामीणों के होश उड़ गए छात्र ने बताया कि इस घटनाक्रम के वजह से मेरी परीक्षा भी छूट गई यदि दबंग युवकों पर कार्यवाही नहीं हुई तो आत्महत्या कर लूंगा।

मातृ दिवस पर राइजिंग चाइल्ड स्कूल में हुए विविध कार्यक्रम

- मदर्स डे पर राइजिंग चाइल्ड स्कूल के बच्चों ने मचाई खूब धमाल

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर अनेकों मनोरंजक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस मौके पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ÷तू कितनी अच्छी है, कितनी प्यारी है, मेरी मां, तेरी उंगली पकड़ कर चला, मां मुझे अपने आंचल में छुपा ले इत्यादि गीतों पर समूह नृत्य कर खूब तालियां बटोरी। स्कूल की तरफ से आयोजित कार्यक्रम की सभी ने सराहना किया।

विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी मां की उंगली पकड़कर नृत्य कर खूब धमाल मचाई। तिश्या, अंशिका, तबीबा, आराध्या, अग्रज, अयान, अथर्व, सिद्धि, अज़ान, शाश्वत, रुद्र, माही, शौर्य, यथार्थ, अयंतिका, सुमिरन का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। मदर्स डे पर आधारित बधाई पत्र, शिक्षिकाओं की सहायता से बच्चों ने तैयार कर अपनी अपनी मां को भेंट किया, आकर्षक बधाई पत्र बनाने वाले 21 बच्चों को स्कूल द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने सभी बच्चों को बताया कि ऐसे तो प्रत्येक दिन अपनी अपनी मां के लिए समर्पित होना चाहिए पर यह खास दिन मां को शुक्रिया अदा करने का है क्योंकि वह हमें इतनी खूबसूरत संसार में लाई, यह दिन उन्हें यह बताने के लिए है कि वह हमारे लिए कितने खास हैं।

प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव ने मातृ दिवस की सभी को शुभकामनाएं दिया। विद्यालय में हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवींद्र नाथ हरि सहित समस्त शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

सभी माताओं का एक ही मकसद, उनके बच्चे भविष्य में ऊंचाइयों को छुएं : शालिनी सिंह

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

बैसवारा क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज के छात्र छात्राओं ने मदर्स डे के अवसर पर अपनी-अपनी माताओं को अपने हाथ से बने मदर्स डे के ग्रीटिंग देकर उनकी दीर्घायु होने की कामना करते हुए मदर्स डे सेलिब्रेट किया। उल्लेखनीय है कि बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की ओर से निरंतर यह प्रयास किया जाता है कि उनके चतुर्दिक विकास में किसी भी प्रकार की कमी ना रहने पाए ।बच्चों की आंतरिक प्रतिभा को निखारने के लिए विद्यालय के अध्यापक निरंतर कड़ी मेहनत करते हुए भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। रविवार को मदर्स डे होने के कारण छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने घरों में मदर्स डे मनाया और अपनी मां के दीर्घायु होने की कामना करते हुए उन्हें सृष्टि की सबसे अच्छी कृति बताया। इससे पूर्व बच्चों को एक दिन पूर्व ही कार्यक्रम संबंधी जानकारी सीसीए इंचार्ज प्रीति श्रीवास्तव के साथ अविनाश साहू, प्रियम मिश्रा,शताक्षी,शिवानी,अंजलि, कल्पना,रजनी,ममता सिंह,अनीता, लता,सत्यम आदि कक्षा अध्यापको ने दिया जिसके आधार पर बच्चों ने अपने-अपने घरों में कार्यक्रम को आसानी से संपन्न किया। मदर्स डे के अवसर पर विद्यालय की सह प्रशासनिक सचिव शालिनी सिंह ने सभी माताओ को मदर्स डे के अवसर पर अपने शुभकामना संदेश में कहा सभी माताओं का एक ही मकसद होता है कि उनके बच्चे भविष्य की ऊंचाइयों को छुए और अपना जीवन उज्ज्वल बनाएं। यह जानकारी बीएमपीएस के जनसंपर्क अधिकारी यश बहादुर यादव ने दी।

अमित शाह की रैली में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पत्रकार के साथ की मारपीट

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह की रैली के दौरान एक पत्रकार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। Molitics नाम के वेब पोर्टल से जुड़े हुए पत्रकार राघव त्रिवेदी गृह मंत्री की रैली को कवर करने रायबरेली पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि रैली के दौरान कुछ बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनके साथ मारपीट की है। फिलहाल उन्हें एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

क्या है पूरा मामला :- सोशल मीडिया साइट एक्स पर जारी किए कुछ वीडियोज़ में राघव त्रिवेदी को देखा जा सकता है। वह दर्द से कराह रहे हैं और उनका इलाज जारी है। कांग्रेस ने भी एक ट्वीट के जरिए इस मामले को उठाया है। कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल से लिखा गया,÷यूपी के रायबरेली में अमित शाह की रैली थी। यहां महिलाओं ने एक पत्रकार को बताया कि उन्हें पैसे देकर रैली में लाया गया है। पत्रकार ने यह बात रिकॉर्ड कर ली। इसके बाद भाजपा के गुंडों ने पत्रकार को पकड़ लिया और उससे वीडियो डिलीट करने को कहा।जब पत्रकार ने मना किया तो भाजपा के गुंडों ने उसे अगवा कर लिया, फिर मंच के पीछे एक कमरे में ले जाकर बुरी तरह पीटा। पत्रकार से रुपए भी छीन लिए। भाजपा के गुंडों ने हाल ही में अमेठी के कांग्रेस कार्यालय के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की थी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला किया था। ये घटनाएं बता रही हैं कि भाजपा के लोग सामने दिख रही हार से बौखला चुके हैं। अब अन्याय का अंत होने को है।

राघव त्रिवेदी ने मीडिया को क्या बताया?

राघव त्रिवेदी से स्थानीय मीडिया ने बात की है। एक वीडियो में वह मीडिया से बात करते हुए कह रहे हैं, बहुत मारा गया है, मैं रिपोर्ट कर रहा था, रैली चल रही थी और लोग उठ-उठ कर जाने लगे, मैंने उनसे पूछ लिया कि आप लोग क्यों जा रहे हो? वो कहने लगे कि कैमरा बंद कर और फिर मारना शुरू किया। राघव ने आगे कहा, वहां पुलिस भी मौजूद थी, मैं पुलिस से कहता रहा कि मुझे बचाइए, मेरे पेट पर बहुत मारा गया है। मुझे वह लोग मुल्ला कह रहे थे क्योंकि मैंने दाढ़ी रखी हुई है।

भूपेश बघेल अस्पताल पहुंचे

राघव त्रिवेदी से मिलने कांग्रेस नेता भूपेश बघेल भी अस्पताल पहुंचे। मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव के दौरान जब पत्रकार आपका कार्यक्रम कवर करने आया है उसपर आपके कार्यकर्ता ऐसा हमला करेंगे तो यह लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

चौथे चरण से पहले भाजपा का नया शिगूफा

प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद ने दुनिया के 167 देशों में 1950 से 2015 के बीच आए जनसांख्यिकी बदलाव का अध्ययन कर एक रिपोर्ट चुनावों के बीच जारी की है, जिसके मुताबिक भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी 7.82 प्रतिशत घट गई। वहीं मुसलमानों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के अधिकांश मुस्लिम बहुसंख्यक देश में मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी हुई है, वहीं हिंदू, ईसाई व अन्य धर्म बहुल देशों में बहुसंख्यक आबादी में कमी आई है। इस रिपोर्ट को देखकर यह अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि यह भाजपा का चौथे चरण के मतदान से पहले एक नया शिगूफा है। दरअसल पिछले तीन चरणों के मतदान से भाजपा के लिए अच्छी खबरें नहीं आई हैं और यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी अपने बयानों में अब हिंदू-मुस्लिम पर ज्यादा जोर देने लगे हैं। राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, प. बंगाल इन तमाम राज्यों में श्री मोदी के भाषणों पर गौर फरमाएं तो उसमें सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश साफनजर आती है। इसलिए इस वक्त आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट का आना यह जाहिर करता है कि भाजपा के पास जनता के बीच जाने के लिए मुद्दों का अकाल है, इसलिए अब आभासी मुद्दे खड़े किए जा रहे हैं। इस रिपोर्ट के बाद मोदी सरकार पर सवाल उठ रहे हैं कि जब उसने अपने पूरे कार्यकाल में जनगणना ही नहीं कराई तो अभी आबादी की बात किस आधार पर कर रही है। और जहां तक मुस्लिम आबादी की बात है तो नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के डेटा के मुताबिक मुस्लिम महिलाओं की प्रजनन दर 2019-21 में सबसे कम 2.4 रही है, जबकि 2015-16 में 2.6 और 2005-06 में 3.4 थी। तीन चरणों में भाजपा को नुकसान हो गया है, इसका प्रमाण बुधवार को प्रधानमंत्री के अडानी-अंबानी वाले बयान से मिल गया, जिसमें उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी को घेरने की कोशिश की, लेकिन आखिर में भाजपा को ही मुश्किल में डाल दिया। इस बयान के अगले दिन गुरुवार को शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट देखी गई। जिससे निवेशकों को तीन लाख करोड़ से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर ये कौन से लोग हैं, जो शेयर बाजार से अपना पैसा उठा रहे हैं, और क्यों उठा रहे हैं। क्या देश के चुनावी माहौल में भावी सरकार का अनुमान लगाते हुए शेयर बाजार में उठापटक हो रही है, इस पर अब गौर करना होगा। ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जो अब तक भारतीय जनता पार्टी की प्रमुख संपदा थे, अपने हालिया बयानों से उसे गहरे संकट में डाल चुके हैं। 400 पार के नारे के साथ शुरू हुआ भाजपा का लोकसभा 2024 का चुनावी अभियान मोदी ने ऐसे मुकाम पर पहुंचा दिया है जहां उसे सरकार बचाने के भी लाले पड़ रहे हैं। वैसे तो जिस तरह का विमर्श भाजपा ने पिछले एक दशक से चला रखा था, लोगों का मूड भांपे बगैर श्री मोदी उसे ही आगे बढ़ाते चले गये। हिन्दू-मुस्लिम, विरोधी नेताओं का कथित भ्रष्टाचार, कांग्रेस का परिवारवाद आदि जैसे घिसे-पिटे नैरेटिव को आगे खींचते हुए भाजपा के स्टार प्रचारक कहे जाने वाले नरेंद्र मोदी की बातों में लोगों को अब कोई रस रह गया है। बतौर प्रधानमंत्री दो कार्यकाल पूरा कर लेने के बाद भी मोदी के पास गिनाने के लिये अपना एक भी काम नहीं है।

चुनाव के दौरान सैम पित्रौदा की रंगभेद की राजनीति

सुरेश हिंदुस्थानी



इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा कांग्रेस के लिए कोई छोटा नाम नहीं है। वे कांग्रेस के मुख्य कर्ताधर्ताओं में गिने जाते हैं। हालांकि चुनाव में उनके बयान का विपरीत प्रभाव न हो, इसलिए सैम पित्रोदा का इस्तीफ़ा देना एक राजनीतिक कदम भी हो सकता है। अगर सैम पित्रोदा का इस्तीफा लेना ही था तो उनके पहले दिए बयानों पर भी तो लिया जा सकता था लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। इससे कांग्रेस की सोच का पता चलता है और बैठे ठाले ही कांग्रेस ने भाजपा को एक और मुद्दा दे दिया। सैम पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस की एक बार फिर से फ़जीहत करा दी।

लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार कर करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की मीमांसा की जा रही है। इसका तात्पर्य यही है कि इस नेता ने भारत में भेद पैदा करने के प्रयास किए, जो कभी सफल नहीं होने चाहिए। भारत में जिस प्रकार से सामाजिक विघटन की राजनीति की जा रही है, उससे समाज की शक्ति का लगातार पतन ही हुआ है। कभी तुष्टिकरण तो कभी वोटबैंक की राजनीति के बहाने सामाजिक एकता की राह में अवरोध पैदा करने के प्रयास किये गए, जिसके कारण समाज के कई हिस्से अलग-अलग दुकान खोल कर बैठ गए और इसकी आज की राजनीति ने इसे मुंह मांगा इनाम भी दिया। जिसके कारण भारतीय समाज के बीच जो विविधता की एकता को दर्शाने वाली परंपरा रही, उसकी जड़ों में मट्ठा डालने का अनवरत प्रयास किया गया।

यह सभी जानते हैं कि जिस देश का समाज कम से कम राष्ट्रीय मामलों पर एक स्वर व्यक्त करता है, वहां किसी भी प्रकार की सामाजिक बिखराव के प्रयास धूमिल ही होते हैं। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को यह सामाजिक एकता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाते हुए ही अपनी राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को भारत की सांस्कृतिक एकता खटकती है। ऐसे लोग कुत्सित राजनीति के माध्यम से भारत की जनता के मानस में ऐसे बीज बोने का ही काम करते हैं, जो प्रथम दृष्टया विभाजनकारी ही कहे जा सकते हैं। ऐसे बयानों पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। क्योंकि यह विचार देश का भला नहीं कर सकता। अगर ऐसा विचार लेकर कोई राजनीतिक दल राजनीति करता है तो उसकी प्रासंगिकता पर भी सवाल हो सकते हैं। राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफरत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया। जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। आज की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि उनके सपनों को पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास नहीं किया जा रहा।

इसी कारण कहीं जातिवाद को हवा दी रही है तो कहीं तुष्टिकरण का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि हमारे राजनीतिक दल समाज को एक करने की दिशा में कदम उठाएं। इससे समाज का तो भला होगा ही, देश भी मजबूत होगा। वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अस्तित्व बरकरार रखने के जिस प्रकार का परिश्रम किया जा रहा है, वह निसंदेह आवश्यक भी था, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी पार्टी के इस अभियान को पलीता लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शामिल विदेशी अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उसे अनजाने में दिया बयान समझ कर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि सैम पित्रोदा कांग्रेस नेताओं के बहुत ख़ास रहे हैं। यहां तक कि राहुल गांधी के विदेशी दौरे भी यही प्रर्बधित करते हैं। सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उससे भारत की कांग्रेस ने भले ही किनारा कर लिया हो लेकिन विदेशों में सैम पित्रोदा भारत को किस रूप में प्रस्तुत करते होंगे, इस बात का सहज अनुमान लगाया जा सकता है।

सैम पित्रोदा के बयान का आशय यह भी निकाला जा सकता है कि वे भारत को एक देश के रूप में नहीं देख सकते। उनकी नजरों में शायद भारत की चारों दिशाओं में अलग-अलग देश दिखाई देते हैं। कुछ ऐसे ही बयानों के कारण कांग्रेस अपने अस्तित्व से जूझ रही है। कुछ इसी प्रकार के बयान कांग्रेस के अन्य नेता भी देते रहे हैं। कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते अनजाने में देश का विरोध करने लगती है। हालांकि कांग्रेस नेताओं का आशय देश विरोध का नहीं होगा लेकिन सवाल यह है कि कांग्रेस के नेता ऐसे बयान देते ही क्यों हैं, जिसका एक अर्थ ऐसा भी निकलता है, जिससे देश का विरोध होने का संकेत मिलता है।

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा कांग्रेस के लिए कोई छोटा नाम नहीं है। वे कांग्रेस के मुख्य कर्ताधर्ताओं में गिने जाते हैं। हालांकि चुनाव में उनके बयान का विपरीत प्रभाव न हो, इसलिए सैम पित्रोदा का इस्तीफ़ा देना एक राजनीतिक कदम भी हो सकता है। अगर सैम पित्रोदा का इस्तीफा लेना ही था तो उनके पहले दिए बयानों पर भी तो लिया जा सकता था लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। इससे कांग्रेस की सोच का पता चलता है और बैठे ठाले ही कांग्रेस ने भाजपा को एक और मुद्दा दे दिया। सैम पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस की एक बार फिर से फ़जीहत करा दी। राहुल गांधी के इर्द गिर्द राजनीति करने वाले कांग्रेस के बड़े नेताओं के पलायन करने के बाद भी अगर शीर्ष नेतृत्व इस बात से अनभिज्ञ है कि कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा क्यों हो रही है? तो स्वाभाविक ही है कांग्रेस को अपनी पिछली दो शर्मनाक पराजयों का बोध भी नहीं हो सकता। अभी तक के राजनीतिक इतिहास में अपने सबसे बड़े दुर्दिनों का सामना कर रही कांग्रेस पार्टी समूहों में विभाजित होकर अवनति के मार्ग पर बेलगाम बढ़ती जा रही है। यह समस्याएं उसकी खुद की देन हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में कांग्रेस की राजनीति में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसके पीछे बहुत सारे कारण हो सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि आज की कांग्रेस में स्पष्ट दिशा और स्पष्ट नीति का अभाव सा पैदा हो गया है। उसके जिम्मेदार नेताओं को यह भी नहीं पता कि कौन से मुद्दे पर राजनीति की जानी चाहिए और किस पर नहीं। इसी कारण कांग्रेस का जो स्वरूप दिखाई दे रहा है, वह अविश्वसनीयता के घेरे में समाता जा रहा है। यह स्थिति जहां एक ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति अनास्था की धारणा को जन्म देने वाला कहा जा सकता है, वहीं यह भी प्रदर्शित कर रहा है कि राहुल गांधी युवाओं को आकर्षित करने में असफल साबित हुए हैं। इसमें उनकी अनियंत्रित बयानबाजी भी कारण है। हम जानते हैं कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार नहीं, बल्कि कई बार झूठे बयान दिए हैं, जिसमें वे माफी भी मांग चुके हैं। यह बात सही है कि झूठ के सहारे आम जनता को भ्रमित किया जा सकता है, लेकिन जब सत्य सामने आता है, तब उसकी कलई खुल जाती है।

विचार

हाशिये पर जाती बहुजन समाज पार्टी

आर.के. सिन्हा

आज बसपा अपने पुराने अखिल भारतीय दलित संगठन के रूप में अपनी पहचान लगभग खो चुकी है, भले ही मायावती कहने को तो आज भी देश की सबसे बड़ी दलित नेता बनी हुई हैं। मायावती द्वारा बसपा के आंदोलनकारी चरित्र को नजरअंदाज करने और अपने परिवार के भीतर नेतृत्व को मजबूत करने के उनके फैसले ने पार्टी के विकास को नुकसान तो पहुँचाया ही है। दुर्भाग्य से, कई अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने भी यही रास्ता अपनाया है, जिनमें वे दल भी शामिल हैं जो वैचारिक रूप से शक्तिशाली आंदोलनों से उभरे थे। इसमें तमिलनाडु में द्रविड़ आंदोलनों से विकसित हुई डीएमके और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार की राष्ट्रीय जनता दल शामिल है।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपनी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के पद से हटा दिया है। छह महीने पहले ही उन्होंने आकाश को धूमधाम से अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। उन्होंने कहा कि आकाश तब तक उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी नहीं बन सकते, जब तक वे पूरी तरह परिपक्व नहीं हो जाते। आकाश आनंद बीते उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के शुरुआती दो चरणों में बसपा के प्रचार अभियान का मुख्य चेहरा थे। उनके भाषणों में भाजपा और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखे हमले किए गए थे। अप्रैल में सीतापुर में एक चुनावी रैली के दौरान कथित रूप से आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया था। मायावती को लगता है कि ये भाषण पार्टी द्वारा निर्धारित नियमों और नीतियों से भटक गए थे।

मायावती के इस तरह के अचानक फैसले पहले भी देखे गए हैं लेकिन महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इसका पार्टी और उनके दलित आंदोलन पर क्या असर होगा। बसपा के संस्थापक कांशीराम ने अपने परिवार को पार्टी से दूर रखा था और मायावती को उनके नेतृत्व कौशल के कारण ही अपना उत्तराधिकारी चुना था। इस रणनीति ने पार्टी को 2007 में उत्तर प्रदेश में अपने दम पर सत्ता दिलाई, जहाँ दलित समाज आबादी का लगभग 21 फीसदी हिस्सा हैं। हालांकि, मायावती बसपा को एक व्यापक बहुजन समाज की पार्टी के रूप में विकसित करने में विफल रहीं। पार्टी के कई संस्थापक नेता, जो ओबीसी, अल्पसंख्यक और दलित समुदायों का प्रतिनिधित्व करते थे, मायावती के नेतृत्व शैली से असंतुष्ट होकर पार्टी छोड़ गए।

आज बसपा अपने पुराने अखिल भारतीय दलित संगठन के रूप में अपनी पहचान लगभग खो चुकी है, भले ही मायावती कहने को तो आज भी देश की सबसे बड़ी दलित नेता बनी हुई हैं। मायावती द्वारा बसपा के आंदोलनकारी चरित्र को नजरअंदाज करने और अपने परिवार के भीतर नेतृत्व को मजबूत करने के उनके फैसले ने पार्टी के विकास को नुकसान तो पहुँचाया ही है। दुर्भाग्य से, कई अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने भी यही रास्ता अपनाया है, जिनमें वे दल भी शामिल हैं जो वैचारिक रूप से शक्तिशाली आंदोलनों से उभरे थे। इसमें तमिलनाडु में द्रविड़ आंदोलनों से विकसित हुई डीएमके और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार की राष्ट्रीय जनता दल शामिल है, जो लोहियावादी समाजवादी परंपरा और मंडल राजनीति की विरासत का दावा करती हैं।

बसपा के मामले में पार्टी के पतन को नए दलित नेताओं के उदय ने भी तेज किया है। पार्टी का वोट शेयर लगातार गिर रहा है। इस बात की संभावना कम ही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा उत्तर प्रदेश में कोई उल्लेखनीय परिणाम हासिल कर सकेंगी। अब उत्तर से पंजाब की ओर चलते हैं। बसपा की ताजा ताकत को जानने के लिए पंजाब के समीकरणों को जानना जानना जरूरी है, क्योंकि बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय कांशीराम जी पंजाब के रोपड़ शहर से ही थे। आप जब चंडीगढ़ से रोपड़ शहर में प्रवेश करते हैं तो आपको समूचे शहर की फिजाओं में लोकसभा चुनावों का रंग घुला हुआ मिलता है। सारा माहौल गुलजार है। आमतौर पर इधर बातचीत का मुख्य बिन्दू यही है कि राज्य की 13 लोकसभा सीटों में किस दल के हक के कितनी सीटें जाएंगी। पर यह एक दुर्भाग्य ही है कि बसपा दूर-दूर तक कहीं चर्चा में नहीं है। सभी को यह हैरान करता है। रोपड़ बसपा के संस्थापक कांशीराम का यह अपना शहर है। इधर ही उनका बचपन बीता, इधर के ही सरकारी कॉलेज से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। आप चाहें तो और हैरान हो सकते हैं कि उनके कॉलेज के आसपास भी बसपा का कोई झंडा तक दिखाई नहीं दिया। कुल मिलाकर यहां पर आकर चिराग तले अंधेरे वाली कहावत सच साबित होती दिखी। आखिर पंजाब के चुनावी समर में भी बसपा या कांशीराम की कोई भारी-भरकम उपस्थिति रोपड़ या पंजाब में क्यों नजर नहीं आ रही? पंजाब के कुछेक समाज शास्त्रियों से बातचीत के बाद हमें अपने सवाल का जवाब मिला। इन सभी की राय थी कि चूंकि पंजाब में सिख धर्म और आर्य समाज के प्रभाव के चलते दलितों को उस तरह से सामाजिक स्तर पर प्रताड़ित नहीं होना पड़ा, जैसे अन्य राज्यों में उन्हें झेलना पड़ा। इन दोनों मजबूत धार्मिक संस्थाओं ने जाति के कोढ़ पर हल्ला बोला। नतीजा यह हुआ कि पंजाब के समाज में दलितों का उत्पीड़न कम हुआ। इस पृष्ठभूमि की रोशनी में ही पंजाब का दलित अपने को बसपा से जोड़कर नहीं देखता।

अदानी-अंबानी पर मोदी और फंसे

लोकसभा के इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां एक ओर अत्यंत गरिमाहीन व अमर्यादित भाषण दे रहे हैं, वहीं उनके बयान एकदम तथ्यहीन भी होते हैं जो देश के लिये आश्चर्य कम और झटके अधिक साबित हो रहे हैं। वैसे तो श्री मोदी जब से देश के राजनीतिक क्षितिज पर उभरे हैं, अपने वक्तव्यों से वे झूठ के अंबार खड़े कर रहे हैं। दो कार्यकाल के जरिये दस साल का शासन लगभग पूरे कर चुके प्रधानमंत्री ने जितने असत्य व अर्द्ध सत्य कहे हैं, उसकी चाहे जितनी बड़ी फेहरिस्त बना ली जाये, कई झूठ छूट ही जायेंगे। कई लोगों का मानना है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिये अति व्यग्र मोदी तीन चरण के हो चुके मतदान के बाद अपनी साफ दिखती पराजय से इतने खौफ खाये बैठे हैं कि उन्होंने लोगों को प्रभावित करने के लिये अपने भाषणों में झूठ का तड़का बढ़ा दिया है।

हालांकि उसकी मात्रा कुछ ऐसी ज्यादा हो चली है कि अब ये भाषण बेस्वाद व कड़ुए हो चले हैं। विपक्ष, खासकर कांग्रेस पर वे अधिक हमलावर होते हैं। श्कांग्रेस मुक्त भारतश् के नारे के साथ दिल्ली की गद्दी पर 2014 में विराजमान हुए मोदी ने 2019 में कहीं बड़ा बहुमत हासिल किया था। इससे ताकतवर बने मोदी के सामने अब बड़ा लक्ष्य था श्विपक्ष मुक्त भारतश् बनाने का जिसके लिये भारतीय जनता पार्टी ने तमाम अनैतिक उपाय किये। इनमें विरोधी दलों की सरकारों को गिराने से लेकर विपक्षियों को डरा-धमकाकर या खरीदकर अपने खेमे में लाना शामिल था। उन्हें भी भाजपा में शामिल किया गया जिन पर उसकी ओर से भ्रष्टाचार या परिवारवाद के आरोप लगाये जाते रहे हैं। इसकी भी बहुत बड़ी सूची है। इस श्ऑपरेशन लोटसश् के चलते देश का संघीय ढांचा ही नहीं वरन पूरी की पूरी लोकतांत्रिक प्रणाली ही ध्वस्त कर दी गई। विपक्ष के कमजोर होने से मोदी सतत मजबूत होते चले गये। उन्होंने खुद को एकमात्र विकल्प बनाये रखने के लिये प्रतिपक्ष के साथ ही खुद की पार्टी को भी अपनी मुठ्ठी में कर लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भी उनके सामने एक नहीं चलती, जिसके कार्यकर्ता के रूप में खुद उनका सार्वजनिक जीवन शुरू हुआ था।

दूसरी ओर दस वर्षों में देश की संसद के साथ सभी संवैधानिक संस्थाओं को किस कदर कमजोर कर दिया गया- यह हर कोई देख रहा है। सारे फैसले चुनिंदा लोगों के हित में लिये जा रहे हैं। देश के सार्वजनिक उपक्रम कौड़ियों के मोल प्रधानमंत्री के कारोबारी मित्रों के नाम चढ़ चुके हैं। प्रतिरोध की आवाजें उठनी ही बन्द हो गई थीं। विरोधी सांसदों समेत अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को मोदी कुचलते चले गये। संसद के भीतर जनविरोधी फैसले कभी विरोधियों की अनुपस्थिति में तो कभी बिना चर्चा के, कभी अध्यादेशों के द्वारा या फिर सामान्य आदेशों के माध्यम से लिये गये। सभी राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक शक्तियां नरेंद्र मोदी ने अपनी जेबों में डाल दी हैं। देश में जातिवाद व साम्प्रदायिकता का चरम तो दिख ही रहा है, पूंजीवाद भी अपने उत्कर्ष पर है। प्रधानमंत्री मोदी के परम मित्र गौतम अदानी एवं मुकेश अंबानी को जिस मनमाने ढंग से भाजपा सरकार द्वारा फायदा पहुंचाया गया, उसकी गूंज देश के भीतर ही नहीं वरन विदेशों में भी पहुंच चुकी है।सितम्बर, 2022 के बाद समय ने पलटना शुरू किया जब राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से श्रीनगर की पैदल यात्रा निकाली।

इससे जहां एक ओर राहुल की वह छवि ध्वस्त हो गई जो भाजपा के आईटी सेल द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई थी, तो वहीं दूसरी तरफकांग्रेस पुनर्जीवित हो उठी। बड़ा परिवर्तन वह आया जिसका लोकतांत्रिक मूल्यों में भरोसा रखने वाली अवाम बेसब्री से इंतजार कर रही थी- विपक्षी एकता की राह प्रशस्त हो गई। इस यात्रा के दौरान राहुल ने देश का विमर्श बदल डाला। एक तरफ तो जनसरोकार के मुद्दे केन्द्र में लौट आये वहीं केन्द्र सरकार की विफलताएं तथा मोदी के अदानी-अंबानी से रिश्ते भी जगजाहिर हो गये। राहुल व कांग्रेस ने संसद के भीतर बड़ी कीमत चुकाकर अदानी के साथ मोदी के सम्बन्धों की आवाज उठाई। इसी साल 14 जनवरी को मणिपुर से निकलकर 18 मार्च को मुम्बई में समाप्त हुई राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने सरकार की चूलें हिला दीं। उद्योगपतियों के साथ अपने रिश्तों व उनके लिये काम करने वाली अपनी नीतियों के कारण मोदी बेपर्दा हो गये।

राशिफल

मेष :- नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

बृषभः- शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढे.गी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

मिथुनः- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति आपकी महत्ता बढे.गी।

कर्क :- कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

सिंहः- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

कन्या :- नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है। सन्तत्ति एवं सन्तानोत्पत्ति के लिए प्रयास सार्थक होंगे।

तुलाः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

वृश्चिकः- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा।

धनुः- सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

मकरः- बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

कुंभः- अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा। कार्य क्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी।

मीनः- पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

संयम और मनोबल विश्वास की कुंजी

संजीव ठाकुर

यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है। आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है। आज भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश है। हमारे देश के लाखों, करोड़ों युवाओं का जीवन लक्ष्य हीन है वे बहुत सारी इच्छाएं और महत्वकांक्षी रखते तो हैं पर उसके पीछे कड़ी मेहनत पक्का इरादा नहीं रखने की भूल कर देते हैं।

असफलता को झेलने के लिए आत्मविश्वास की परम आवश्यकता होती है, असफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दर्शाती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए।

सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी आस्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर फैज अहमद फैज ने कहा है दिल ना उम्मीद तो नहीं नाकाम ही तो है, लंबी है गम की शाम मगर शाम ही तो है। असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा।

यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है। आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है। आज भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश है। हमारे देश के लाखों, करोड़ों युवाओं का जीवन लक्ष्य हीन है वे बहुत सारी इच्छाएं और महत्वकांक्षी रखते तो हैं पर उसके पीछे कड़ी मेहनत पक्का इरादा नहीं रखने की भूल कर देते हैं और यही कारण है कि वे जीवन में इधर उधर भटक कर अत्यंत निराश होकर अपने जीवन को नशे और अन्य निराशाजनक मार्ग को अपना लेते हैं। प्रयास तथा कठिन परिश्रम की कमी ही युवा वर्ग की भटकाव की स्थिति की परिणति है। आज का युवा बिना सुनियोजित प्रयास के लक्ष्य की प्राप्ति की आकांक्षा रखने लगे हैं और असफल होने के बाद उसका मूल्यांकन ना कर असफल होकर किसी अन्य मार्ग को चुनने के लिए बाध्य हो जाते युवाओं की यह मानसिक स्थिति बड़ी आया हुआ है जो समाज के लिए निर्णायक साबित होती है और एक बड़ा युवा वर्ग गलत मार्ग की ओर प्रशस्त हो जाता है। ऐसे में युवाओं का जीवन बहुत ही कष्टदायक हो सकता है। युवा वर्ग को चाहिए कि लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए निरंतर कोशिश है और निरंतर श्रम करना चाहिए इसके बाद भी यदि असफलता मिलती है तो सम्यक मूल्यांकन कर असफलता के कारणों को दूर कर दुगनी रफ्तार से मेहनत कर उच्च लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। आज युवा आगे बढ़कर देश का जिम्मेदार नागरिक बनेगा ऐसे में युवाओं को सदैव लक्ष्य प्राप्ति और सफलता प्राप्ति के लिए निरंतर कठिन श्रम प्रयास संकल्प और अपनी जीवनी को नियमित रखना होगा जिससे घर, समाज और राष्ट्र की उन्नति भी होगी। उल्लेखनीय है की असफलता से ही सफलता की तमाम शिक्षा हमें प्राप्त होती है। विवेकानंद जी ने कहा है कि ब्रह्मांड की सारी शक्तियां हमारे ही भीतर ही है यह हम ही हैं जिन्होंने अपनी आंखों के सामने हाथ रखा है और रोते हुए कहते हैं कि अंधेरा है। मनुष्य के जीवन में आत्मविश्वास ही ऐसा गुण है जिससे हम संकल्पित होकर बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर जीवन में सफलता के झंडे गाड़ सकते हैं। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी लाल बहादुर शास्त्री, नरेंद्र मोदी और सबसे बड़े सफलता के और आत्मविश्वास के उदाहरण महात्मा गांधी ही हैं जिन्होंने आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से देश को आजादी दिलाने का महान कार्य किया है। फिर ऐसा क्या है कि देश के युवा वर्ग की बड़ी जनसंख्या हाथ में हाथ धरे सफलता का बैठे-बैठे इंतजार करना चाहती है। देश के नौजवानों को हमारे सफल महापुरुषों से शिक्षा लेकर सफलता के लिए अनंत तक आत्मविश्वास के साथ निरंतर श्रम करना चाहिए जिससे न सिर्फ उनका भला हो बल्कि पूरे समाज और पूरे देश का भला हो सके और देश पूरे विश्व में सीना तान कर अपने आसपास और सफलता की गाथा सुना सके। यह देखा गया है कि मानव अहंकार को ही आत्मविश्वास समझने की भूल कर देते हैं किंतु आत्मविश्वास घमंड और अहंकार मैं बहुत बड़ा फर्क है। आत्मविश्वास

खतरा लोकतंत्र और संविधान को नहीं : केशव प्रसाद मौर्या

▸ जिन्होंने राम मंदिर के न्यौता को अस्वीकार किया उन्हें जनता अस्वीकार करेगी

चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।

इण्डिया गठबंधन के राहुल गांधी और अखिलेश यादव देश की जनता को लोकतन्त्र और संविधान पर खतरे के नाम से बरगला रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि इस चुनाव में खतरा राहुल गांधी और अखिलेश यादव की राजनीति पर है तथा देश में एक बार फिर 400 सीटों से अधिक पर जीत हासिल कर नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश की बागडौर संभालने जा रहे हैं।

भाजपा के लोक सभा प्रत्याशी कु0 पुष्पेन्द्र सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तथा प्रदेश के उप मुख्यमन्त्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि इस बार फिर मोदी जी की ऐतिहासिक जीत होगी जिसमें एक तरफ गुण्डा मफियाओं तो दूसरी तरफ प्रधान सेवक का चुनाव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का सर्वांगीण विकास हुआ है।

बौखलाए विपक्ष मोदी जी के विकास रथ को रोकना चाहता है जो कि देश विरोधी हैं जबकि देशभक्त आज भी मोदी जी के साथ हैं। श्री मौर्या ने कहा कि इण्डी गठबंधन संविधान व लोकतन्त्र पर खतरा बताते हुए लोगों को गुमराह कर रहे हैं जबकि खतरा लोकतन्त्र का नहीं राहुल ओर अखिलेश की राजनीति का है और जनता ने इस ठग गठबंधन को पूरी तरह से नकार दिया है। उन्होने

कहा कि जिन्होंने राम मंदिर के न्यौता को अस्वीकार किया है उन्हें देश की जनता अस्वीकार करेगी।

पूर्व प्रधानमन्त्री राजीव गांधी ने कहा था कि केन्द्र जब विकास के लिए 1 रूपया भेजती है और विकास में 15 पैसे लगते हैं लेकिन मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार को समाप्त करते हुए कल्याणकारी योजनाओं का एक-एक रूपया बिना किसी भ्रष्टाचार के लाभार्थी के पास भेजा है। 34 लाख करोड़ रूपया पीएम किसान योजना के तहत सीधे किसान के खातों में पहुंचता है जिसमें न तो कोई बिचौलिया है ओर न ही भ्रष्टाचार है। श्री मोदी को नव युग का निर्माता बताते हुए कहा कि ऐसा नेता युगों युगों में एक बार मिलता है इसलिए मोदी को तीसरी बार प्रधानमन्त्री चुनने के लिए अपने प्रत्याशी को 5 लाख वोटों से जिताएं। इसके पूर्व सांसद कुं0 पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल ने कहा कि मोदी ने सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ हर जाति धर्म को योजनाओ का लाभ पहुंचाया है। पहले कुछ ही गांवों में बिजली पहुंचती थी लेकिन मोदी एवं योगी सरकार में प्रदेश के हर गांव में समुचित और समान रूप से बिजली पहुंचाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि बुन्देलण्ड सिंचाई व पीने के पानी के लिए मोहताज रहा है लेकिन अब हर खेत को पानी और हर घर को नल से जल पहुंचाया जा रहा है। चरखारी विधायक डॉ0 बृजभूषण राजपूत ने कहा यह चुनाव अखण्ड भारत के लिए चुनाव है यह चुनाव ग्राम व कस्बे का चुनाव नहीं है बल्कि देश की तश्वीर व तकदीर बदलने का चुनाव है।

आज देश मजबूत हांथों में है ओर इन हांथों को और भी अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी का आर्शीवाद जरूरी है। सभा को राठ विधायक मनीषा अनुरागी' महोबा विधायक राकेश गोस्वामी' जे0पी0 अनुरागी' सिद्धगोपाल साहू ने भी संबोधित किया। सभा के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता'' भागीरथ नगायच' चक्रपाणित त्रिपाठी' लोक सभा प्रभारी संजय दुबे जयंती राजपूत,' ब्लाक प्रमुख् सीमा कुशवाहा' पनवाड़ी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी, जैतपुर ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत पंकज तिवारी सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

सभा का संचालन जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने किया।

खेल-खेल में मोटर साइकिल का टूटा शीशा

डांट के डर से किशोरी ने कुएं में कूद कर दी जान

महोबा, समृद्धि न्यूज।

महोबा के एक गांव में हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। खेल-खेल में बाइक में धक्का लगने से वह गिर गई, जिससे बाइक का साइड मिरर टूट गया। परिजनों की डांट से डरकर किशोरी कुएं में कूद गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

बाइक गिर जाने से उसका साइड मिरर टूट गया। परिजनों की डांट के भय से किशोरी ने कुएं में कूदकर जान दे दी। घर पहुंचे माता-पिता को बड़ी बहन ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी तो उनके होश उड़ गए। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के शव का पोस्टमॉर्टम कराया।

जिले के अजनर थाना क्षेत्र के बुधवारा गांव निवासी चंद्रभान श्रीवास की 12 वर्षीय बेटी प्रीति श्रीवास डांट के भय से कुएं में छलांग लगा दी। बताया जा रहा है कि प्रीति अपने भाई-बहनों के साथ घर पर अकेली थी। घर पर खेलते समय प्रीति का बाइक में धक्का लग गया और बाइक गिर गई, जिससे बाइक का साइड मिरर टूट गया। मिरर के टूटने के भय से किशोरी ने गांव की दुकानों में मिरर की खोजबीन की, लेकिन न मिलने से हताश और डांट के भय से किशोरी ने घर के पीछे खेत में बने कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।

सुबह कुएं में उतराता मिला शव

किशोरी के चाचा जुगल किशोर ने बताया कि शनिवार को मृतका का पिता चंद्रभान मजदूरी करने के लिए गया था और मां रानी बकरियों को लेकर गई थी। घर पर कोई नहीं था। मृतका की बड़ी बहन सुषमा ने माता-पिता को बाइक का मिरर टूटने की जानकारी दी और बताया कि तभी से उसका पता नहीं चल रहा है तो परिजन रातभर किशोरी की खोजबीन करते रहे। रविवार को सुबह किशोरी का शव खेत में बने कुएं में उतराता मिला, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतका कक्षा सातवीं की थी छात्रा

परिजनों के अनुसार मृतका पांच भाई बहनों में चौथे नंबर की थी। बड़ी बहन का नाम उषा है, जिसकी शादी हो चुकी है और दूसरी का नाम सुषमा है। तीसरी निधि और सबसे छोटा भाई किशनू है। मृतका गांव के ही स्कूल में कक्षा सातवीं की छात्रा थी। बेटी की मौत से माता-पिता बदहवास है और उनका रो-रो कर बुरा हाल है।

खबरें एक नजर में

करंट से चाचा-भतीजी झुलसे, चाचा झांसी रेफर

राठ, समृद्धि न्यूज। करंट की चपेट में आए चाचा को बचाने गई भतीजी भी करंट की चपेट में आकर झुलस गई। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चाचा की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। जबकि भतीजी की हालत में सुधार है। कोतवाली के कैंथी गांव निवासी मंगल कूलर के तार लगा रहा था। तभी करंट की चपेट में आ गया। चाचा को करंट में चिपका देख जब 8 वर्षीय भतीजी सोनम पुत्री कोमल बचाने गई तो वह भी झुलस गई। स्वजन इलाज के लिए दोनों को सीएचसी ले गए। हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने चाचा को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। जबकि भतीजी की हालत में सुधार है।

शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने किया अंतिम संस्कार

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। कोतवाली के धनौरी गांव निवासी विनोद पुत्र हरीराम ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे में फांसी लगा ली। स्वजन आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। तीन पहले मझगवां थाने के गिरवर गांव के भैरव बाबा मंदिर के पास एक व्यक्ति का सड़ा गला मिला शव की शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार करा दिया है। गुरुवार को मझगवां थाने के गिरवर गांव के पास भैरव बाबा मंदिर के पास एक व्यक्ति की सड़ी गली लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी।गांव के चौकीदार ने मझगवां पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची डॉग स्क्वायड टीम ने जांच पड़ताल की थी। शव को सीएचसी के शव गृह में रखा दिया था। 72 घंटे बीत जाने के बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हुई। मझगवां थानाध्यक्ष नंदलाल प्रजापति ने बताया कि शव की शिनाख्त न होने पर उसका पोस्टमार्टम कराया गया और पुलिस प्रशासन ने शव का अंतिम संस्कार किया है।

आत्महत्या का प्रयास

राठ, समृद्धि न्यूज। कोतवाली के कुम्हारिया गांव निवासी नसीवन पत्नी मोहम्मद खान ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

पुलिस ने शांति भंग में किया चालान

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। बीती रात नशे में धुत दबंगो ने लेन देने को लेकर सुमेरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष के घर में जाकर गाली गलौच की है। पुलिस ने दबंग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शांति भंग में चालान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक सुमेरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने पुलिस को बताया कि बीती रात सुमेरपुर कस्वा निवासी योगेंद्र प्रताप सिंह ने नशे में धुत होकर घर आकर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी है। बताया जाता है कि योगेंद्र का बड़ा भाई नगर पंचायत का चुनाव भी लड़ा था,इसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। तभी योगेंद्र ने घर में घुसकर गाली गलौच की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शांति भंग में गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

पति के अत्याचार सें तंग पत्नी ने पुलिस से की शिकायत

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति के अत्याचारों से तंग आकर कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए पति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम मदारपुर निवासिनी संगीता पत्नी बबलू निषाद ने पुलिस को बताया कि उसका पति बबलू का चाल चलन ठीक न होने के चलते उसने अपनी पूरी जमीन गिरवी रख दी है और वह घर में खाने-पीने की व्यवस्था भी नहीं करता उल्टा उसके व तीन बच्चों के साथ मारपीट करता है। 11 तारीख को बबलू ने संगीता व बच्चों को घर में जमकर मारा पीटा और मायके से रुपया व अनाज ना लाने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। संगीता ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए अपने पति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। तहरीर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जेवर व पांच लाख की धनराशि लेकर भागी युवती

महोबा, समृद्धि न्यूज। एक युवती अपने घर से लाखों की नकदी व जेवरात लेकर रफूचक्कर हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नही चल सकता तो पिता ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने एक युवक के खिलाफ धारा 366 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महोबा मुख्यालय के एक मुहाल के निवासी युवक ने बताया कि 10 मई की सुबह करीब साढ़े 10 बजे से उसकी 20 वर्षीय पुत्री घर से अचानक लापता हो गई। उसने बताया कि घर के सामने संध्या तिवारी का मकान है। वह अपने भाई मोहित, मोनू व पुत्र के साथ रहती है। उसका भाई मोहित तिवारी उसकी पुत्री से बात करता था। पुत्री को बात करते हुए उसकी पत्नी ने एक बार पकड़ा भी था और समझाया गया था। पुत्री ने कहा कि वह आज के बाद बाद नहीं करेगी। पिता ने आरोप लगाया कि मोहित तिवारी ही उनकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुत्री घर में रखा 10 लाख कीमत का जेवर, पांच लाख की धनराशि व अपनी मार्कशीट आदि लेकर चली गई। पिता ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मोहित तिवारी के खिलाफ धारा 366 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना को लेकर युवती के परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है।

जलसंस्थान की मोटर फुंकने से कई मोहल्लावासी पीने के पानी को दर-दर भटकने को मजबूर

▸ एक सप्ताह से फुंकी मोटर शिकायत के वाद भी नही जाग रहे जिम्मेदार

पनवाड़ी/महोवा, समृद्धि न्यूज।

जल संस्थान की वैगन तालाव पर सी डव्लू आर की मोटर फुक जाने से उपभोक्ताओ का आरोप है कि एक सप्ताह से करीव एक दर्जन मोहल्ले वासी पीने के पानी को ऐसी भीषण गर्मी मे दर दर भटक रहे है।शिकायत के वाद भी जिम्मेदार गहरी निन्द्रा सो हुए है।

बता दें जल संस्थान की ओर से अलग अलग क्षेत्रो मे करीव आधा दर्जन मोटरो से वाटर सप्लाई तीन दिन मे एक वार उपभोक्ताओ को मिलता है।इसी क्रम मे वैगन तालाव से सप्लाई वस स्टेन्ड वनियाट पुरा पठानपुरा रहुनिया धुवियाना भरमपुरा जुलेहटी काजीपुरा अलीपुरा आदि करीव एक दर्जन मुहल्लो मे वाटर सप्लाई मोटर फुकने से वाधित वनी हुयी है।उपभोक्ताओ का आरोप है कि करीव एक सप्ताह वीत जाने के वाद भी जल संस्थान की ओर से सप्लाई नही दी जा रही है। आरोप है कि जे ई यहा नही रहते वह कभी कभार ही आकर चले जाते है यहाँ स्थाई रूप से विजय नामक कर्मी रहता है। जो उपभोक्ताओ की शिकायत का कोई निराकरण नही करता इसी कारण उपभोक्ता ऐसी भीषण गर्मी मे पीने के पानी को दर दर भटक रहा है।ग्राम पंचायत की ओर से पानी के टेंकर कस्वेवासियो की काभी हद तक बुजा रहें प्यास। पानी की समस्या से त्रस्त उपभोक्ताओ को एक सप्ताह से पानी न मिलने के बाबत जल संस्थान जे.ई. पवन कुमार ने एक सप्ताह से पानी न मिलने की वात को नकारते हुऐ वताया कि कल मोटर फुक गयी थी। मोटर वन रही है आज शाम तक मोटर लगाकर सप्लाई दे दी जायेगी।

लाठियों से पीटकर युवक को किया घायल

आरोपी व उसके अज्ञात साथियों पर लिखा गया मुकदमा

महोबा, समृद्धि न्यूज। शहर के मकनियापुरा निवासी इरशाद ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 10 मई की दोपहर 2 बजे वह घर के पास ही पठा तिगैला में खड़ा था। तभी विक्की सिंह निवासी समदनगर अपने अज्ञात साथियों के साथ आया और अचानक गाली गलौज करने लगा। गालियां देने से मना करने पर इन लोगों ने लाठियों से उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी विक्की सिंह व उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ धारा 323, 504 व 506 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डामर व कुशौलीपुरवा गांव में पेयजल संकट बरकरार, पाइप लाइन क्षतिग्रस्त

कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

कुरारा विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव व कुशौली पुरवा गांव में पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन लीकेज होने के कारण लोगो को पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। वही ऊंचाई वाले घरों में रात्रि में भी पानी की सप्लाई नहीं पंहुच पाती है।

दोनो गांवों में पेयजल आपूर्ति करने के लिए नलकूप स्थित है। डामर गांव से कुशौली पुरवा को गई पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन कई जगह क्षति ग्रस्त हो गई है। जिससे सप्लाई के दौरान पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। डामर गांव निवासी कमलेश तिवारी, राजेश दिवेदी, शिवशरण दिवेदी, खड्ग सिंह यादव, सज्जन दिवेदी, कुशोली पुरवा गांव निवासी शीलू, चंद्रभान सिंह, अनिल यादव, बबलू यादव, नारायण आदि ग्रामीणों ने बताया कि हमारे मकान ऊंचाई वाले स्थान में है। जिससे पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही है। कुशौली पुरवा को गई पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन कई जगह क्षति ग्रस्त हो गई है।जिनको विभाग द्वारा ठीक नही किया जा रहा है। जिससे पेयजल आपूर्ति दौरान प्रेशर न बन पाने से ऊंचाई वाले इलाकों में पानी की आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों ने पाइप लाइन के लीकेज ठीक कराए जाने की मांग की है।

गेहूं के अवशेष जलाने से नष्ट हो रहे है उत्पादक तत्व, कर्मचारी चुनाव में व्यस्त

कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। कुरारा विकास खंड क्षेत्र के जल्ला गांव में किसानो द्वारा गेंहू के अवशेष जलाने का कार्य किया जा रहा है। शासन के प्रयास के बाद भी पराली जलाने का काम धड़ल्ले से हो रही है। शासन के रोक के बावजूज भी गांव में गेंहू की फसल के अवशेष जलाने का कार्य किया जा रहा है। जागरूकता के अभाव में किसान अभी भी पराली जलाने का कार्य कर रहे हैं। कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा गांवों में किसानो इसके प्रति जागरूक नहीं करने से किसान अभी भी पराली जलाने का कार्य कर रहे हैं। लिहाजा मिट्टी के उत्पादक तत्व खेती से नष्ट हो रहे है इधर कृषि विभाग के कर्मचारी व लेखपाल चुनाव डियूटी में व्यस्त है जिससे इस मामले में कोई ध्यान नही दिय जा रहा है।

चाचा ने मकान पर कब्जा कर भतीजियों को धमकाया

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के ग्राम अरतरा में अपनी भाभी के मरते ही भतीजियों के मकान पर ताला डाल दबंग चाचाओं ने कब्जा कर लिया है जिस पर पीड़ित तीनों बहनों ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए दबंग चाचाओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

कानपुर देहात के ग्राम सरवन खेड़ा निवासी गीता बेवा गंगाराम व जहांगीराबाद निवासी ममता पत्नी माता दीन तथा ग्राम माचा निवासी सुमन पत्नी लल्लू ने पुलिस को बताया कि उनकी मां गंगिया बेवा गंगा दीन ने अपने जीवन काल में ही अपनी चल व अचल संपत्ति पुत्रियों के नाम कर दी थी।

25 अप्रैल 2024 को उनकी मां गंगिया की मौत हो गई जिस पर वह तीनों बहनें मिलकर अपनी मां की तेरही का खर्च उठाना चाहती थी लेकिन उनके चाचा रामखेलावन व तेजवा ने दान पुण्य की भावना प्रकट करते हुए अपनी भाभी की तेरही में खर्च होने का जिम्मा खुद ले तेरही का कार्यक्रम संपन्न कराया लेकिन जब 11 मई को वह तीनों बहनें अपने घर में ताला डाल अपनी ससुराल जाने लगी तो दबंग चाचा रामखेलावन व तेजवा ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि जब तक तुम्हारी मां जिंदा थी तब तक तुम्हारा सब कुछ था, अब तुम्हारा यहां कुछ नहीं है अगर दोबारा अरतरा में तुम लोगों ने कदम रखा तो तुम्हारी लाशें ही यहां से जाएंगी।

तीनों बहनों ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए अपने दबंग चाचाओं के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है वही यह घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है। तहरीर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

डीएम, एसएसपी ने अफसरों व कर्मियों को किया ब्रीफ

इटावा, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी इटावा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा जनपद में 13 मई को होने वाले लोकसभा

चुनाव के मतदान के दृष्टीगत मतदान में लगे पुलिस, सुरक्षा बलो के अधिकारियो कर्मचारियों को ब्रीफ किया गया। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी इटावा अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस एवं सुरक्षा बलों के अधिकारियों/कर्मचारियों को नुमाइस पंडाल में ब्रीफिंग मीटिंग आयोजित की गयी। इस दौरान डीएम, एसएसपी द्वारा लोकसभा चुनाव को शान्ति व्यवस्था ,निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाये रखने, चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न होने के तथा अफवाहों पर विशेष ध्यान देने के संबंध मे संबंधित को दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

मतदान के लिए 49 मतदेय स्थलों पर मॉडल बूथ बनाये गये

इटावा, समृद्धि न्यूज।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु लोक सभा क्षेत्र इटावा के विधान सभा भरथना एवं विधान सभा इटावा के समस्त 890 बूथों पर निम्न सुविधायें की गयीं हैं।

मतदाताओं एवं पोलिंग पार्टियों हेतु महिला एवं पुरुष शोचालय,दिव्यांग शोचालय की व्यवस्था की गयी है। मतदाताओं एवं पोलिंग पार्टियों हेतु पेयजल की व्यवस्था की गयी है। दिव्यांग मतदाताओं हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था की गयी है। पोलिंग पार्टियों को रात में रूकने हेतु बिस्तर आदि की व्यवस्था की गई है। पोलिंग

पार्टियों को मच्छरों से बचाव हेतु मोर्टिन आदि की व्यवस्था की गयी है। सभी बूथों पर धूप से बचाव हेतु टेंट /छाया की व्यवस्था की गयी है। समस्त बूथों पर दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प की व्यवस्था की गयी है। आशा एवं आंगनवाणी के द्वारा वृद्ध दिव्यांग मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने के लिये लगाया गया है। एएनएम एवं आशा द्वारा धूप /गर्मी से बचाव हेतु ओआरएस एवं मेडीकल किट की व्यवस्था की गई है। उक्त के अतिरिक्त 49 मतदेय स्थलों पर मॉडल बूथ बनाये गये हैं जिसमें बडे आकार के टेण्ट, सजावट,फर्नीचर, पेयजल आदि की अतिरिक्त व्यवस्था पंचायतीराज विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों के माध्यम से की गयी है।

चुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना

इटावा। लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण के लिए मतदान आज 13 मई दिन सोमवार को होगा। इसको लेकर आज नई मंडी परिसर से पोलिंग पार्टियां रवाना होना शुरू हो गई। चौथे चरण में इटावा सहित कुल 13 लोकसभा सीटों के पर मतदान होगा। तो वही बात की जाए इटावा सीट की तो इटावा संसदीय सीट पर कुल 18 लाख 23732 मतदाता है। इटावा संसदीय क्षेत्र में इटावा की सदर व भरथना विधानसभा एवं औरैया की तीन विधानसभा और कानपुर देहात भी शामिल है इटावा में 1486 मतदान केंद्र व 2030 मतदाता स्थल बनाए गए हैं। जिन पर मतदान होगा। बात की जाए प्रत्याशियों की तो लोकसभा सीट के लिए इटावा से कल 7 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है जिसमें भारतीय जनता पार्टी से प्रोफेसर रामशंकर कठेरिया समाजवादी पार्टी से जितेंद्र दोहरे तथा बहुजन समाज पार्टी से सारिका सिंह बघेल जबकि चार अन्य प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं जिनका भाग्य का फैसला 13 मई को मतदान के बाद ईवीएम में कैद हो जाएगा।

युवती से की छेड़छाड़, पुलिस ने की कार्रवाई

महोबा, समृद्धि न्यूज। शोहदे ने घर के बाहर झाड़ू लगा रही युवती के साथ छेड़खानी कर दी और जब उसने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ युवती की तहरीर पर धारा 354, 504 व 506 के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिले के खन्ना की निवासी युवती ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 8 मई की शाम करीब 6 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर झाड़ू लगा रही थी। तभी उसी समय गांव का ही आशू सिंह आया और उसका हाथ पकड़कर छेड़खानी करने लगा।

विरोध करने पर उसने गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला। पीड़िता ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी आशू सिंह के खिलाफ धारा 354, 504 व 506 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मतदाता वोट डालकर अपना कर्तव्य निभाएं : पं. मनुपुत्र दास

इटावा, समृद्धि न्यूज।

पं. मनुपुत्र दास सनातन धर्म प्रचारक इटावा ने हिन्दू समाज सहित लोकसभा क्षेत्र इटावा के समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वह 13 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक अपने पोलिंग बूथ पर जाकर अपना संवैधानिक, मौलिक अधिकार, कर्तव्य एवं जिम्मेदारी समझ कर मतदान करें और अन्य सभी मतदाताओं को प्रेरित कर जागरूक मतदाता का परिचय दें।

लोकसभा क्षेत्र इटावा के मतदाताओं से ई. हरिकिशोर तिवारी अध्यक्ष नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन इटावा ने अपील करते हुए कहा कि

लोकतंत्र के इस महापर्व लोकसभा चुनाव मे निर्धारित तिथि 13 मई को समय पर आप अपने मतदान केंद्र पर जाकर वोट डालें, मतदान करना आपका संवैधानिक और मौलिक अधिकार है इस चुनाव के महापर्व में भाग लेकर पहले मतदान फिर जलपान करें। जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र के भाग्य विधाता होते है इसलिए लोकतंत्र की यही पुकार मत खोना अपना अधिकार सारे काम छोड़कर पहले मतदान करें।

सड़क दुर्घटना में पांच घायल

इटावा, समृद्धि न्यूज। हाईवे पर टीयूवी कार को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे कार में सवार लोग घायल हो गए। जसवंतनगर के निलोई गांव निवासी नवनीत शाक्य की पुत्री 18 वर्षीया आकांक्षा व अरविंद की 13 वर्षीय पुत्री पूर्वी के साथ रामवीर की पत्नी व बहू तथा 58 वर्षीया कमला देवी टीयूवी कार संख्या यूपी 75 डब्ल्यू 7879 में सवार होकर लखना जा रहे थे। नगर से करीब एक किलोमीटर आगे हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से कार में जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया। कार में सवार आकांक्षा व पूर्वी को अंदरुनी चोटें बताई गई हैं जबकि अन्य लोगों को हल्की फुल्की चोटें आई हैं। हाईवे की एंबुलेंस के ईएमटी दिनेश कुमार व रवि कुमार व चालक कमलेश ने इन सभी को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां उपचार कराया गया।

प्रशासन ने मतदान के दृष्टिगत रूट में किया परिवर्तन

इटावा, समृद्धि न्यूज।

इटावा 41 लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत सुगम यातायात व्यवस्था हेतु पोलिंग पार्टी रवाना होने के उपरान्त तथा समस्त पोलिंग बूथ की ईवीएम मशीनें जमा होने के पश्चात व पोलिंग पार्टियां को अपने गंतव्य को ओर रवाना होने तक जनपद में रूट डायवर्जन किया गया।

फर्रुखाबाद की तरफ से आने वाले भारी वाहन बसरेहर, फर्रुखाबाद अंडर ब्रिज इटावा होकर जाना चाहते हैं, वह भारी वाहन थाना चौबिया क्षेत्रान्तर्गत कर्री पुलिया से सैफई हवाई पट्टी होते हुए आईटीआई चौराहा हाइवे इटावा होकर अपने गंतव्य को

जायेंगे। इकदिल की तरफ से फर्रुखाबाद ओवर ब्रिज हाइवे के नीचे से होकर फर्रुखाबाद जाने वाले भारी वाहन, आईटीआई चौराहा ओवर ब्रिज के नीचे, से सैफई हवाई पट्टी, कर्री पुलिया होते हुये अपने गन्तव्य को जायेगे। थाना जसवन्तनगर से आने वाले भारी वाहन फर्रुखाबाद ओवर ब्रिज, बसरेहर होकर फर्रुखाबाद जाने वाले भारी वाहन, बकेवर, भर्थना कस्बा होते हुये अपने गंतव्य को जायेगे।

बस स्टैंड से रोडवेज की बसें जिन्हें फर्रुखाबाद की तरफ जाना है वह चौधरी पम्प तिराहा, एसएसपी चौराहा, आईटीआई चौराहा से सैफई हवाई पट्टी होकर कर्री पुलिया होते हुए अपने गंतव्य को जाएगी।।जो हल्के वाहन बसरेहर की तरफ से फर्रुखाबाद अंडर ब्रिज हाइवे इटावा होकर जाना चाहते हैं, वह वाहन जुगरामऊ चौराहा, से पचावली चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे।जो हल्के वाहन जसवन्त नगर आईटीआई चौराहे की तरफ से आने वाले वाहन फर्रुखाबाद की तरफ जाना चाहते हैं वह वाहन भर्थना ओवर ब्रिज से चितभवन नहर पुल होकर अपने गंतव्य को जायेंगे।पचावली चौराहा से भारी हल्के वाहन नवीन मण्डी की ओर नहीं आ सकेगें। यह वाहन हाइवे होते हुये अपने गंतव्य को जा सकेगें।

सूचना

मैं दिलीप सिंह पुत्र स्वर्गीय हरिकेश सिंह निवासी ग्राम डिडौली थाना हरचंदपुर जिला रायबरेली 2024 के लोकसभा चुनाव में 36 लोकसभा रायबरेली से अखिल भारतीय अपना दल का प्रत्याशी हूं, मैं यह घोषणा करता हूं की मेरे ऊपर थाना हरचंदपुर में मुकदमा संख्या 0429/2019 धारा 323,324,504,506 न्यायालय में विचाराधीन है।

'त्रुटि रहित मतदान कराने में मुख्य रोल मतदान दल का होता है'

- मॉकपोल पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में ही किया जाए
- मतदान के दिन कोई भी व्यक्ति बूथ के अंदर मोबाइल फोन व वीडियो, फोटो कैमरा ले जाना रहेगा प्रतिबंधित

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आज राजकीय मेडिकल कॉलेज के लेब थियटर में चल रहे दो पालियों में 600 मतदान कार्मिकों द्वितीय प्रशिक्षण दिया।

उन्होंने मतदान कार्मिकों से कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने में मतदान कार्मिक दल मुख्य धुरी होते है, त्रुटि रहित मतदान करने में मुख्य रोल मतदान दल का होता है, इसलिए प्रशिक्षण के दौरान भली भांति निर्वाचन प्रक्रिया को समझ लें। निर्वाचन में मतदान के महत्वपूर्ण कार्य को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जरूरी है कि सभी कार्मिक मतदान प्रक्रिया के सम्बन्ध में एवं ईवीएम मशीन सहित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि जिस किसी मतदान कार्मिक को मतदान प्रक्रिया के संबंध में कोई प्रश्न या जानकारी लेनी हो तो अवश्य ही अपनी सभी समस्याओं का समाधान कर लें। उन्होंने कार्मिकों को मॉकपोल के समय विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉकपोल पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में किया जाए, अगर पोलिंग एजेंट निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं होते हैं तो 15 मिनट इंतजार करने के पश्चात जोनल या सेक्टर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मॉकपोल करना सुनिश्चित करेंगे, मॉकपोल करने के समय यह ध्यान में रखा जाए कि सभी प्रत्याशियों के साथ नोटा को भी वोट डाला जाए, उसके बाद कार्मिक सीआरसी करना न भूलें। प्रशिक्षण दौरान पीठासीन अधिकारियों के कार्य, मतदान प्रक्रिया के सम्बन्ध में प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी के कार्यों, ईवीएम संचालन प्रक्रिया सहित मतदान के समय मतदाता की बांई हाथ तर्जनी उंगली पर स्याही का निशान अवश्य लगाया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता के इपिक कार्ड के अतिरिक्त मतदाता द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी 12 विकल्प के फोटोयुक्त पहचान पत्रों के लाये जाने के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन कोई भी व्यक्ति बूथ के अंदर मोबाइल फोन व वीडियो, फोटो कैमरा आदि पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों रवाना होने के दिन समय से कालपी रोड नवीन गल्ला मंडी में पहुंचे उस दिन उपलब्ध कराई गई सामग्री का मिलान अवश्य करें, सामग्री प्राप्त होने के बाद निर्धारित वाहन से अपने गंतव्य के लिए रवाना हों। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा संपूर्ण मतदान प्रक्रिया एवं ईवीएम मशीन के संचालन से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की। मास्टर ट्रेनरों द्वारा मॉकपोल, चेकलिस्ट, मॉडल लेआउट तथा विभिन्न प्रपत्रों को तैयार किये जाने एवं मशीन सीलिंग किए जाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों के द्वारा पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी के माध्यम से मतदान करने के लिए बनाए गए पोस्टल बैलेट काउंटरो का निरीक्षण करते हुए उपस्थित कार्मिकों से मतदान कराए जाने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए व्यवस्थित रूप से कार्यों को सम्पादित कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम दिनेश यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

प्रशिक्षण में मौजूद मतदान कार्मिक — समृद्धि न्यूज

गुलालझरिया गांव में पानी की तलाश में जंगल से भटक कर गांव में आए हिरण पर कुत्तों ने बोला हमला, हुई मौत

दुद्धी सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

रेनुकूट वन प्रभाग के बघाडू वन रेंज के गुलालझरिया गांव में रविवार की सुबह एक तीन सींग वाला हिरन पानी की तलाश में जंगल से भटक कर गांव में आ गया। जहां गांव के कुत्तों ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रेनुकूट वन प्रभाग के बघाडू वन रेंज क्षेत्र के गुलालझरिया गांव में कर्री गांव की तरफ से भटककर आए एक हिरण पर गांव के आवारा कुत्तों ने देख उसके पीछे पड़ गए और हमला कर दिया। दौड़ दौड़ कर प्यासा हिरण थक गया और गुलाल झरिया गांव निवासी शिव बालक के खेत में जाकर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। यह सब देखते ही आसपास गांव के ग्रामीणों ने कुत्तों से हिरण को बचाने का प्रयास किया। मगर तब तक हिरण की मौत हो चुकी थी।ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग के बीट प्रभारी को दिया। सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने हिरण को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गए। तेज धूप और गर्मी के तपन से जंगल के जीव जंतु जानवर पशु पक्षी बेहाल है वहीं वन विभाग के अधिकारी अपने कमरों में पंखे की हवा में आराम फरमा रहे हैं। जंगल के जानवर पानी के प्यास के बिना इधर-उधर पानी की तलाश में भटक रहे हैं लेकिन संबंधित अधिकारी आंख मूंद के पड़े हुए हैं। फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी जंगल के जानवरों के लिए पीने के पानी के कोई व्यवस्था कहीं भी नहीं किया है जिसके चलते पानी की तलाश में जंगल के जानवर शहर की ओर गांव की ओर आ जा रहे हैं और कुत्तों की शिकार हो जा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने डीएफओ से जंगल के जानवरों के लिए जंगलों में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने की मांग किया है।

मातृ दिवस पर बच्चों के माताओं को किया गया सम्मानित

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

प्रकाश जीनियस पब्लिक इंग्लिश स्कूल में रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया ।आमंत्रित सभी माता एवं दादियों का उनके बच्चों के तरफ से माल्यार्पण और आरती पूजन किया गया । त्र्यत्रऔर चत्र छात्र-छात्राओं के द्वारा ग्रुप गीत से माहौल मातृमय हो गया ।बच्चों ने अपने-अपने तरीके से मां को सलाम किया । छात्रा अनामिका ने मां के प्यार और ममता के बारे में बताया। विद्यालय के छात्र -छात्रा अनुष्का ,सौम्या, निकिता ,कृतिका ,अक्षरा,यशराज इंग्लिश कविता लव यू मम्मी पर तथा रूद्रा, पूर्वी ,काव्या ,श्रेया ,प्रतीक ,आदि ने मां तू कितनी अच्छी है गीत गाया। टैगोर नगर की छात्राएं लुका छिपी बहुत हुई गाने पर डांस किया । छात्र-छात्राओं के माता एवं दादी को अंग वस्त्र के द्वारा सम्मानित किया गया ।विद्यालय के सभी बच्चों और माता को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद जैन ने कहा कि आज मातृ दिवस अथवा मां का दिन होता है ।संसार का कोई भी रिश्ता मर्म स्पर्शी नहीं हो सकता है ।मां के जैसा संसार में कुछ भी नहीं है ,यह ईश्वर के द्वारा बनाई गई सबसे अनमोल धरोहर है। विद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष कुमार पांडे ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा माता को अपने जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वरिष्ठ अध्यापिका एवं छात्र-छात्राओं के माता एवं दादी उपस्थिति रही।

पति-पत्नी के विवाद को सुलह समझौते कराया समाप्तः सविता

- महिला थानाध्यक्ष के प्रयास से 6 जोड़े रहने के लिये हुए राजी

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

जनपद में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में रविवार को महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में थानाध्यक्ष महिला थाना सविता सरोज मय टीम द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संम्बंध में 06 जोड़ा पति-पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया जिससे पति-पत्नी राजी-खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए । इसके अतिरिक्त 02 प्रकरण में अग्रिम तिथि नियत की गई । काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष द्वारा परामर्श केन्द्र में आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया गया जिससे दोनों जोड़े हंसी-खुशी साथ मे रहने हेतु तैयार हो गये जिसपर पुलिस द्वारा उन्हें उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई ।

खबरें एक नजर में

फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर वाहन का संचालन करते चेकिंग में पकड़ा गया

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने पूर्व में जनपद में बिना नम्बर प्लेट, धुंधली नम्बर प्लेट, क्षतिग्रस्त नम्बर प्लेट, ग्रीस, मिट्टी लगी नम्बर प्लेट, कपड़ा बंधी नम्बर प्लेट, पंजीयन अंक छुपी नम्बर प्लेट व बिना हाई सिक्योरिटी (एचएसआरपी) नम्बर प्लेट लगाये संचालित हो रहे वाहनों पर नियमानुसार कार्यवाही किये एवं ऐसी वाहनों को कानून व्यवस्था में बाधा डालने व शासकीय राजस्व की चोरी में संलिप्त समझने व ऐसे वाहन के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल में जाने एवं ऐसे वाहनों के वाहन स्वामियों के विरुद्ध आईपीसी की 420 इत्यादि सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपार्ट (एफआईआर) दर्ज कराये जाने के निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देश के अनुपालन में राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, द्वारा चेसिस संख्या एमएटी 820003 एम 1 के 22716 वाहन संख्या यूपी 83 सीटी 5453 वाहन पोर्टल के अनुसार वाहन स्वामी अजय कुमार पुत्र रक्षापाल सिंह एवं वाहन ड्राइवर मनोज के विरुद्ध वाहन संख्या यूपी 83 सीटी 5452 की नम्बर प्लेट लगाकर संचालित करने एवं अन्य के संबंध में थाना कोतवाली डकोर में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी। परविहन विभाग के अधिकारियों द्वारा एक ही नम्बर के दो वाहन एक वाहन थाना डकोर व एक वाहन कोतवाली जालौन में निरुद्ध किया गया। यह तथ्य संज्ञान में आया कि एक ही नम्बर प्लेट की दो वाहनें अलग-अलग थाना, कोतवाली में निरुद्ध है, जिसकी जांच की गयी व फर्जी नम्बर प्लेट वाले वाहन के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए वाहन स्वामी व चालक के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी। चूंकि उक्त वाहन का चालक वाहन स्वामी की मिली भगत से वाहन पर मैनुअल फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर वाहन का संचालन करता था। इस प्रकरण में थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक, डकोर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सामान्य प्रेक्षक ने एनआईसी कक्ष में माइक्रो ऑब्जर्वर का रेंडमाइजेशन किया

उरई (जालौन)। सामान्य प्रेक्षक प्रदीप गावंडे केशोराव व जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु एनआईसी कक्ष में द्वितीय माइक्रो ऑब्जर्वर का रेंडमाइजेशन किया गया। रैण्डमाइजेशन के माध्यम से 125 केंद्र पर विधानसभा वार माइक्रो आब्जर्वर तैनात किए गए साथ ही 10 प्रतिशत माइक्रो आब्जर्वर रिजर्व किए गए कुल 139 माइक्रो ऑब्जर्वरों का रेंडमाइजेशन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि 139 माइक्रो आब्जर्वर को राजकीय मेडिकल कॉलेज में 16 मई 2024 को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दीप निगम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अहंकार व्यक्ति की बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता

कुसमिलिया (जालौन)। व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। डकोर ब्लाक के ग्राम मकरेछा में श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के पंचम दिवस पर कमठा से आये कथा वाचक पंडित हरप्रसाद महाराज ने यह बात कही। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास पण्डित हरप्रसाद महाराज ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। कथा व्यास ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। श्री कृष्ण जन्म में खिलौने, मिठाई प्रसाद, दही मक्खन का वितरण हुआ। श्रीमद्भागवत कथा में परीक्षित बने मैयादीन राजपूत व रामसती राजपूत ने भागवत महा पुराण की आरती की। भागवत पंडाल में ग्राम प्रधान मकरेछा धर्मेंद्र राजपूत, गुलजारी लाल, रसक लाल ग्रामवासी व सुदूर क्षेत्रों से आए श्रद्धालु मौजूद रहे।

रात्रि जागरण में गायब बाइक मामले का अभी नहीं हुआ पटाक्षेप

कालपी (जालौन)। रात्रि जागरण के दौरान बाईक गायब होने की घटना का अभी पटाक्षेप नहीं हुआ है। पुलिस ने शक के दायरे में आए युवक को हिरासत में लेकर पूंछतांछ शुरू की है। विदित हो कि शुक्रवार की रात नगर के मुहल्ला गणेशगंज में रात्रि जागरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ था जिसमें शामिल होने के लिए राजघाट निवासी भीमकुमार अपनी बाईक से गया था जो उसने भूमि विकास बैंक के पास खड़ी कर दी थी लेकिन थोड़ी देर बाद बाईक गायब हो गई थी जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की थी लेकिन कुछ ही देर में नाटकीय अंदाज में समीर नामक युवक उसको पंडाल के पीछे खड़ी कर गया था लेकिन बाईक मालिक ने इस घटना को अपने बजूद से जोड़कर आरोपी के खिलाफनामजद तहरीर दी है। हालांकि पुलिस इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल देना चाहती थी लेकिन यह खबर जब नगर में फैली तो रविवार पुलिस हरकत में आ गयी है। सूत्रों की माने तो पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूंछतांछ शुरू कर दी है। कुछ लोग तो घटना स्थल पर उसकी मौजदगी एवं घटना में अन्य लोगों के शामिल होने की भी चर्चा कर रहे हैं। वही युवक के हिरासत में आते ही सिफारिशों का दौर भी शुरू हो गया है जिसमें कुछ राजनेताओं के साथ एक विभागीय का नाम भी चर्चा मे है। कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद के अनुसार मामले की जांच की जा रही है अगर उसकी संलिप्तता सामने आई तो उचित कार्यवाही की जाएगी।

तमंचाधारी युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

जालौन (उरई)। किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े युवक को चौकी पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी युवक के पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया। चौकी प्रभारी दामोदर सिंह को सूचनास मिली कि मलंगा नाला के पास एक संदिग्ध युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देखते वहां से भागने का प्रयास कर रहे युवक हरिकिशोर निवासी मोहल्ला रावतान को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली गई तो युवक के पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

दूसरे दिन भी आयोजित की गई किसान मजदूर चौपाल

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

रविवार को तहसील भीटी के ग्राम काही में एनडीए के लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडेय के समर्थन में अजय श्रीवास्तव के निवास स्थान पर राष्ट्रीय लोक दल के तत्वाधान में किसान मजदूर चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।चौपाल में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शानदार नेतृत्व से देश का किसान मजदूर खुशहाल होगा।अंबेडकरनगर से भाजपा प्रत्याशी श्री पांडेय जी की जीत से किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का विकसित भारत का सपना पूरा होगा। इस मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय लोकदल मंडल अध्यक्ष अयोध्या शत्रुघ्न तिवारी, पी.सी.श्रीवास्तव सेवानिवृत्त शिक्षक ओमप्रकाश कनौजिया,कामता प्रसाद कनौजिया तथा प्रिया कनौजिया सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी मौजूद रहे।

सत्ताधारी दल संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग कर परेशान करने का कर रहा काम : अविनाश

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

देश में बेरोजगारी, महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न तथा खत्म हो रहे सौहार्द जैसे मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए सत्ताधारी दल संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग कर विपक्ष के प्रमुख नेताओं को जेल में डालने या परेशान करने का काम कर रहा है।रविवार को उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तथा प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने प्रेस क्लब में इंडिया गठबंधन की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने की।राष्ट्रीय महासचिव श्री पांडेय ने कहा कि यह 64वां फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र है जहां पर समन्वय बैठक की जा रही है।पूरे प्रदेश में एक बदलाव की लहर है। यह चुनाव जनता लड़ रही है और यह चुनाव इस देश को बचाने का चुनाव है।उन्होंने कहा कि यह चुनाव इस देश के लोकतंत्र व संविधान बचाने का चुनाव है।लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ रही है,गठबंधन इसमें अपनी भूमिका निभाते हुए इन सभी जो बदलाव का मूड बना सके उनको एक नेतृत्व दे रही है।श्री पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के बाद एक नई राजनीति की सोच आई है।एक जागरूकता आई है,बेरोजगारों में किसानों में एक बदलाव लेकर लोकतंत्र में विश्वास कर और लोकतंत्र को कायम रखने के लिए और संविधान जिसने हमें अधिकार दिए हैं।इस देश की सरकार और शासन को उसका सही उपयोग 2024 के चुनाव में किया जाए।उन्होंने कहा कि यह नारा एक जुमले के रूप में है, 400 का नारा देकर भाजपा भारत का संविधान बदलना चाहती है।इस देश में एक धर्म, एक जाति,एक चुनाव,एक पहनावा तथा एक खानपान करना चाहते हैं जबकि हमारे देश में हमारी विविधता में ही विशेषता है।भाई चारा हमारी सबसे बड़ी पहचान है।इस देश का संविधान विश्व का सबसे सुंदर संविधान है। प्रदेश महासचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा 2024 का चुनाव इंडिया गठबंधन जीतने जा रहा है।पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा कि आज भाजपा के नफरत के खिलाफ इंडिया गठबंधन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए मजबूती के साथ खड़ा है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा फैजाबाद लोकसभा का प्रत्येक कांग्रेसी तन मन धन से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जीतने के लिए जुटा हुआ है। बैठक का संचालन वेद सिंह ने किया।जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि बैठक को प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह,रामसागर रावत कविंद्र साहनी,सविता यादव, महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती रेनू राय,पूर्व ब्लाक प्रमुख कमलासन पांडेय,राम अचल यादव,सेवा दल के पूर्व जिलाध्यक्ष शीतल पाठक, मीसम आदि ने संबोधित किया।बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चुनाव — हालात न बदले तो बदल सकते हैं चुनावी समीकरण

मतदान पूर्व राजनीतिक दलों के लिए गंभीर चुनौती कार्यकर्ताओं का आपसी मनमुटाव

- भीतर और बाहर की लड़ाई में उलझे कार्यकर्ता और पदाधिकारी

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

राजनीति में बहुत कुछ राजनीति के हिसाब से भी देखने को मिलता है बात जब हम दलगत राजनीति की करें तो यहां भी दोहरे मापदंड देखने को मिले तो कोई अतिशयोक्ति नहीं बहरहाल अब जबकि लोकसभा चुनाव के मतदान की तिथियां बिल्कुल करीब है तो ऐसे में राजनीतिक दलों के लिए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी के आपसी मनमुटाव चुनावी समीकरणों को भी प्रभावित कर सकते हैं फिलहाल सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक कुछ राजनीतिक दलों में भीतर और बाहर के बदले हालात चुनौती बने हुए हैं मतदान पूर्व ऐसे हालातो को दुरुस्त करने और कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारी में आपसी तालमेल को लेकर मशक्कत भी देखी जा रही है फिलहाल जो भी हो लेकिन इतना साफ है कि इस अंतर कलह का मतदान पर असर पड़े इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। चुनाव चाहे देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा या प्रदेश की विधानसभा के हो इस तरह की स्थितियां होना आम बात है कि जब भी मतदान की तिथियां करीब आती हैं उससे पहले राजनीतिक दलों में भीतरी तौर पर बहुत कुछ ऐसा चल रहा होता है जिसका असर उस दल के कार्यकर्ता और पदाधिकारी पर होना स्वाभाविक ही है मसलन पार्टी में चुनाव आने के दौरान ही नेताओं का इधर से उधर होने की परंपरा बीते कुछ अरसे से तेजी के साथ देखने को मिल रही है इसका असर पार्टी के कार्यकर्ताओं के अलावा पार्टी में आस्था रखने वाले मतदाताओं पर भी पड़ना स्वाभाविक है पार्टी के कार्यकर्ताओं पर तो इसका असर यह होता है कि अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में आपसी समन्वय की स्थितियां भी गड़बड़ा जाती जो लोग दूसरे राजनीतिक दलों से निकलकर किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होते हैं। उस राजनीतिक दल के सिद्धांत और कार्य प्रणाली को जब तक वह पूरी तरह से आत्मसात नहीं कर लेते तब तक उन्हें उस राजनीतिक दल के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने में चुनौतियों के दौर से गुजरना पड़ता है यह भी देखा जाता है कि कभी-कभी तो विरोध की स्थितियां भी बन जाती हैं फिलहाल जो भी हो सूत्र बतलाते है कि इन दिनों यहां लोकसभा के लिए आगामी 20 मई को होने जा रहे मतदान से पूर्व जिस तरह से चुनाव प्रचार प्रसार के दौरान राजनीतिक दलों का माहौल देखने को मिल रहा है उसमें सर्वाधिक चुनौती पूर्ण बात यह है की कई राजनीतिक दलों में भीतरी तौर पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में ही आपसी समन्वय गड़बड़ाता नजर आ रहा है यहां तक बतलाया जाता है कि कुछ कार्यकर्ता भले ही अपने राजनीतिक दल के साथ चुनाव प्रचार प्रसार में शामिल नजर आते हैं पर भीतरी तौर पर वह अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी से संतुष्ट नहीं है अब ऐसे में चुनावी मतदान के समीकरण कैसे बन सकते हैं इस बात का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। कुल मिलाकर यह कहना बेमानी साबित न होगा कि राजनीति में राजनीति न हो यह तो संभव ही नहीं है पर जिस तरह से दोहरे मापदंड की स्थिति कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी में देखने को मिल रही है उससे यह बात स्पष्ट उजागर होती है कि इसका प्रभाव पूरी तरह से चुनावी मतदान और परिणाम पर देखने को मिल सकता है।

मतदाता प्रत्याशियों को खरी खोटी सुनाने में पीछे नहीं

उरई। अब जबकि जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र में मतदान को महज सप्ताह भर बचा है ऐसी स्थिति में जहां प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रत्याशी व उनके समर्थक चुनाव प्रचार में जुटे हुये हैं तो वहीं मतदाताओं के पास जैसे ही प्रत्याशी व उनके समर्थक पहुंचते हैं तो मतदाता प्रत्याशियों को जमकर खरी खोटी सुनाने से नहीं चूक रहे हैं। मतदाताओं के तेवरों को देखकर जहां प्रत्याशी सकते में आ जाते हैं तो वहीं उनके समर्थक भी मायूस होकर वहां से आगे की ओर कदम बढ़ा लेते हैं।

पांचवें चरण के मतदान में कालपी विधानसभा में 4 लाख मतदाता करेंगे मतदान

कालपी (जालौन)। लोकसभा चुनाव-2024 को कुशलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन तथा बीआरसी केंद्र कालपी के द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है। कालपी विधानसभा क्षेत्र के 3 लाख 99 हजार 564 मतदाता आगामी 20 मई को मतदान केंद्रों में वोट की चोट करेंगे। 54.18 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं के सापेक्ष 45.82 फीसदी महिला मतदाता मतदान में करेंगी भागीदारी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कालपी विधानसभा क्षेत्र में 467 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें कालपी तहसील के 320 तथा जालौन तहसील के 147 पोलिंग बूथ शामिल है। बीआरसी केंद्र कालपी के प्रभारी शशांक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि कालपी विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 16 हजार 472 पुरुष तथा 1 लाख 83 हजार 75 महिला मतदाता एवं 13 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

डीएन कॉलेज से 487 पोलिंग पार्टियों को किया गया रवाना

- तिर्वा विधानसभा क्षेत्र में है 398 मतदान केन्द्र
- 46 सेक्टर व पांच जोनल मजिस्ट्रेट रखेंगे क्षेत्र में नजर

तिर्वा, समृद्धि न्यूज

सोमवार को चैथे चरण के होने जा रहे मतदान को लेकर तिर्वा विधानसभा क्षेत्र के लिए डीएन इंटर कॉलेज से 487 पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। इन पोलिंग पार्टियों को 106 बसों से रवाना किया गया। प्रशासन ने विधानसभा क्षेत्र के 398 मतदान केन्द्रो पर 487 पोलिंग बूथ बनाए है। चुनाव को शांति पूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए विधानसभा क्षेत्र को पांच जोन में बांटा गया है। डीएन इंटर कॉलेज मैदान से एसडीएम अशोक कुमार व तहसीलदार अविनाश कुमार सिंह, नायब तहसीलदारों की देखरेख में पोलिंग पार्टियों की रवानगी शुरू की गई। सुबह 10 बजे से सभी बूथों के लिए ड्यूटी स्लिप वितरित की गई। एक पोलिंग पार्टी में पांच कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। पोलिंग पार्टियों को बूथों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने 106 बसों की व्यवस्था की। फिर बसों को मैदान में खड़ा कराया गया। दोपहर से ही पोलिंग पार्टियों की रवानगी का काम शुरू हो गया। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला, एसपी अमित कुमार आनन्द ने भी डीएन कॉलेज में पहुंचकर पोलिंग पार्टियों की रवानगी देखी। इस दौरान उन्होने निर्देश दिए कि सभी पोलिंग पार्टियां समय से अपने बूथों पर पहुंचे। सभी सेक्टर मजिस्टेट पोलिंग बूथों पर जाकर पोलिंग पार्टियों की स्थिति को चेक करें। एसडीएम अशोक कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव को शांति पूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए 46 सेक्टर मजिस्टेट की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा पांच जोनल मजिस्टेट तैनात रहेगें। ईवीएम मशीनों की अचानक खराबी आने पर तुरंत दुरस्त करने के लिए 20 तकनीकी कर्मचारियों को भी लगाया गया है। यह सभी कर्मचारी सेक्टर मजिस्टेट के साथ रहेगें। इसके अलावा कुछ मतदान कर्मियों को रिजर्व में रखा गया है। अचानक कोई समस्या आने पर रिजर्व में मौजूद कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

मतदान के लिए पोलिंग पार्टी निगम मंडी से पोलिंग स्टेशन के लिए की गई रवाना

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

लोकसभा मतदान के लिए निगम मंडी से पोलिंग पार्टी आज अपने-अपने पुलिस स्टेशन के लिए रवाना हुई। निगम मण्डी मे पोलिंग पार्टी को रवाना करते आरो जिलाधिकारी शुभ्रात शुक्ला व अपर जिलाधिकारी एआरओ उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने पोलिंग को रवाना किया। निगम मंडी में पोलिंग पार्टी को मतदान में काम आने वाली सभी सामग्री उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी तहसीलदार सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित अधिकारियों की देखरेख में पोलिंग पार्टी रावना की गईऔचक निरीक्षण पर छिबरामऊ मण्डी मे पोलिंग पार्टी को रवाना करते आरो जिलाधिकारी शुभ्रात शुक्ला व अपर जिलाधिकारी एआरओ उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने पोलिंग को रवाना किया। पोलिंग पार्टी हुआ पोलिंग पार्टी रवाना करने वाले कर्मचारियों को जिला अधिकारी द्वारा दिए गए सख्त निर्देश।

खबरें चलते-चलते

वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता शिविर कल

छिबरामऊ,कन्नौज। वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन 14 मई मंगलवार को प्रातः 10 बजे से नगरपालिका के सभागार में होगा। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिक समिति के अध्यक्ष भारत सिंह वर्मा ने बताया जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री चंद्रोदय के आदेशानुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती लवली जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं, उपभोक्ता फोरम एवं उनके अधिकार के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

बाजार जाने को कहकर निकली युवती सप्ताह भर से गायब

जालौन (उरई)। घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली युवती लगभग एक सप्ताह से लापता है। पीड़ित पिता ने पुलिस से बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खंडेराव निवासी अरविंद कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी बीती चार मई को घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थी। लेकिन वह शाम तक जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। सभी संभावित स्थानों, नाते रिश्तेदारों, परिचितों और उसकी सहेलियों के यहां सभी जगह तलाश कर लिया है लेकिन बेटी का कहीं पता नहीं चल रहा है। पीड़ित पिता ने पुलिस से बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस युवती की तलाश कर रही है।

बिजली घर में रखे 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आई

जालौन (उरई)। उरई मार्ग स्थित बिजलीघर में रखे 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराब आ गई। ट्रांसफार्मर में आई खराबी को ठीक करने का काम बिजली विभाग की टीम कर रही है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण नगर व ग्रामीण की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है। आपूर्ति सुचारू होने में समय लगने की उम्मीद है। रविवार की सुबह अचानक उरई बिजली मार्ग पर स्थित बिजली घर में रखे 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई। बड़े ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी होने पर विभाग की तकनीकी टीम ने ट्रांसफार्मर का परीक्षण शुरू कर दिया है। एसडीओ कौशलेंद्र सिंह, जेई नवीन कुमार की टीम ने ट्रांसफार्मर को खोल कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान ट्रांसफार्मर खराब होने का अंदेशा जताया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक टेस्टिंग का काम चल रहा था। टेस्टिंग के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। टेस्टिंग के दौरान पूरे दिन ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप्प रही। साथ ही नगर में भी लगभग पांच घंटे बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। इसके बाद भी शाम लगभग पांच बजे से अलग अलग फीडर पर बिजली की टेस्टिंग की जा रही थी। गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से लोगों को दिक्कत हो रही है एवं जलापूर्ति भी प्रभावित हुई है। टेस्टिंग के बाद यदि ट्रांसफार्मर बदलने की जरूरत पड़ी तो नगर व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति कई दिनों तक प्रभावित हो सकती है। इस बाबत एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग चल रही है। टेस्टिंग पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

देश के विकास के लिये मतदान बेहद जरूरी है: जमालुद्दीन सिद्दीकी

- जन प्रतिनिधियों समाजसेवियों ने मतदान के लिये लोगों को जागरूक किया

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

लोकसभा चुनाव 2024 के महापर्व 13 मई को जहां चौथे चरण के मतदान को लेकर नगर व क्षेत्र के तमाम समाजसेवियों ने मतदान की उपयोगिता बताकर लोगो को जागरूक किया। इस दौरान पूर्व विद्यायक जमालुददीन सिददीकी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिददीकी ने कहा कि देश के सर्वागींण विकास के लिये मतदान बेहद जरूरी है। क्योकि मतदान से चुनकर ही स्वच्छ छवि बाला नेता सदन तक पहुचता है।

नगर के रेलवे रोड स्थित आवास कार्यालय पर नागरिकों के समक्ष वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता ने कहा कि लोक सभा का चुनाव देश की जनता के लिये वेहद ही महत्वपूर्ण हैं। इसलिये सभी अपना बोट डाल कर सदन तक स्वच्छ छवि बाले प्रत्याशी को सदन तक पहुँचायें। पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि इन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र के सम्पूर्ण विकास के लिये मतदान करना आवश्यक है। मताधिकार का प्रयोग करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। वरिष्ठ समाजसेवी डा. मुकेश आर्य नें कहा कि स्वच्छ व ईमानदार छवि बाला नेता सदन मे पहुच कर जनता द्वारा चुना गया नेता बेरोजगारो व जनता के हक की लडाई पूरी ईमानदारी के साथ लड सकेगा। कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने कहा कि अकसर देखा गया हैं कि सरकारें पूरे कार्यकाल में बोट वैक की राजनीति करती रही है। बेरोजगार लोगो के बारे में सोचने के लिये उनके पास समय ही नही हैं। इसलिये जरूरी हो गया है कि जनता लोकसभा चुनाव में बढ चढ कर हिस्सा ले। युवा समाजसेवी आसिफ जमाल खॉन उर्फ पप्पी, व्यापारी नेता शिवमराज वर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, क्षत्रिय नेता राजसिंह उर्फ छोटे ठाकुर, एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष इशरत खॉन, सपा जिला सचिव ढडवोकेट शाहनबाज खॉन नें कहा कि मतदान करना बेहद आवश्यक है। मतदान प्रतिशत बढ़ने से आपके द्वारा चुना गया स्वच्छ छवि का जनप्रतिनिधि क्षेत्रीय जनता की समस्याओं के निस्तारण का कार्य करेंगे। इसलिए अब हम सभी संकल्प लें, कि पहले मतदान करेंगे बाद में जलपान करेगे।

तिर्वा क्षेत्र में 297 लोगों को पुलिस ने जारी किए रेड कार्ड

- तिर्वा में 100, इंदरगढ़ में 90 व ठठिया में जारी हुए 107 रेड कार्ड

तिर्वा,समृद्धि न्यूज

लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान संभावित गड़बड़ी को रोकने के लिए तहसील प्रशासन ने कुछ लोगों को चिन्हित कर उन्हे रेड कार्ड जारी किए हैं। पुलिस कर्मियों के जरिए सभी चिन्हित लोगों को रेड कार्ड पहुंचाए गए। इन लोगों पर प्रशासन की कड़ी निगाह रहेगी। पुलिस प्रशासन ने इन सभी को कड़ी हिदायत दी है कि आप मतदान करने के बाद बाहर नहीं घूमेगें। मतदान खत्म होने तक अपने घरों में ही रहेगें। तिर्वा कोतवाली प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया कि जिला प्रशासन के आदेश पर मतदान प्रक्रिया को शांति पूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए उन्होने कोतवाली क्षेत्र के 100 लोगों को चिन्हित कर उनको रेड कार्ड जारी किए है। सभी रेड कार्ड चिन्हित लोगों को पहुंचा दिए गए है। सभी को मतदान करने के बाद अपने घर में रहने की हिदायत दी गई है। इसी प्रकार से इंदरगढ़ थानाध्यक्ष आनन्द मिश्रा ने बताया कि उनके थाना क्षेत्र के 90 लोगों का चिन्हित कर रेड कार्ड जारी किए गए है। ठठिया थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह ने बताया कि उनके क्षेत्र में 107 लोगों को रेड कार्ड भेजे गए है। मतदान खत्म होने तक सभी को बाहर निकलने से रोका गया है।

उन्नीस लाख अट्ठासी हजार एक सौ पच्चीस मतदाता आज चुनेंगे अपना सांसद

- निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने को प्रशासन की तैयारियां पूरी, मतदान केन्द्रों के लिए पोलिंग पार्टियां हुई रवाना

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

सामान्य लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण में 13 मई सोमवार को कन्नौज संसदीय क्षेत्र में होने वाले मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने अपनी मौजूदगी में पोलिंग पार्टियों को रवाना किया। विधानसभा कन्नौज के लिए 485, विधानसभा छिबरामऊ 547 तथा विधानसभा तिर्वा 487 पोलिंग पार्टियां रवाना की गई है। इससे पहले जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आन्नद ने नवीन मंडी कन्नौज, छिबरामऊ तथा डीएन इंटर कालेज तिर्वा में पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण कर पोलिंग पार्टियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों से कहा कि मतदान की शुचिता बनाए रखने में आप सभी की महती भूमिका है। इसका निर्वहन निष्पक्ष रहकर करते हुए कार्य को संपन्न कराएं और अपनी-अपनी जिम्मेदारी को समझें। मतदान कार्य में किसी प्रकार की कोई लापरवाही बड़ी परेशानी बन सकती है इसलिए सजगता बरते। उन्होंने अधिकारी को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित मतदेय स्थल के अनुरूप मतदान सामग्री का भली भांति मिलान कर लें और यदि कोई सामग्री अवशेष हो तो अभी प्राप्त कर लें जिससे मतदान के समय कोई समस्या न होने पाए। अपनी टीम के साथ मतदेय स्थल पर पहुंच कर वहां की व्यवस्थाओं को भी देख ले और जो भी कार्य आवश्यक हो उसे समय रहते पूर्ण करा लें। अपना कार्य निर्भीक और निष्पक्षता के साथ संपन्न करें और किसी के दबाव या प्रलोभन में न आए। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से आवश्यकतानुसार पुलिस बल, अर्धसैनिक बल की तैनाती की गई है। इस अवसर पर वाहन व्यवस्था आदि का भी जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा कन्नौज के लिए 485, विधानसभा छिबरामऊ 547 तथा विधानसभा तिर्वा 487 पोलिंग पार्टियां रवाना की गई है जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा सकुशल मतदान संपन्न कराया जाएगा। बताया कि संवेदनशील अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर फोटोग्राफी वीडियोग्राफी कराई जाएगी, इसके अलावा पिंक बूथ मॉडल बूथ की भी व्यवस्था कराई गई है सभी मतदान केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, विद्युत, फर्नीचर की व्यवस्था, शौचालय आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई है। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र के जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस क्षेत्राधिकारियों के साथ निरन्तर भ्रमण करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने मतदान ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री स्मृति मिश्रा सहित समस्त उप जिलाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

मदर्स डे: दिन भर सोशल मीडिया पर छाई रही माताएं

- मां जैसा दुनिया में कोई नही, कुछ इस तरह के संदेशों का सोशल साइड्स पर पड़ा रहा पट

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज

इस दुनिया में मां जैसा कोई नहीं हो सकता, मां एक ऐसा व्यक्तित्व है। जो निस्वार्थ भाव से अपने बच्चों के लिए हर कदम पर मौजूद रहती है। दुनिया के इस खास और महत्वपूर्ण रिश्ते को और भी ज्यादा खास महसूस कराने के लिए हर साल पूरी दुनिया में 'मदर्स डे' मनाया जाता है। जैसा की हम सब जानते है। हर साल मई महीने के दूसरे रविवार को 'मदर्स डे' सेलिब्रेट किया जाता है। इस साल यह दिवस रविवार यानी 12 मई को मनाया गया। कहते हैं कि दुनिया में सबसे खूबसूरत और प्यारा रिश्ता कोई होता है। तो वह मां और बच्चे का रिश्ता होता है। मां और बच्चे का रिश्ता अटूट होता है। मां बच्चे को बिना किसी शर्त और स्वार्थ के प्यार करती है। वह हमें बिना किसी स्वार्थ के अपने कोख में नौ महीने तक रखती है। इसके बाद जब हम इस दुनिया में आते हैं। तो वह हमें खूब सारा प्यार और दुलार देती है। वह बच्चों का पालन पोषण करके उन्हें इस काबिल बनाती है। जिससे वह इस दुनिया में जी सकें। तो आज ममता की मूरत हमारी मां को खास महसूस कराने के लिए फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल साइड्स पर दिन भर शुभकामनाएं बधाई संदेशो का पट पड़ा रहा। सोचने बाली बात ये की जितना प्यार हम सोशल साइड्स के माध्यम से अपने माता- पिता के लिए आने बाले दिवसों में अच्छे अच्छे विचार व्यक्त करते है। काश हम सब रोज अपने माता- पिता के लिए प्यार दे तो हर दिन मातृ दिवस से कम नही। इस दुनिया में मां की तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती। इस जहां में मां से ज्यादा अनमोल कुछ भी नहीं है। संसार में कोई भी मां की जगह नहीं ले सकता। मां को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। कोई भी जिंदगी भर मां की ममता का कर्ज नहीं उतार सकता।

एक एहसास है माँ, जिसके बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं

- मदर्स डे पर आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम
- कक्षा में स्थान प्राप्त करने पर किया गया पुरस्कृत

समधन, समृद्धि न्यूज

एक बच्चे के लिए माँ उसकी पहली गुरू, पहली दोस्त और पहली सखी होती है। जब भी हमें चोट या दर्द होता है तो हमारे मुँह से सबसे पहला शब्द माँ ही निकलता है। हर बच्चे के लिए वो अपने दिल में बराबर का प्यार रखती है। यह बात मदर्स डे के मौके पर जीटी रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज के संस्थापक अशोक कुमार ने कही। रविवार को विद्यालय में मदर्स डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इससे पहले मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे संस्था के संस्थापक अशोक कुमार तथा संस्थापिका श्रीमती ज्ञानप्रभा देवी ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यापर्ण किया तथा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभाम्भ किया। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं की माताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। छात्रों की माताओं ने कार्यक्रम में उत्सुकता के साथ प्रतिभाग अपने अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। नन्हें मुन्ने बच्चों ने तू कितनी अच्छी हैं, तू कितनी भोली हैं तो वहीं तेरी उंगली पकड़ के चला जैसे गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर मौजूद सभी माताओं व शिक्षकों का मन मोह लिया। इस दौरान विद्यालय के संस्थापक ने कहा कि आज हम विद्यालय प्रांगण में मदर्स डे मना रहे हैं। इस कार्यक्रम में केवल माताओं को आमंत्रित करने का उद्देश्य यही है कि उन्हें वह सम्मान देना जिसकी वह पूर्णरूप से हकदार हैं। बच्चे के लिए मां उसकी पहली शिक्षक होती है। मां के बिना सृष्टि की रचना अकल्पनीय है। मां का प्यार ऐसा गहरा सागर है जिसकी कोई माप नहीं है। पिता की काम-काज में व्यस्तता के कारण बच्चों की पढ़ाई लिखाई के प्रति माताओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। वहीं प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कहा कि ईश्वर को देख पाना मुमकिन नहीं, लेकिन धरती पर हर शख्स के पास एक माँ होती है। माँ भावनाएँ बच्चे का भविष्य बनाती हैं। माँ वो शब्द है, जिसमें शायद पूरी दुनिया का प्यार और स्नेह छिपा हुआ है। हम चाहे जितने भी बड़े हो जाएँ, लेकिन अपनी माँ के लिए हम बच्चे ही रहते हैं। माँ अपने आप में संपूर्ण सृष्टि है। माँ की इसी भूमिका और योगदान को नमन करने के लिए इस खास दिन को उन्हें समर्पित है। इस दौरान पिछले सत्र में अपनी-अपनी कक्षाओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को उनकी माताओं के साथ प्रतीक चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथियों ने सम्मानित किया गया। वहीं इण्टरमीडिएट एवं हाईस्कूल टॉपर्स को भी प्रतीक चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर शिक्षक सरनाम सिंह, सीपी गुप्ता, मनमोहन सिंह, नवनीत कुमार, वीरेन्द्र सिंह, विकास कुमार, ओमेन्द्र सिंह, अमन यादव, फूल मोहम्मद, श्रीमती आरती राजपूत, अल्का दुबे, सलोनी, सीमा राजपूत, नाजरीन बानो, संध्या यादव, स्वाती अवस्थी, संजू यादव, मुस्कान इदरीसी, प्रतिभा, वैष्णवी पाल, शिवानी दुबे, लक्ष्मी शर्मा, रागिनी, निधी पाल, दीपिका तिवारी, प्रभा सिन्हा, शालिनी, प्रतिभा कुशवाहा, मनाली वर्मा अलावा सभी शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

चौथे चरण का मतदान आज, पोलिंग पार्टियां रवाना

- डीएम व एसपी घूम-घूमकर लेते रहे जायजा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों को जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने अपनी मौजूदगी में रवाना करवाया।

कल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए 1527 बूथों के लिये पोलिंग पार्टियों को मतदान सम्पन्न कराने के लिए रवाना किया गया। मतदान को को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 6108 मतदान कर्मचारियों की डियूटी लगाई गई है। जनपद में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए 1005 मतदान केंद्र और 1527 सेंटर बनाये गए है। निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए 15 जोनल मजिस्ट्रेट, 132 सेक्टर मजिस्ट्रेटों को तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में करीब 15 कम्पनी सीएपीएफ डिप्लॉय किया गया है। जिसमें 431 दरोगा, 3390 हेड कांस्टेबिल, कांस्टेबिल व 2688 होमगार्ड सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किए गए हैं। जिला अधिकारी डॉक्टर वी0के0 सिंह ने चारों विधानसभा क्षेत्र में लगे कर्मचारियों की डियूटी का निरीक्षण कर संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों की संवेदनशीलता को देखते हुए 192 बूथों पर सीएपीएफ डिप्लॉय किया गया है। जनपद के वार्डर की 18 सड़कों पर जो हमारे जनपद में आती हैं पर पुलिस पिकेट लगाई गई है। एसपी विकास कुमार ने सभी मतदाताओं से मतदान करने और नया रिकॉर्ड स्थापित करने की अपील की है। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदान कर्मचारियों के लिए फूड जोन बनाया गया है। जहाँ से कर्मचारियों को सस्ता और शुद्ध खाने पीने का सामान उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी वी0के0 सिंह घूम-घूमकर पोलिंग पार्टियों को रवाना करते रहे और आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से चुनाव के इस महापर्व में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की है। थाना कादरीगेट में सातनपुर मंडी से पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया।

पोलिंग पार्टियों के साथ पीठासीन अधिकारी महिलायें

अनुपस्थित रहने वाले 115 कर्मियों पर लटकी निलंबन की तलवार

फर्रुखाबाद। लोकसभा सामान्य निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु पोलिंग पार्टियां सातनपुर मंडी से मतदान केंद्रों के लिए रवाना की गयीं। जिसमें 115 कार्मिक के विलम्ब से आने और पार्टी की रवानगी के समय अनुपस्थित रहने की दशा में उनके स्थान पर रिजर्व कार्मिकों को मतदान कराने हेतु डियूटी पर लगाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी, कार्मिक द्वारा इन सभी के विरुद्ध विभागीय/ निलंबन की कार्यवाही करने एवं निर्वाचन कार्य में उदासीनता/ लापरवाही बरतने के लिए प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिये गये हैं।

मतदान आज, पूरे दिन गोटें बिछाने में लगे रहे प्रत्याशी

- अमृतपुर में 43 मतदान केंद्र व 57 बूथ बनाये गये
- राजेपुर में 61 मतदान केंद्र व 79 बूथ बनाए गए

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

कल होने वाले लोकसभा चुनाव का प्रचार पहले ही थम चुका है। ऐसे में प्रत्याशियों के दिल की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी गोटें फिट करने में लगे हुए हैं। बस सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक अपनी बात को पहुंचा रहे हैं। अमृतपुर थाना क्षेत्र में कल 43 मतदान केंद्र व 57 बूथ बनाए गए हैं। वहीं राजेपुर थाना क्षेत्र में जिनमें से तीन पिंक बूथ बनाकर उन्हें दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। अमृतपुर राजेपुर राठौरी व सोता बहादुरपुर को फूलों व गुब्बारे से सजाया गया। तहसीलदार अमृतपुर कर्मवीर सिंह ने बताया है 37 लोगों के वोट पोस्टल वैलेट के माध्यम से डलवाए गए हैं। जिनकी उम्र 85 वर्ष या उससे अधिक है या व्यक्ति विकलांग है जो मतदान केंद्र पर नहीं पहुंच सकता। थानाध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी ने बताया है कल होने वाले मतदान के समय मतदान के पास की बाजार को पूरी तरह से बंद रखा जाएगा। किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा। हमारी पुलिस फोर्स की चप्पे-चप्पे पर नजर है। अगर किसी अराजकतत्व ने किसी प्रकार की भी अराजकता फैलाने की कोशिश की, तो उसके खिलाफकठोर कार्यवाही की जाएगी।

राजेपुर में बनाया गया पिंक बूथ — समृद्धि न्यूज

रोड नहीं तो वोट नहीं के ग्रामीणों ने पोस्टर किये चस्पा

- इतनी जल्दी कैसे होगा समस्या का समाधान मतदान आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

ग्रामीणों ने फिर एक बार गांव में रोड न बनने को लेकर मतदान का बहिष्कार करने का फैसला लिया है, जबकि मतदान आज होना है। ऐसे में क्या अधिकारी इतनी जल्दी गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को मतदान करने के लिए मना पायेंगे, यह तो समय ही बतायेगा। जानकारी के अनुसार ब्लॉक नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम जयसिंहपुर में ग्रामीण काफी समय से रोड न बनने की मांग करते चले आ रहे हैं, लेकिन जनप्रतिनिधियों व प्रशासन ने उनकी समस्या का समाधान नहीं किया। जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गये और उन्होंने मतदान बहिष्कार का निर्णय इसलिए लिया कि शायद उनकी समस्या का समाधान हो जाये। फिर क्या था ग्रामीणों ने गांव में मतदान बहिष्कर के पोस्टर लगा दिये। जिसमें लिखा था कि रोड नहीं तो वोट नहीं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर के मैन गेट पर ग्रामीणों ने पोस्टर पकड़कर जमकर विरोध जताया। अब इतनी जल्दी उनकी समस्या का समाधान कैसे होगा, जबकि आज मतदान होना है।

बैनर के साथ मतदान का बहिष्कार करते ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

श्रीमद् भागवत कथा सुनने गये युवक को दबंगों ने पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सुनने गये युवक को गांव के ही दबंगों ने गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर नामजद आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बराकेशव निवासी राहुल पुत्र अनुरोध ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके गांव में सामूहिक साप्ताहिक भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। जिसमें आज वह दोपहर को भागवत कथा सुनने गया था, तभी गांव के ही आरोपीगण पीड़ित को गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो उक्त दबंगों ने पीड़ित के साथ लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। जिससे पीड़ित के काफी चोटें आईं। पीड़ित के बताए अनुसार मारपीट के बाद आरोपीगण धमकी भी देने लगे। जिस पर पीड़ित थाने आया और थाना पुलिस को गांव के ही नामजद आरोपी रामजीवन लाल पुत्र बहादुर, संदेश पुत्र बहादुर तथा दो-तीन अन्य लोगों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

खाकी से प्रताड़ित परिवार मकान बेचने को मजबूर

मकान के बाहर लगा बैनर — समृद्धि न्यूज

जानकारी देते पीड़ित परिवार के लोग — समृद्धि न्यूज

- घर के बाहर मकान बिकाऊ है का लगाया बैनर
- पुलिस जगह पर कब्जा कर बनवा रही बिल्डिंग

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

कस्बा जहानगंज निवासी ओमप्रकाश कटियार ने बताया जहानगंज थाने के पास उनकी पैतृक जमीन है। जिस पर न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद पुलिस द्वारा वेशकीमती जमीन पर कब्जा करने एवं थाना अध्यक्ष जहानगंज पर प्रताड़ित एवं धमकाने का आरोप लगाया है। जिससे उनका परिवार भय एवं खौफ की स्थिति में है एवं अपनी पैतृक जमीन छोड़कर बाहर निकल जाने की सोच रहे हैं। थाने के पास पड़ी पैतृक जमीन पर ग्राम पतौंजा निवासी कुछ मुसलमानों से विवाद चल रहा है। थाना पुलिस ने पूर्व में कुछ समय पहले उसकी जमीन पर मंदिर बनवा दिया था। अब बाकी बची हुई जमीन पर पुलिस द्वारा जबरन बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय प्रतिनिधि विधायक, सांसद एवं अन्य उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई। थाना दिवस, तहसील दिवस हर जगह पर भी शिकायत की गई, लेकिन आज तक शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा पुलिस द्वारा उन्हें प्रताड़ित कर धमकाया जा रहा है। ओमप्रकाश कटियार द्वारा अपने पैतृक मकान के बाहर पलायन का पोस्टर लगाकर अपनी पैतृक जमीन खेतीबाड़ी आदि बेचकर जिले से पलायन का ऐलान कर दिया है।

दबंग ने महिला के साथ की मारपीट, दी नामजद तहरीर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। घर के बाहर पड़ी जगह में कंडे पाथने गई गई महिला को गांव के ही दबंग युवक ने गाली-गलौज कर दिया। विरोध करने पर महिला को मारपीट कर थाने ना जाने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला पाल निवासी साधना देवी पत्नी कालीचरण ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आज सुबह अपने घर के बाहर जगह में कंडे पाथ रही थी, तभी गांव का ही आरोपी युवक मौके पर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। पीड़िता के मुताबिक जब उसने गाली-गलौज करने का विरोध किया तो उक्त आरोपी ने पीड़िता के साथ जमकर मारपीट की। जब पीड़िता रोते चिल्लाती अपने घर पहुंची तो आरोपी भी पीछे से पहुंच गया और गाली-गलौज करते हुए थाने ना जाने की धमकी दी। किसी तरह पीड़िता थाने आई और थाना पुलिस को मामले की नामजद आरोपी हसानुर पुत्र रघुनाथ निवासी नगला पाल के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़िता को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

निर्भीक व निडर होकर मतदान करें, पुलिस आपके साथ है

- थानाध्यक्ष ने कस्बे में किया भ्रमण, ग्रामीणों को दिया प्राइवेट नंबर

राजेपुर, समृद्धि न्यूज

थानाध्यक्ष ने भ्रमण कर जनता से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। साथ ही उन्होंने चेताया कि मतदान में खलल डालने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

थाना अध्यक्ष राजेपुर ने फोर्स के साथ लगभग आधा दर्जन गांव में भ्रमण कर जनता को सुरक्षा का भरोसा देने के साथ गांव के वरिष्ठ जनों से मतदान के महापर्व को अधिक से अधिक मतदान कर सफल बनाने की अपील की। इसके साथ ही थाना अध्यक्ष रणविजय सिंह ने सीयूजी फोन नंबर देने के साथ अपना प्राइवेट नंबर भी ग्रामीणों को दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई अराजक तत्व मतदान में किसी प्रकार से अशांति फैलाने का प्रयास करता है, तो तुरंत सूचित करें। पुलिस हर समय आपकी सेवा में तत्पर है। अराजकता फैलाने वाला व्यक्ति चाहे कितना ही राजनीतिक व आर्थिक पहुंच वाला हो किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। थाना अध्यक्ष रणविजय सिंह ने लगभग आधा दर्जन गांव हरिहरपुर वीरपुर, बिरसिंहपुर, दौलतपुर, भावपुर, अलीगढ़, मोहद्दीपुर में भ्रमण कर ग्रामीणों से कहा निडर और निर्भीक होकर मतदान करें। पुलिस आपके साथ है।

नगर में भ्रमण करते थानाध्यक्ष व फोर्स — समृद्धि न्यूज

मार्ग दुर्घटना में युवक घायल लोहिया रेफर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। ट्रैक्टर तथा बाइक की टक्कर से युवक घायल हो गया। गंभीर अवस्था में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव भगौरा निवासी इसरार अली पुत्र ऑफिसर अली अपने रिश्तेदार को छोड़कर फर्रुखाबाद से वापस अपने घर जा रहे थे, तभी नवाबगंज चौराहे पर अज्ञात ट्रैक्टर से बाइक टकरा गई। जिसमें इसरार अली पुत्र ऑफिसर अली गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल अवस्था में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार देने के बाद पीड़ित को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

आबकारी निरीक्षक ने छापा मारकर पकड़ी 75 लीटर कच्ची शराब

- देशी-विदेशी मदिरा की दुकानों को भी कराया बंद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

आबकारी निरीक्षक ने संदिग्ध ग्रामों व अड्डों पर दविश देकर 75 लीटर कच्ची शराब बरामद की। इस दौरान तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। वहीं आबकारी दुकानों को भी डीएम के आदेशानुसार बंद कराया गया।

जानकारी के अनुसार रविवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1, क्षेत्र 2 एवं क्षेत्र 3 मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम/अड्डों पर दविश दी गई। जिसमें 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 3 के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किए गये। इसके अलावा जिलाधिकारी के निर्देश पर देशी व विदेशी मदिरा की दुकानों को बंद कराया गया। मतदान के दिन आज भी सभी देशी विदेशी मदिरा की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। वहीं आबकारी निरीक्षकों ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

विदेशी मदिरा की दुकान बंद कराने के बाद पुलिसकर्मी

आरोप — ससुरालीजनों ने हत्या करने का लगाया आरोप

गृहकलह के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

गृह कलह के चलते युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्हत्या कर ली। वहीं ससुरालीजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव फतनपुर निवासी आशुतोष मिश्रा उर्फ राजा बाबू पुत्र मुकेश चंद्र मिश्रा (25) का परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। वह अपने परिवार के साथ बीती रात छत पर सोए हुए थे। परिजनों के सो जाने पर आशुतोष मिश्रा उर्फ राजा रात में किसी समय नीचे उतर आये और कमरे में कुंडे से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जब सुबह परिजन जागे और नीचे उतरे। जब पत्नी रागिनी उर्फ बबली ने कमरे का दरवाजा खोला, तो पति को फांसी पर झूलता देख उनकी चीख निकल गयी। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिये शव को नीचे उतारा और बरामदे में रखा। उसके बाद डायल 112 को सूचना दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने घटना की सूचना थाना अध्यक्ष अमोद कुमार को दी। जिस पर दरोगा हेमंत कुमार तथा हेड कांस्टेबिल बबलू मौके पर पहुंचे, तभी मृतक के ससुरालीजन भी आ गए और उन्होंने सीधे हत्या का आरोप लगाया। जिससे माहौल गर्म हो गया। मामले की स्थिति को भांपकर घटना की सूचना थानाध्यक्ष आमोद कुमार को दी गयी। सूचना पाकर थाना अध्यक्ष अमोद कुमार, कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरम, दरोगा नरेश चंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। जांच पड़ताल में परिजन जिस कमरे में मृतक ने फांसी लगायी उस कमरे के दरवाजे बंद कर ताला लगाकर फरार हो गये। पुलिस ने किसी तरह कमरे को खुलवाया, तो मौके से न तो कोई रस्सी या कपड़ा बरामद हुआ और न ही कोई साक्ष्य मिला। जब पुलिस ने थोड़ी सख्ती दिखायी, तो परिजनों ने एक साड़ी का कपड़ा दिया और बताया कि इसी से फांसी लगाई थी, लेकिन मृतक का साला धर्मेंद्र पाठक निवासी थाना जसरथपुर जनपद एटा लगातार हत्या करने का आरोप उसके भाइयों पर लगा रहा था। थानाध्यक्ष के निर्देश पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने बताया कि मृतक भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक से छोटा आशीष 23 वर्ष तथा अभय 19 वर्ष हैं। मां विमला देवी तथा पत्नी रागनी उर्फ बबली का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के साले धर्मेंद्र पाठक ने बताया कि उसने अपनी बहन की शादी तीन वर्ष पूर्व की थी, लेकिन बहन रागिनी के कोई भी संतान नहीं हुई थी। वहीं मृतक की पत्नी रागिनी उर्फ बबली भी रोते हुए कह रही थी कि मृतक पति काफी दिनों से बीमार चल रहा था और वह दवा के लिए पैसे मांगते थे। बीते दिन भी दवा के लिए पैसे मांगे थे, तभी दोनों भाइयों ने मिलकर मारपीट की थी। शायद इसी कारण मृतक ने मौत को गले लगा लिया। वहीं पूर्व प्रधान मनोज यादव भी घटनास्थल पर मौजूद रहे।

रोते बिलखते मृतक के पजिन — समृद्धि न्यूज

परिजनों से पूछताछ करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

इस बार त्रिकोणीय नहीं भाजपा-सपा में कांटे का मुकाबला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का कर रहे है दावा
- हजारों से लाखों में पहुंच गया सट्टा बाजार

40वीं लोकसभा के मतदान 13 मई सोमवार को मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसको लेकर पार्टी व उनके समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी की हार-जीत को लेकर गोटे बिछाई है। वहीं सट्टा बाजार भी गर्म है। भाजपा से दो बार के सांसद मुकेश राजपूत इस बार हैट्रिक लगाने के लिए बेताब है। स्वच्छ छवि के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को सपा ने पहली बार लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है। दोनों प्रत्याशियों में कड़ा मुकाबला है। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता तथा समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए कयास लगा रहे है। पूरे दिन कार्यकर्ताओं ने गोटे बिछाई। साथ ही साथ सट्टा बाजार भी गर्म है। मुकेश राजपूत का दस वर्ष का कार्यकाल एक तरफ है। जनता की बहुत सारी अपेक्षाये थी उन पर वह खरे नहीं उतरे। सबसे बड़ी अपेक्षा गंगा एक्सप्रेस-वे जनपद से छिन जाने के कारण इस चुनाव में विरोधियों को यह मुद्दा भी भुनाने को मिला है। कोई भी जनपद में उद्योग न लगने के कारण लोगों को दर्द है। हजारों युवा बेरोजगार घूम रहा है। किसानों की बाजिव मूल्य न मिलने के कारण उनकी भी कोई सरकार ने नहीं सुनी और उन्हें भी एक साल तक आंदोलन करना पड़ा था। इस बार बड़ी संख्या में भाजपा से शाक्य, मौर्या, कुशवाहा, सैनी वोट खिसक गया है। केवल लोधी वोट ही भाजपा के पास बचा है।

डा0 नवल किशोर शाक्य व सांसद मुकेश राजपूत

ब्राह्मण, ठाकुर, वैश्य समाज के वोट निर्णायक भूमिका अदा कर सकते है, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग का वोट भी भाजपा के साथ पूरी तरह नहीं माना जा सकता है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य पहली बार चुनाव मैदान में है। क्षेत्रीय जनता को उनसे काफी उम्मीदे है। ऐसे में किस प्रत्याशी का भाग्य 4 जून को सितारा बनकर उभरेगा, यह तो 4 जून को ही पता चल पायेगा। वैसे तो डा0 नवल किशोर शाक्य सरल स्वभाव के व्यक्ति है। चिकित्सक होने के नाते वह काफी लम्बे समय से समाज के साथ जुड़े हुए है। इसका भी उन्हें लाभ मिल सकता है।

अब देखना यह है कि मतदाता किसके साथ सर्वाधिक संख्या में खड़ा दिखायी देता है। अभी किसी भी प्रत्याशी की जीत को लेकर कयास ही लगाये जा सकते है, लेकिन इस बार का चुनाव त्रिकोणी न होकर आमने-सामने का है।

आज 1747182 मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

लोकसभा चुनाव में इस बार 1747182 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुनेगे अपना जन प्रतिनिधि। वहीं 110 वर्ष की आयु पूरी करने वाले 4 मतदाता है। 85 वर्ष के आयु 10784 मतदाता, **110 से 119** वर्ष के मतदता मेल 2 व फीमेल 2 है। **120 वर्ष** के मतदाता मेल 3 है।

पिछले चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी को 221702 मतों से भाजपा ने हराया था

फर्रुखाबाद। पिछली लोकसभा चुनाव में सपा बसपा गठबंधन के अलावा भाजपा, कांग्रेस और प्रसपा सहित कई निर्दलीय चुनाव लड़े थे। जिसमें भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत को दूसरी बार जनता ने 569880 मत देकर जिताया था। सपा बसपा गठबंधन के चलते बसपा चुनाव चिन्ह से पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल चुनाव लड़े। जिन्हे 348178 मत प्राप्त हुए थे। कांग्रेस सिंबल से पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद को 55258 मत प्राप्त हुए थे और प्रसपा से उदय पाल यादव को 9701 मत प्राप्त हुए थे। जबकि चुनाव लड़ रहे दली व निर्दलीय प्रत्याशियों को 7437 मतदाताओं ने नाकार दिया और नोटा का इस्तेमाल किया था। इस बार गठबंधन के रुप में इंडिया के सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य व भाजपा से दो बार के सांसद मुकेश राजपूत मैदान में है, तो वहीं बसपा ने बिना किसी से गठबंधन किये प्रत्याशी के रुप में क्रांति पाण्डेय को लड़ाया।

जनता द्वारा चुने गये अब तक जनप्रतिनिधि

1952	मूलचंद दुबे (ए)	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1952	वेंकटेश नारायण तिवारी (बी)	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	मूलचंद दुबे	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	मूलचंद भाई	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962'	राम मनोहर लोहिया	संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी
1967	अवधेश चंद्र सिंह राठौड़	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	अवधेश चंद्र सिंह चौधरी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	दया राम शाक्य	जनता पार्टी
1980	दया राम शाक्य	जनता पार्टी
1984	खुर्शीद आलम खान	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	संतोष भारतीय	जनता दल
1991	सलमान खुर्शीद	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1996	साक्षी महाराज	भारतीय जनता पार्टी
1998	साक्षी महाराज	भारतीय जनता पार्टी
1999	चंद्र भूषण सिंह	समाजवादी पार्टी
2004	चन्द्र भूषण सिंह	समाजवादी पार्टी
2009	सलमान खुर्शीद	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014	मुकेश राजपूत	भारतीय जनता पार्टी
2019	मुकेश राजपूत	भारतीय जनता पार्टी

खबरें एक नजर में

मायके में रह रही पत्नी को पीटकर दुधमुंहे पुत्र को छीन ले गया पति

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। पति से कहासुनी के बाद मायके में रह रही विवाहिता के साथ बीती रात पति ने आकर घर में घुसकर मारपीट की तथा 8 माह के पुत्र को छीन ले गया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर बरतल निवासी सपना देवी पत्नी दुर्वेश कुमार पुत्री राजकुमार ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी बीते 5 वर्ष पूर्व जनपद एटा के थाना नयागांव क्षेत्र के गांव में हुई थी। बीते आठ माह पूर्व पति से कहासुनी हो गई थी। उसके बाद पीड़िता अपने मायके गांव सलेमपुर में आकर रहने लगी थी, तभी पीड़िता के बताये अनुसार बीती रात उसका पति रात में घर में आया और घर में घुसकर उसने मारपीट की। मारपीट के उपरांत उसके आठ माह के पुत्र को भी छीनकर ले गया। तब पीड़िता थाने आई और थाना पुलिस को अपने पति दुर्वेश कुमार के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

सलमान खुर्शीद परिवार के साथ आज पितौरा में करेंगे मतदान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। 13 मई को पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद व उनकी पत्नी पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद कायमगंज में आकर मतदान करेंगे। उनके साथ उनके पुत्र उमर खुर्शीद भी दिल्ली से मतदान करने के लिए रवाना हो चुके है। वह कायमगंज पितौरा में मतदान करेंगे। यह जानकारी उनके निजी सचिव डा0 फरीद चुगताई ने दी है।

248 बूथों पर दो लाख 11 हजार 998 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

जालौन (उरई)। लोकसभा चुनावों के लिए तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। तहसील क्षेत्र के 248 बूथों पर दो लाख 11 हजार 998 मतदाता मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। निष्पक्ष व शांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए तहसील को पांच जोन व 45 सेक्टर में बांटा गया है। प्रशासन क्रिटिकल 21 बूथों समेत सभी बूथों पर उपलब्ध जन सुविधाओं की पूर्ण करने में जुटा हुआ है। तहसील क्षेत्र में दो विधानसभा क्षेत्र आते हैं। तहसील क्षेत्र में कुल 248 मतदेय स्थल है जिनमें कालपी विधानसभा क्षेत्र में 147 व उरई जालौन विधानसभा क्षेत्र में 101 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। कालपी विधानसभा में आठ व उरई जालौन विधानसभा में 13 बूथों को क्रिटिकल बूथ के रूप चयनित किया गया है जबकि बर्नेबल बूथ कालपी में एक व जालौन में दो चयनित किए गए। तहसील क्षेत्र को पांच जोन में बांटा गया है जिसमें कालपी क्षेत्र को 3 व उरई जालौन को 2 जोन में बांटा गया है। जिनमें पांच मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। तहसील क्षेत्र को 45 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें कालपी को 27 व जालौन को 18 सेक्टर में बांटा गया है। एसडीएम अतुल कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत छह मई को मतदाता सूची तैयार कर ली गई है। नई मतदाता सूची में कालपी विधानसभा में कुल एक लाख 21 हजार 659 मतदाता हैं जिसमें 65 हजार 850 पुरूष, 55 हजार 805 महिलाएं व चार थर्ड जेंडर के मतदाता है। उरई जालौन विधानसभा में 90 हजार 339 मतदाता हैं जिसमें 48 हजार 470 पुरूष, 41 हजार 868 महिलाएं व एक थर्ड जेंडर मतदाता है। नगर क्षेत्र में 13 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां पर नगर क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेगें। एसडीएम ने बताया कि इस बार तहसील क्षेत्र के 248 बूथों में से 130 बूथों पर ऑनलाइन बेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है जो सीधे चुनाव आयोग कार्यालय से जोड़े गए हैं। चुनावों को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा के लिए फोर्स चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है जो 13 मई से आना शुरू हो जाएगा।

रक्तरंजित मिले युवक के शव को लेकर पुलिस की पड़ताल जारी

जालौन (उरई)। ट्रैक्टर लेकर थ्रेसिंग करने गए युवक का शव खेत में रक्तरंजित अवस्था में खेत में मिलने के मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्धों को उठाया है। जिनसे पूछतांछ चल रही है। हालांकि अभी तक पुलिस हत्यारे का पता नहीं लगा सकी है। हालांकि पुलिस प्रेम प्रसंग समेत रंजिश आदि के पहलुओं को लेकर जांच में जुटी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांडरी निवासी आकाश उर्फ गोलू गुप्ता (28) पुत्र विजयनारायण गुप्ता गांव के कृष्ण कुमार के यहां ट्रैक्टर पर मजदूरी करता था। शुक्रवार की रात वह गांव के श्रीराम के खेत पर गेंहू की फसल की थ्रेसिंग के लिए गया था। रात करीब एक बजे वह गांव में आयोजित शादी समारोह में बारात देखने की बात कहकर वहां से चला आया था। इसके बाद शनिवार की सुबह उसका शव रक्त रक्तरंजित अवस्था में गांव के बाहर रतीराम के खेत से बरामद हुआ। शव को देखते ही पता लग रहा था कि किसी ने उसकी हत्या की है। उसके हाथ और पैरों में चोट के निशान के साथ ही सिर से भी खून निकल रहा था।

भगवान नहीं तो उनसे कम नहीं है सेवा करने वाली नर्सें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

स्वामी विवेकानंद कॉलेज आफ नर्सिंग सरैया में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां सरस्वती, नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटेंगल एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर तिलक व माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समस्त विद्यार्थियों ने नर्सों के सम्मान में नर्सिंग दिवस पर भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। डायरेक्टर डॉ0 सचिन दुबे ने बताया कि विभिन्न सरकारी एवं निजी चिकित्सालय में भर्ती मरीजों की देखरेख एवं सेवा में नर्सों की भूमिका महत्वपूर्ण है। कोरोनाकाल में जब लोग अपनों से दूर भाग रहे थे, तब नर्सों ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। नर्सिंग

नर्सिंग दिवस कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षु नर्सेस — समृद्धि न्यूज

स्टाफ के लिए अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस का दिन नया जज्बा लेकर आता है और उनके सम्मान में प्रतिवर्ष अभियान के रूप में मनाया जाता है। प्रथम नर्सिंग लेडी फ्लोरेंस नाइटेंगल नर्सों की हमेशा प्रेरणा स्रोत रही है, इसलिए नर्सिंग स्टाफ की जिम्मेदारी व उद्देश्य रहता है कि मरीजों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराएं। जिससे वे जल्दी ठीक होकर अपने परिजनों के पास पहुंचे, क्योंकि नर्स ही किसी की उम्मीद, आत्मविश्वास, जीवन की आशा है, वह संकल्प त्याग व कठिन परिश्रम की परिभाषा है। प्रबंधक अनुराग दुबे एवं अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री ने समस्त विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में समस्त स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विक्रांत सिंह राना ने डा. नवल किशोर को दिया समर्थन



डा. नवल किशोर शाक्य के साथ विक्रांत सिंह राना सरकार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा के जिला उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह राना ने समर्थन दिया। उनके निवास पर औपचारिक मुलाकात के दौरान डा0 नवल किशोर शाक्य का विक्रांत सिंह राना ने स्वागत कर उन्हें चुनाव जिताने की बात कही। विक्रांत सिंह राना ने कहा कि सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को समर्थन देता हूं। उन्होंने मेरे निवास पर आकर मुझसे मुलाकात की। अभी तक अन्य कोई प्रत्याशी मुझसे मिलने नहीं आया। जो उन्होंने अपने शब्दों से सम्मान दिया, जिसके लिए मैं उन्हें समर्थन देता हूं।

नुक्कड़ नाटक द्वारा यात्रियों को किया गया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ इज्जतनगर महादेवी वर्मा ग्रुप फतेहगढ़ की ओर से वरिष्ठ मण्डल संरक्षाधिकारी नीतू के दिये गये निर्देशानुसार गाइड छात्राओं के साथ ग्रुप लीडर किरन कुमार कश्यप ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा जागरुकता अभियान के तहत जागरुक किया। उन्होंने कहा कि सपनों के लिए बिना मेहनत की नींद चाहिए और लक्ष्य के लिए बिना नींद की मेहनत, ज्वलनशील पदार्थ (स्टोव, गैस सिलेण्डर, कैरोसिन, पैट्रोल, डीजल, विस्फोटक पदार्थ इत्यादि) धूम्रपान (बीड़ी, सिगरेट), पायेदान यात्रा, छत, वफर पर कपलिंग, पुल/चलती रेलगाड़ी में ए0सी0पी0 ना करें

जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व ग्रुप लीडर — समृद्धि न्यूज

केवल आपात स्थिति में ही ए0सी0पी0 का प्रयोग करें। दिव्यांगजन कोच में अनाधिकृत यात्रा ना करें। ट्रैक पासिंग/ ट्रैक के किनारे जानवर मवेशी ना चराये और ना ही ट्रैक को पार करें। रेलवे ट्रैक को पार करते समय कानों में एयरफोन का प्रयोग ना करें, इससे आपकी जान भी जा सकती है। सभी को रेल संरक्षण की जानकारी दी और जागरूक किया। साथ स्काउट गाइड के बच्चों ने यात्रियों को समझाया और बताया कि आप लोग और लोगों को भी रेल संरक्षण के बारे में बताएं। इस दौरान ग्रुप लीडर किरन कुमारी कश्यप गाइड कैप्टन, ज्योति शुक्ला और साथ ही आरपीएफ और स्टेशन कार्यालय अधीक्षक आदि मौजूद रहे।

शोतोकान कराटे के प्रतिभागियों का कलर बेल्ट प्रतियोगिता में हुआ प्रमोशन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

आवास विकास स्थित ओम कराटे एकडेमी से संबद्ध नेशनल शोतोकान कराटे एसोसिएशन के द्वारा बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। लगभग 40 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि चीफ इंस्ट्रक्टर एण्ड टेनिकल डायरेक्टर पारज भारद्वाज ने प्रमोशन बेल्ट व टेस्ट प्रतियोगिता के परिणाम वितरित करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षक योगेन्द्र शर्मा, अरविन्द कुमार ने कहा कि छात्र मेहनत करें और आगे बढ़े। येलो बेल्ट शुभम, निधि, ईशानवी शुक्ला, सानिध्य

प्रमाण पत्र के साथ कलर बेल्ट के प्रतिभागी — समृद्धि न्यूज

ने प्राप्त की। अभय सिंह व इंडिर्या, इलेक्स, विहान वर्धन ने औरेंज बेल्ट प्राप्त की। केशव पाठक व दिव्यांशी ने ग्रीन बेल्ट में प्रमोशन हुआ।

ईवीएम, वीवीपैट के कमीशनिंग कार्यों का निरीक्षण कर लिया जायजा

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल कराने के लिए कालपी रोड नवीन गल्ला मंडी में पहुंचकर ईवीएम एवं वीवीपैट के कमीशनिंग कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए इस कार्य हेतु ड्यूटी में लगे अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गोपनीयता बनाए रखते हुए कमीशनिंग का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।

45-जालौन, गरौठा, भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य किया जा रहा है। कमीशनिंग कार्य के लिए प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

धार्मिक जलसे में आयीं महिलाओं के अराजकतत्वों ने पार किये जेवरात

कालपी (जालौन)। शनिवार शाम जंगल किनारे आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में प्रसाद वितरण में उमड़ी भीड़ का फायदा उठा अराजकतत्वों ने महिलाओं के जेवर पार कर दिए। पीड़ितों ने इस मामले की शिकायत पुलिस से नही की है। सूत्रों के अनुसार यमुना पटटी स्थित ग्राम कीरतपुर के पास स्थित धार्मिक स्थल पर क्षेत्र के लोगों ने यज्ञ का आयोजन किया था जिसमें भाग लेने के लिए आसपास क्षेत्र मगरौल, कीरतपुर, द्वारिकापुरी, पड़री, देवकली, मैनूपुर, हीरापुर, गुढ़ा खास एवं शेखपुर गुढा एवं कालपी नगर के बडी संख्या में आस्थावान महिलाए एवं पुरूष धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुचते थे। इस धार्मिक कार्यक्रम का शनिवार को समापन था जिसके चलते कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ थी और इसी दौरान प्रसाद वितरण के दौरान भीड़ के चलते अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था और जब माहौल शान्त हुआ तब तक कई महिलाओ के गले सूने हो चुके थे। सूत्रों की माने तो सावित्री पत्नी सुरेन्द्र सिंह की एक तोला सोने की माला तो कुँवर सिंह पाल, रतनपाल निवासी द्वारिकापुरी की पुत्रियों की सोने की माला के साथ सन्त पाल की पत्नी की सोने की जंजीर के साथ बाबू सिंह पाल की पत्नी विमला का सोने का हार सहित अन्य कई महिलाओं के जेवर गायब हो चुके थे। जिसके चलते कार्यक्रम स्थल पर अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था। इस घटना की जानकारी मिलने पर लोगों ने संदिग्ध लोगों की तलाश भी की लेकिन भीड़ के चलते वह पकड़ में नही आ सके थे। वही धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुई छीनाछपटी से महिलाए दहशत में आ गयी है हालांकि इस मामले की शिकायत किसी ने भी पुलिस से नहीं की है। वही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के अनुसार उन्हे इस मामले का संज्ञान नही है कोई शिकायत करता है तो मामले की जांच की जाएगी।

मदर्स-डे — जो मांगू वो दे दिया, कर ये जिंदगी तू, बस मेरी मां जैसी बन जा

माताओं की चरण वंदना कर लिया आशीर्वाद, काटा केक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

मदर्स-डे पर जनपद के लोगों ने अपनी माताओं से आशीर्वाद लिया। मां ने अपने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए लम्बी उम्र की कामना की। बच्चों ने मां के पैर छुए और उपहार देकर मदर्स-डे मनाया। शिक्षक शिवम अग्निहोत्री ने अपनी मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। पल्लवी पाण्डेय ने अपनी मां संध्या पाण्डेय को उपहार ग्रीटिंग कार्ड बनाकर दिया। साथ ही यश पाण्डेय ने अपनी माता को मदर्स-डे पर अपने हाथों से कार्ड सजाया और उन्हें भेंट किया। अर्चना पाण्डेय

अपनी मां के साथ शिवम व पल्लवी पांडेय एवं यश पांडेय, इशिका व अनुष्का — समृद्धि न्यूज

ने यश को आशीर्वाद दिया। साथ ही केक काटकर मदर्स-डे मनाया गया। फर्रुखाबाद मोहल्ला पल्ला निवासी सरिता कश्यप की बेटी इशिका कश्यप व अनुष्का कश्यप ने अपनी मां के साथ मदर्स-डे मनाया और उपहार में चाकलेट भेंट कर मुहं मीठा कराया।

बच्चे की प्रथम गुरु मां होती है। उसके जन्म से लेकर युवा वर्ग तक वह ध्यान रखती है। जैसे पौधे को सींचा जाता है, उसका ध्यान रखा जाता है। उसी तरह मां अपने बच्चे का ध्यान रखकर पल-पल ख्याल रखती है। ईश्वर की अदालत होती है, उसी तरह मां की भी अदालत होती है। मां अपने बच्चे का ध्यान रखती है, किस समय नींद लगती है, किस समय खाना देना है। पृथ्वी पर मां का एक अनोखा रिश्ता है, जो संतान को किसी भी परिस्थिति में अकेला नहीं छोड़ सकती है। मां की सेवा से दुनिया की सभी जन्नत है। जिस व्यक्ति ने मां की सेवा कर ली, उसे सारे सुख घर में ही नसीब हो जाते है। मदर्स-डे के सुनहरे पल को बच्चे व युवाओं ने अपनी मां के साथ गिफ्ट दिया व पैर छूकर आशीर्वाद लिया। साथ ही सोशल मीडिया पर लोगों ने अपनी मां के साथ तस्वीरे साझा की। देर रात तक मदर्स-डे घरों में मनाया गया। साथ ही लजीज व्यंजन का भी मां ने बच्चों को स्वाद दिलाया।

गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार विनोद सोनकर के समर्थन में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

पीओके भारत का है, हम उसे लेकर रहेंगे

समृद्धि न्यूज

प्रतापगढ़। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का है, उसे हम लेकर रहेंगे। मणिशंकर अय्यर और फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करो क्योंकि इनके पास एटम बम है, पीओके मत मांगिए। राहुल गांधी, आपको एटम बम से डरना है तो डरिए, हम नहीं डरते।

अमित शाह महेशगंज स्थित नायर देवी धाम में कौशांबी सी से भाजपा उम्मीदवार विनोद सोनकर के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। गृहमंत्री ने कहा कि विपक्ष को सिर्फ वोटबैंक की चिंता है। शहजादे कहते हैं हम आएंगे तो 370 वापस लाएंगे। कांग्रेस ने 70 साल तक राम मंदिर को लटकाकर रखा। मोदी ने पांच साल में ही मंदिर का भूमिपूजन भी किया और राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी। सबको निमंत्रण भेजा गया लेकिन कोई प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए के जीतने की कोई संभावना नहीं। उत्तर प्रदेश में सपा, बसपा और कांग्रेस का सूपड़ा साफ करना है और मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने का काम मोदी ने किया। बाबा विश्वनाथ का दरबार भी मोदी ने फिर से बनाने का काम किया। मोदी ही उत्तर प्रदेश का विकास कर सकते हैं। एक-एक वोट मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के काम आएगा। गृहमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी, तब गरीबों की जमीनों पर गुंडे कब्जा कर लेते थे। यहां गुंडों और माफिया का राज था, जनता परेशान थी। आपने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई।

400 पार के आंकड़े की ओर बढ़ रहे पीएम मोदी : जयराम ठाकुर

शिमला। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि अभी देश में चुनाव चल रहे हैं, पूरे वोट नहीं पड़े है, मतगणना हुई नहीं है लेकिन देशवासियों ने अभी से यह तय कर लिया है कि अबकी बार मोदी चार सौ पार कर केंद्र में दोबारा से भाजपा की सरकार बनाएंगे। अभी परिणाम आने में लंबा समय है लेकिन दुनिया के राष्ट्राध्यक्षों में आज होड़ मची है कि शपथ ग्रहण के बाद नरेन्द्र मोदी सबसे पहले उनके देश में आए। जयराम ठाकुर रविवार को शिमला के चौड़ा मैदान में भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस समाप्त हो रही है आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी खोजे नहीं मिलेगी। जयराम ने कहा कि यह देश की राजनीति में पहली बार हो रहा है कि पीएम मोदी के प्रति समय के साथ-साथ भरोसा बढ़ता जा रहा है। प्रो-इनकम्बेंसी की लहर चल रही है। हर बार के चुनाव में देश के लोग नरेन्द्र मोदी को और ज्यादा स्नेह और समर्थन देते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपना संपूर्ण जीवन देश की सेवा में समर्पित किया है। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस के नेताओं को आड़ें हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कहते है कि चलते संस्थान बंद करना भी हिम्मत का काम है। 10 हज़ार युवाओं को एक झटके में नौकरी से निकाल दिया। इसी चौड़ा मैदान में हज़ारों युवा महीनों तक बर्फ और बरसात में अनशन करते रहे। अपनी नौकरी के परिणाम जारी करने के लिए इस चौड़ा मैदान पर महीनों डेरा लगाया सरकार ने धरना देने पर ही रोक लगा दी।

इंडिया समूह की सरकार बनने पर सभी लोगों का होगा मुफ्त इलाज : केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश के सभी लोगों का मुफ्त इलाज सुनिश्चित कराने समेत दस गारंटी की घोषणा करते हुए कहा कि इंडिया समूह की सरकार बनने पर वह अपने सहयोगी दलों से इसे पूरा करवायेंगे।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का कोई भरोसा नहीं लेकिन केजरीवाल की गारंटी पर सभी को भरोसा है। उन्होंने दिल्ली और पंजाब में लोगों को जो गारंटी दी है उसे पूरा करके दिखाया है लेकिन प्रधानमंत्री ने हर साल दो करोड़ लोगों नौकरी देने और हर नागरिक के खाते में पंद्रह लाख देने समेत किसी भी गारंटी को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इंडिया समूह की सरकार बनने पर देश भर में चौबीस घंटे बिजली का इंतजाम करेंगे। बिजली की मांग से अधिक उत्पादन करने की क्षमता है और इसे हम करके दिखायेंगे। उन्होंने कहा कि देश भर के गरीबों को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त देंगें। श्री केजरीवाल ने कहा कि अगर किसी देश के अंदर शिक्षा की कमी है तो वह देश आगे नहीं बढेगा। इंडिया समूह की सरकार बनने पर देश के सभी सरकारी स्कूलों को शानदान बनायेंगे और बच्चों को अच्छी शिक्षा देंगे। उन्होंने कहा कि अगर देश की जनता स्वस्थ्य होगी तो देश की तरक्की होगी।सभी के लिए अच्छे इलाज का इंतजाम किया जाएगा। देश के सभी लोगों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। देश भर में मोहल्ला क्लिनिक, अस्पताल बनाया जाएगा ताकि लोग अच्छा इलाज पा सकें। उन्होंने कहा कि और चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया लेकिन हमारी सरकार नहीं मानती है। लोगों से छुपाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। चीन के कब्जे से सारी जमीन को वापस लायेंगे। इसके लिए कूटनीति के साथ सेना को भी स्वतंत्रता देंगे। श्री केजरीवाल ने कहा कि अग्निवीर योजना को बंद किया जाएगा। अब तक जो अग्निवीर योजना के तहत सेना में भर्ती में भर्ती हुए हैं उन्हें पक्का किया जाएगा।

बुलडोजर नीति का मैं विरोधी, घर बड़ी मुश्किल से बनता है : बृज भूषण

समृद्धि न्यूज

गोंडा। जिले की कैसर गंज लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बेटे करण सिंह के प्रचार के दौरान अपनी ही सरकार की नीतियों पर सवाल उठाया हैं। उन्होंने कहा कि मेरे से गोरखपुर में बुलडोजर नीति को लेकर सवाल पूछा गया तो मैंने इसका विरोध किया था, मैं पहले भी कह चुका हूं कि बुलडोजर की नीति सही नहीं है, क्योंकि घर बड़ी मुश्किल से बनता है।

उन्होंने कहा इस धर्मयुद्ध में आप के साथ की जरूरत है ताकि जब इतिहास लिखा जाय तो आप का भी नाम नेताजी के साथ जुड़ा रहे। सांसद ने इस दौरान कहा कि किसी कमजोर के हक को दिला देना बगावत है, अगर सच्चाई का गीत गाना ही बगावत है तो हम बागी हैं मेरा मजहब बगावती है, सच्चाई नहीं छोड़ सकता हूं, मेरे भाइयों मैं मुस्लिम समाज के लोगों के घर चुपके से नहीं जाता हूं। ये मैं खुले मंच से कह रहा हूं कुछ नेता चोरी छिपे मुस्लिमों के घर जाते है। इस बार मुस्लिम समाज ने भी मन बना लिया है कि मोदी तीसरी पीएम बने। सबसे पहले तो यह जान लीजिए कि बुलडोजर संबंधी कार्रवाई अवैध संपत्तियों पर ही होती है। मूल रूप से इसके दो कारण सामने आते हैं। पहला यह कि संपत्ति सरकारी जमीन पर कब्जा करके बनाई गई हो। दूसरा यह कि कोई अपराधी फरार हो या सरेंडर ना कर रहा हो, तब उसकी संपत्ति पर कुर्की का आदेश दिया जाता है। जब किसी व्यक्ति ने सरकारी जमीन पर कब्जा करके संपत्ति बनाई हो तब उसे ध्वस्त करने से पहले नोटिस भेजा जाता है, जिस दिन बुलडोजर चलाया जाता है उस दिन उस जगह के आस-पास के क्षेत्र में लगभग 1 किमी तक पुलिस फोर्स तैनात की जाती है, जानकार बताते हैं कि इस मामले में व्यक्ति को नोटिस भेजा जाता है।

पीएससी घोटाले में सीबीआई जांच के निर्णय से भगदड़

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासनकाल में हुए पीएससी घोटाला को लेकर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रविवार को एक बड़ा खुलासा किया है। पीएससी की जांच को लेकर कांग्रेस के बयान पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस को सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है।

छत्तीसगढ़ के युवा भाई-बहनों के साथ धोखा किया गया है। भाजपा ने सरकार बनते ही सीबीआई जांच का निर्णय लिया। जांच की प्रक्रिया चल रही है। कई लोग घबराए हुए हैं। कई लोगों के देश छोड़ने की खबरें भी आ रही हैं। ऐसी स्थिति में कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। ओडिशा दौर को लेकर कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी संगठन के निर्देश के अनुसार कार्य करती है। छत्तीसगढ़ में अलग-अलग लोकसभा सीटों को लेकर परिश्रम किया गया। अब ओडिशा में संगठन के निर्देश अनुसार जिम्मेदारी पूरा करेंगे। अब दूसरे राज्यों की जिम्मेदारी दी गई है, जिसे पूरा करने का लक्ष्य है।

राज्यपाल ने बाबा केदार और भगवान बदरी विशाल के किए दर्शन

केदारनाथ/बदरीनाथ। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) रविवार को धाम पहुंचकर बाबा केदारनाथ और भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए। राज्यपाल ने चार धाम को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए सभी से सामूहिक प्रयास करने की अपील। इस दौरान बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। राज्यपाल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहले केदारनाथ धाम पहुंचे। बाबा केदारनाथ का रुद्राभिषेक कर बाबा की विशेष पूजा अर्चना कर विश्व एवं जन कल्याण के लिए कामना की। पूजा-अर्चना के बाद राज्यपाल ने मंदिर प्रांगण में खड़े श्रद्धालुओं का अभिवादन कर बाबा केदार के जयकारे भी लगवाए। उन्होंने श्रद्धालुओं से रूबरू होते हुए उनकी यात्रा और व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। राज्यपाल ने जिलाधिकारी और श्रद्धालुओं से वार्ता करते हुए केदारनाथ धाम व पूरी यात्रा को प्लास्टिक फ्री बनाने का सभी से आह्वान किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से बात कर यात्रा मार्ग में प्लास्टिक के उपयोग न करने की अपील की। उन्होंने जिलाधिकारी को इस ओर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

मातृ दिवस के अवसर पर स्कूल के बच्चों ने पोस्टर बनाकर अपनी अपनी मां को अपना प्यार जताया।

समृद्धि न्यूज

भृगु पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मातृ दिवस

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। रविवार को भृगु पब्लिक स्कूल, लाल पुरवा निकट दयाल फैक्ट्री, फैजाबाद, रोड लखनऊ में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों व बच्चों की माताओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें बच्चों ने अपनी-अपनी माताओं का तिलक कर व मिष्ठान खिलाकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर निबन्ध प्रतियोगिता, कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता तथा बच्चे अपनी माताओं के साथ रैम्प वॉक करते नज़र आए जिसमें उन्होने नृत्य एवं गायन का खूब आनन्द लिया। जिसमें बच्चों एवं उनकी माताओं ने खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति अपने विचार व्यक्त किये और माताओं ने अपने बच्चों के प्रति अपने विचार एवं यादें साझा की। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋतु मिश्रा व प्रबन्ध तंत्र द्वारा बच्चों की माताओं को उपहार भेंट कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

मुस्लिम लीग की भाषा बोल रहे हैं उद्धव और इंडी अघाड़ी के नेता : भाजपा

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता एवं विधायक नीतेश राणे ने रविवार को कहा कि उद्धव ठाकरे और इंडी अघाड़ी के नेता इस समय मुस्लिम लीग जैसी ही भाषा बोल रहे हैं। यह भाषा देश में नहीं है। नीतेश राणे ने रविवार को मुंबई में पत्रकारों से कहा कि उद्धव ठाकरे और इंडी अघाड़ी के नेताओं की भाषा देश के लिए खतरे की घंटी है। उद्धव ठाकरे की ओर से प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हमेशा की जा रही आलोचना देश के नागरिकों को बर्दाश्त नहीं हो रही है। उद्धव ठाकरे और इंडी अघाड़ी के हाल ही के भाषणों से लगने लगा है कि यह लोग कर्नाटक पैटर्न पूरे देश में लागू करना चाहते हैं। इससे राज्य एसटी, एससी और ओबीसी का हक छीना जा सकता है। भाजपा उद्धव ठाकरे की इस कुटिल साजिश को सफल नहीं होने देगी। नीतेश राणे ने कहा कि एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए के सभी घटक दल देशभक्ति से प्रेरित होकर लोगों को देश को सुरक्षित रखने का भरोसा दिलाते हैं।

चुनाव में अत्यधुनिक उपकरणों से लैस नालंदा के 15 चेक पोस्ट

बिहारशरीफ। सातवें चरण में नालंदा में लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में नालंदा पुलिस कॉन्फिडेंस के साथ अपने तय प्लान को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। किसी भी स्तर से किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। नालंदा के पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि लोकसभा चुनाव को लेकर जो अहम जिम्मेदारी संबंधित पुलिस आफिसर्स को सौंपी गई है,उसका पालन कर्तव्य निष्ठा के साथ पूरा करना है। एसपी ने कहा कि किसी भी थानाध्यक्ष के खिलाफ किसी तरह की शिकायत पुलिस मुख्यालय को प्राप्त होती है तो उसकी जांच कराई जाएगी। जांच में दोष सिद्ध पाए जाने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा। अत्याधुनिक उपकरणों से लैस जिले के 15 चेक पोस्ट नालंदा जिला में अत्याधुनिक उपकरणों से लैस कल 15 चेक पोस्ट बनाए गए हैं। संबंधित चेक पोस्ट पर पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है।